निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, 22 जून 2025 रविवार • वर्ष : 09 • अंक : 36 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


### देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

1870 : अमेरिकी कांग्रेस ने संयुक्त राज्य अमेरिकी न्याय विभाग की स्थापना की।
1900 : भारतीय स्वतंत्रता सेनानी गणेश घोष का जन्म हुआ।
1939 : नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने कांग्रेस से अलग होकर फॉरवर्ड ब्लॉक की स्थापना की।
2002 : ईरान में आये भीषण भूकम्प में 500 से अधिक लोगों की मौत।
2005 : पूरा ईराक विश्व धरोहर सूची में शामिल।
2007 : सुनीता विलियम्स अपनी टीम के साथ धरती पर लौटीं।

# झारखंड में चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों की बहाली पर सीएम ने लगायी रोक

## बिहार की नियमावली से होगा नुकसान, नई नियमावली बनाने का निर्णय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर/ रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पलामू जिले में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगा दी है। यह कदम वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की ओर से उठाई गई चिंताओं के बाद लिया गया। वित्त मंत्री ने कैबिनेट बैठक में इस मुद्दे को उठाया था। उन्होंने मुख्य सचिव अलका तिवारी से चर्चा की और फिर मुख्यमंत्री से मिलकर स्थिति से अवगत कराया। राधाकृष्ण किशोर ने बताया कि राज्य में चतुर्थ श्रेणी पदों पर नियुक्ति के लिए कोई नियमावली नहीं है। वर्तमान में बिहार सरकार की नियमावली का उपयोग किया जा रहा है, जो झारखंड के लोगों के हित में नहीं है। हर साल हजारों युवाओं को रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में जाना पड़ता है। पलामू में पहले चतुर्थ श्रेणी की नियुक्तियां लिखित परीक्षा के आधार पर होती थीं, लेकिन इस बार अंकों के आधार पर नियुक्ति का प्रावधान किया गया है। कुछ समय पहले हुई चौकीदार की बहाली भी लिखित परीक्षा से हुई थी। वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि हर साल हजारों युवाओं को रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में जाना पड़ता है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि नई व्यवस्था बनाई जाए। इससे राज्य के सभी जिलों के स्थानीय युवाओं को चतुर्थ श्रेणी पदों पर रोजगार का अवसर मिल सकेगा। सरकार जल्द ही इस संबंध में नई नियमावली तैयार करेगी। मालूम हो कि फोर्थ ग्रेड में नियुक्ति से संबंधित नोटिफिकेशन उपायुक्त स्तर पर जारी होने के बाद से ही इस पर विवाद शुरू हो गया है। इस नियुक्ति को पूरे देश के अभ्यर्थियों के लिए खुला रखा गया है और मैट्रिक के अंक के आधार पर मेरिट लिस्ट बनाया जाना था। युवा स्थानीय के लिए फोर्थ ग्रेड को आरक्षित करने और परीक्षा लेकर नियुक्ति की मांग कर रहे थे।



# ईरान से 310 और नागरिक भारत पहुंचे

**नई दिल्ली (नबिटा ब्यूरो)।** ईरान और इजराइल संघर्ष के बीच ऑपरेशन सिंधु के तहत अब तक कुल 827 भारतीयों को निकाला गया है। मशहद से एक और प्लेन शनिवार शाम 4.30 बजे 310 नागरिकों को लेकर नई दिल्ली पहुंचा। इससे पहले शुक्रवार देर रात 290 भारतीय नागरिक दिल्ली लौटे। इनमें से ज्यादातर कश्मीर के छात्र हैं। इसके अलावा कुछ यात्री दिल्ली, हरियाणा, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल से भी हैं। शुक्रवार देर रात 2 बैच में 407 भारतीय लौटे। देर रात 10:30 बजे की फ्लाइट में 190 कश्मीरी छात्रों समेत 290 और देर रात 3 बजे की फ्लाइट में 117 लोग थे। 19 जून को 110 छात्र आर्मेनिया और दोहा के रास्ते भारत पहुंचे थे। एक और फ्लाइट शनिवार शाम तक आने की संभावना है। ईरान से दिल्ली पहुंचे इन यात्रियों ने एयरपोर्ट पर 'वन्दे मातरम' और 'भारत माता की जय' के नारे लगाए। इस दौरान कुछ लोग भावुक भी हो गए। उनकी आंखों में आंसू थे, तो कुछ ने जमीन पर माथा टेककर शुक्रिया भी अदा किया। तेहरान के इमाम खोमैनी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से 290 भारतीय नागरिकों को लेकर माहान एयर के इस विमान ने (फ्लाइट नंबर डब्ल्यू 5071) भारतीय समयानुसार शुक्रवार शाम 6:30 बजे नई दिल्ली के लिए उड़ान भरी थी।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भारतीय रेल का राष्ट्रव्यापी भव्य आयोजन

- चिनाब, अंजी और पांबन ब्रिज पर भी हुआ अद्भुत योग सत्र
- योग को समर्पित एक विशेष इएमयू ट्रेन भी चलाई गई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय रेल ने पूरे देश में भव्य और उत्साहपूर्ण योग सत्रों का आयोजन किया। योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ की भावना को आत्मसात करते हुए यह आयोजन देश के सभी रेल ज़ोन, मंडल, स्टेशनों और रेल परिसरों में हुआ। इस मौके पर रेल राज्य मंत्री वी. सोमन्ना ने कर्नाटक के हासन में और रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने चंडीगढ़ के सुखना लेक किनारे योग सत्र में हिस्सा लिया। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार नई दिल्ली स्थित करनैल सिंह स्टेडियम में आयोजित योग सत्र में शामिल हुए। इस वर्ष आयोजन की विशेष बात यह रही कि योग न केवल स्टेशनों और कार्यालय परिसरों में हुआ बल्कि भारतीय रेल की प्रतिष्ठित, ऐतिहासिक और इंजीनियरिंग दृष्टि से अद्वितीय संरचनाओं पर भी संपन्न हुआ। पहली बार जम्मू और कश्मीर के चिनाब नदी पर स्थित दुनिया के सबसे ऊंचे रेल आर्च ब्रिज चिनाब ब्रिज पर भी विशेष योग सत्र आयोजित किया गया, जो भारतीय रेल के आत्मविश्वास और आयोजन क्षमता का प्रतीक बना। साथ ही भारत के पहले केबल स्टेड रेल ब्रिज अंजी ब्रिज और तमिलनाडु में बने देश के पहले वर्टिकल लिफ्ट रेल ब्रिज पांबन पर भी योग सत्र का आयोजन किया गया, जो योग और इंजीनियरिंग की अद्भुत संगति का प्रतीक बना। इसके साथ पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में योग को समर्पित एक विशेष इएमयू ट्रेन सेवा भी चलाई गई। इस ट्रेन के कोचों पर योग मुद्राओं और उनके लाभों को चित्रित किया गया, जिससे यात्रियों के बीच जागरूकता बढ़ाई जा सके। देश के अलग-अलग हिस्सों में हुए योग सत्र में रेलवे के अधिकारियों, कर्मचारियों, रेल सुरक्षा बल, स्काउट्स एंड गाइड्स, स्कूली छात्र-छात्राओं, जनप्रतिनिधि तथा बडी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। योग सत्र के इन सत्रों में आसनों के साथ-साथ प्राणायाम, ध्यान और योग के जीवनदायिनी पहलुओं पर भी प्रकाश डाला गया। भारतीय रेल ने इस आयोजन के माध्यम से न केवल अपने कर्मचारियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया बल्कि समाज के व्यापक वर्ग को भी योग के प्रति जागरूक किया।

# दक्षिण पूर्व रेलवे ने उत्साहपूर्वक मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोलकाता।** दक्षिण पूर्व रेलवे ने शनिवार को 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया। इस वर्ष योग दिवस की थीम रही - एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग, जिसके माध्यम से योग को वैश्विक स्वास्थ्य और शांति के साधन के रूप में प्रस्तुत किया गया। मुख्य कार्यक्रम दक्षिण पूर्व रेलवे मुख्यालय, गार्डनरीच के अधिकारी क्लब में आयोजित हुआ, जहां महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने दीप प्रज्वलन कर योग सत्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक सौमित्र मजूमदार, सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। योग सत्र में ''द आर्ट ऑफ लिविंग, कोलकाता सेंटर'' के विशेषज्ञ प्रशिक्षकों ने कॉमन योगा प्रोटोकॉल (सीवाईपी) के तहत प्रतिभागियों को विभिन्न योग अभ्यास कराए। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इस सत्र में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योग दिवस संबोधन का सीधा प्रसारण भी किया गया। योग अभ्यास के दौरान प्रशिक्षकों ने योग के लाभों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि योग न केवल तनाव और चिंता को कम करता है, बल्कि मानसिक शांति और शारीरिक सुदृढ़ता भी प्रदान करता है। नियमित योग अभ्यास से शरीर लचीला, सक्रिय और रोगों से लड़ने में सक्षम बनता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस दक्षिण पूर्व रेलवे के सभी चार मंडलों खड़गपुर, आद्रा, चक्रधरपुर और रांची में भी मनाया गया, जहां मंडल स्तर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिजनों को योग के प्रति जागरूक किया गया। दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा आयोजित यह आयोजन स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने की दिशा में एक सार्थक पहल के रूप में देखा जा रहा है।



# महिलाओं की शिकायतों की सुनवाई के लिए लगेगा कैंप

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार राज्य महिला आयोग में 7000 से अधिक मामले लंबित पड़े हुए हैं। महिला संबंधित मामलों की सुनवाई और समाधान को लेकर आयोग की ओर से महिला आयोग आपके द्वार विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसकी शुरुआत 26 जून से होगी। पहली कड़ी में 4 जिलों में कैंप लगाया जाएगा। इन कैंपों में महिलाओं की समस्याएं सुनी जाएंगी। उन्हें कानूनी और सामाजिक अधिकारों के प्रति जागरूक भी किया जाएगा। महिला आयोग की अध्यक्ष अप्सरा ने बताया कि बेगूसराय में 26 व 27 जून, मधुबनी में 3 व 4 जुलाई, सीतामढ़ी में 10 व 11 जुलाई, दरभंगा में 17 एवं 18 जुलाई को कैंप लगाए जाएंगे।

# योग भारत की अमूल्य देन : सुदीप नाग

## एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय के कोलकाता कार्यालय में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोलकाता।** भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित योग प्रोटोकॉल के अनुसार एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय ने आज कोलकाता स्थित क्षेत्रीय कार्यालय परिसर में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (पूर्व-1), सुदीप नाग ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की। अपने संबोधन में श्री नाग ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवारजनों को योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग भारत की अमूल्य देन है, जो न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक शांति और कार्यक्षमता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सभी को अपने व्यस्त जीवन में से प्रतिदिन कुछ समय योग के लिए अवश्य निकालना चाहिए ताकि स्वस्थ और संतुलित जीवन जिया जा सके। उन्होंने कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे अपनी दिनचर्या में योग को शामिल कर सकारात्मक सोच और ऊर्जावान कार्य संस्कृति को आगे बढ़ाएं। कार्यक्रम का संचालन आर्ट ऑफ लिविंग के योग शिक्षक संदीप चैटर्जी एवं सोहिनी चक्रवर्ती ने किया। उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों को आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित योग प्रोटोकॉल के अनुरूप विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियाँ कराईं तथा उनके लाभों पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) अनिल कुमार चावला सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### वज्रपात से दो की मौत

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में भारी बारिश और तूफान के बीच वज्रपात से दो लोगों की मौत हो गई। यह घटना शनिवार को दोपहर बाद भगवानपुर थाना क्षेत्र के जोकिया पंचायत और नौला पंचायत में घटी है। मृत युवक की पहचान नौला निवासी कृष्ण मुरारी पासवान एवं किया पंचायत के वार्ड नंबर 8 निवासी सरस्वती कुमारी के रूप में हुई है। टना के बाद स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की मदद से पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया में जुटी है।

### ट्रक की ठोकर से एक भाई की मौत, दूसरा घायल

**समस्तीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** अंगार घाट थाना क्षेत्र के राजेश्वर चौक के पास ट्रक की ठोकर से एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जितवारपुर चौथ टाड़ा गांव निवासी प्रियांशु कुमार के रूप में की गई है जबकि जख्मी का नाम गोलू कुमार है। घटना की सूचना के बाद पहुंची अंगार घाट थाने की पुलिस ने मृतक के शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### फुलौत थाना में तैनात हवलदार ने की आत्महत्या

**मधेपुरा(नबिटा ब्यूरो)।** चौसा प्रखंड अंतर्गत फुलौत थाना में तैनात हवलदार के शुक्रवार रात आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान वकील सिंह के रूप में हुई है। वे मूल रूप से छपरा के मसरख थाना क्षेत्र के निवासी थे। मृतक वकील सिंह पिछले छह माह से फुलौत थाना में ही सेवा दे रहे थे। फुलौत थाना के सामने स्थित पशु चिकित्सालय परिसर में ही अस्थायी रूप से रह रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही उदाकिशुनगंज एसडीपीओ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल को सील कर दिया है।

## बिहार विधानसभा चुनाव से पहले बिहार के मुख्यमंत्री का बड़ा ऐलान

# जुलाई से विधवा, वृद्धा व दिव्यांगों को प्रतिमाह पेंशन के रूप में मिलेंगे 1100 रुपये : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की राशि को करीब तीन गुना बढ़ा दिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खुद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने इसका ऐलान किया है। प्रदेश के लाखों सामाजिक सुरक्षा पेंशन लाभार्थियों को मिलने वाली मासिक पेंशन राशि में बंपर बढ़ोतरी की गई है। पहले जहां लाभार्थियों को 400 रुपए मिलते थे वहीं अब उन्हे 1100 रुपये हर माह मिलेंगे। यह बढ़ी हुई पेंशन राशि जुलाई 2025 से लाभार्थियों के खातों में पहुंचना शुरू हो जाएगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक्स पर लिखा- मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत विधवा महिलाओं, वृद्धजनों और दिव्यांगजनों को अब हर महीने 400 रुपए की जगह 1100 रुपए पेंशन मिलेगी। सभी लाभार्थियों को जुलाई महीने से पेंशन बढ़ी हुई दर पर मिलेगी। सभी लाभार्थियों के खाते में यह राशि महीने की 10 तारीख को भेजना सुनिश्चित किया जाएगा। इससे 1 करोड़ 9 लाख 69 हजार 255 लाभार्थियों को काफी मदद मिलेगी। माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस फैसले से समाज के कमजोर और वंचित वर्गों का उत्थान होगा। सामाजिक सुरक्षा पेंशन में यह वृद्धि बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांगों को किसी भी प्रकार की आर्थिक कठिनाई का सामना करने से निजात दिलाएगा। इसके साथ ही सरकार ने राज्य की हर पंचायत में विवाह भवन बनाने का भी फैसला लिया है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक कार्यक्रमों के लिए सुविधाएं बेहतर होंगी। बिहार सरकार के इन फैसलों को न सिर्फ सामाजिक दृष्टि से अहम माना जा रहा है बल्कि आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र एक मजबूत राजनीतिक संदेश के रूप में भी देखा जा रहा है। इस बढ़ोतरी से प्रदेश के लाखों परिवारों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। बढ़ी हुई पेंशन राशि से लाभार्थी अपनी रोजाना की जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ स्वास्थ्य और अन्य आवश्यक खर्चों के लिए भी अधिक सक्षम हो सकेंगे। यह कदम राज्य में गरीबी उन्मूलन और सामाजिक समानता की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हो सकता है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस फैसले को बिहार के लिए ऐतिहासिक दिन बताया और कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जनभावनाओं का सम्मान किया है। यह निर्णय जनता के प्रति सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाता है। वहीं, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने भी सरकार की सराहना करते हुए कहा कि लोगों की मांग थी कि कम से कम 1000 पेंशन मिले लेकिन सरकार ने उससे भी बढ़कर 1100 देने का निर्णय लिया है। बता दें कि विपक्षी दल खासकर राजद और कांग्रेस विधानसभा चुनाव को देखते हुए लोकलुभावन वादे जनता से कर रहे थे।



# रिश्वत लेते निदेशक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** गिरिडीह में धनबाद सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक सह बैंक ऑफ इंडिया के सीनियर मैनेजर अभिषेक कमल को 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया। संस्थान में कैंटिन चलाने वाले मृत्युंजय पांडेय की ओर से शिकायत की गई थी। संस्थान के कैंटीन संचालक ने सीबीआई को बताया कि संस्थान में प्रशिक्षण कार्य के लिए उनका 2 लाख 42 हजार रुपए का पेमेंट बना था। निदेशक ने पहले 10 प्रतिशत कमीशन की मांग की। कम करने की बात पर वह 18 प्रतिशत तक पहुंच गया। उसने कैंटीन छीनने की धमकी भी दी थी। सीबीआई एसपी पीके झा की ओर से मिली जानकारी के अनुसार शिकायत मिलने के बाद जांच में मामला सही पाया गया। टीम ने कल्याणडीह स्थित संस्थान में दबिश दी। कार्रवाई के क्रम में कैंटीन संचालक ने 20 हजार रुपए घूस की रकम निदेशक को नगद दे दिया गया। पैसे देते ही सीबीआई की टीम ने ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक को रंगे हाथ धर दबोचा। इधर मामले को लेकर सीबीआई एसपी ने बताया कि आगे की जांच पड़ताल की जिम्मेदारी रांची सीबीआई को दी गई है। सीबीआई धनबाद की टीम ने जिसे अरेस्ट किया है वह मूल रूप से हजारीबाग जिला के रहने वाले हैं। ऐसे में रांची के नजदीक होने की वजह से अब रांची सीबीआई की टीम उसके आवास पर जांच पड़ताल कर रही है। फिलहाल निदेशक अभिषेक कमल को गिरफ्तार कर लिया गया है।



# योग दिवस पर पीवीयूएनएल ने स्वास्थ्य, संतुलन और सौहार्द का दिया संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पतरातू (रामगढ़)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पीवीयूएनएल टाउनशिप, पतरातू में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पीवीयूएनएल के सीईओ आर.के. सिंह, स्वर्णरेखा महिला समिति की अध्यक्ष रीता सिंह, महाप्रबंधक (ओएंडएम) मनीष खेतरपाल, प्रमुख (एचओएचआर) जियाउर रहमान समेत कई वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारीगण एवं उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सुबह की शांत और सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण इस योग सत्र में विशेषज्ञ प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान क्रियाएं कराई गईं। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना, मानसिक शांति प्राप्त करना और योग के सार्वभौमिक महत्व को समझाना रहा। कार्यक्रम के अंत में सीईओ आर.के. सिंह ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि योग न केवल हमारे शरीर को लचीला बनाता है, बल्कि हमारे विचारों और जीवनशैली को भी रूपांतरित करता है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे नियमित योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं और एक स्वस्थ, तनावमुक्त एवं संतुलित जीवन जीने की दिशा में कदम बढ़ाएं।




FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT
DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY
GLOBAL VISION
(A Complete Solution in Professional Services)
: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna
Contact No.- 9835333441, 8210823092
E-Mail : globalvision96@yahoo.in

## संक्षिप्त समाचार

# गयाजी में होटल संचालक पर जानलेवा हमला

### 50 हजार रंगदारी नहीं देने पर लाठी-डंडे से पीटा, गंभीर हालत अस्पताल में एडमिट



**गया, एजेंसी।** गया-पटना हाईवे पर स्थित ओरमा गांव के पास रंगदारी नदीं देने पर अपराधियों ने होटल संचालक की बेरहमी से पिटाई कर दी। गंभीर हालत में इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पीड़ित के बायन के आधार पर मेडिकल थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना 19 जून देर रात की है। थाने में शिकायत 20 जून को दर्ज कराई गई है। घायल होटल संचालक की पहचान मगध कॉलोनी रोड नंबर-11 निवासी मधुरेंद्र कुमार के तौर पर हुई है। तीन महीने से स्वादिष्ट पटना-100 लाइन होटल एंड फैमिली रेस्टोरेंट चला रहे थे। पीड़ित ने बताया कि गुरुवार को मुकुल कुमार, सौरभ पांडे के साथ कुछ लोग होटल पर पहुंचे थे। कहने लगे कि अगर होटल चलाना है तो 50 हजार रुपए रंगदारी दो। विरोध करने पर गाली-गलौज करने लगे। लाठी-डंडे और पिस्टल से हमला कर दिया। बाएं हाथ और पीठ में गंभीर चोट है। मेरे गले से 12 ग्राम का सोने का चेन भी छीन लिया। पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद है। शोर सुनकर आसपास के लिए मौके पर पहुंचे। जिसके बाद सभी फरार हो गए। होटल संचालक ने जिला पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने अपराधियों को गिरफ्तार करने और सख्त कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद से इलाके में दहशत है। दूसरे होटल कारोबारी भी सहमे हुए हैं। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस से आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# किसानों के मददगार नहीं बन पाए ई-किसान भवन

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** प्रखंडों में बने ई-किसान भवन किसानों के लिए महज शोभा बन कर रह गए हैं। इन्हें किसान सलाहकार केंद्र के तौर पर विकसित करना था। मौसम की जानकारी दे किसानों को उसके अनुसार खेती के लिए प्रोत्साहित करना भी था। विभागीय उदासीनता से इन भवनों को ना हाईटेक बनाया जा सका और ना ही इंटरनेट की सुविधा बहाल की जा सकी। किसानों को निजी तौर पर संचालित साइबर कैफे की शरण लेनी पड़ रही है। सुविधाओं का विस्तार नहीं होने से इन भवनों की उपयोगिता केवल विभागीय बैठक के अलावा कृषि सलाहकारों को प्रशिक्षण देने तक ही सीमित हो चुकी है। कभी-कभार कृषि सलाहकार विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए बीजों के वितरण के लिए इनका उपयोग करते हैं। प्रगतिशील किसान एसके दूबे कहते हैं कि सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना धरातल पर उतरने के पहले ही दम तोड़ने लगी है। योजना के अनुसार सही तरीके से इन भवनों को विकसित किया जाता तो किसानों के लिए बहुत मदद होती। योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन करने से लेकर खेती किसानी से जुड़ी तकनीकी और अन्य जानकारी उनको एक ही छत के नीचे उपलब्ध हो जाती। क्योंकि इन भवनों में इंटरनेट सुविधा होने से कई तरह की नवीनतम जानकारी उनको मिल सकती थी। साथ ही समय से मौसम की जानकारी मिलने से उसके अनुकूल खेती में भी मदद मिलती। इस संबंध में जिला कृषि पदाधिकारी (डीएओ) सुधीर कुमार ने बताया कि वे जल्द ही ई किसान भवन को लेकर सभी प्रखंडों से जानकारी लेंगे। उसकी समीक्षा करने के बाद सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, ताकि इसके किसानों के मददगार के तौर पर विकसित किया जा सके।





# योग से मन शांत और शरीर बलवान होता है: दोनों डिप्टी सीएम समेत कई मंत्रियों ने किया योग

## मंगल पांडेय बोले- योग स्वस्थ रखता है

**पटना, एजेंसी।** आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में योग दिवस समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसकी अध्यक्षता स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय कर रहे हैं। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तमाम नेता और अधिकारी पहुंचे हैं। वे योग के जरिए संदेश दे रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि योग दिवस की शुरुआत पीएम मोदी ने करवाया था। उनके सहयोग की वजह से ही यह अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के तौर पर तब्दील हो गया। उन्होंने कहा कि योग करने से मन प्रसन्न रहता है। सेहत अच्छी रहती है। पाटलिपुत्र खेल परिसर में इसका आयोजन किया गया है।

### एक विश्व एक स्वास्थ्य है थीम

मंगल पांडेय ने यह भी कहा कि आज 11 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूरी दुनिया में मनाया जा रहा है। इसका थीम है कि एक विश्व एक स्वास्थ्य के लिए योग। हम स्वस्थ रहे इसके लिए योग करना बेहद जरूरी है। इससे मन पर नियंत्रण रहता है मस्तिष्क पर भी नियंत्रित रहता है। यह पुरानी पद्धति है, जिसको अब दुनिया ने स्वीकार कर लिया है। पूरे बिहार में आज स्वास्थ्य विभाग की ओर से योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

### योग जीवन का अंग

प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि आज पूरी दुनिया में योग दिवस के अवसर पर सभी जगह युवा के महत्व और योग को अपने जीवन में कैसे उतारे, इसका संदेश दिया जा रहा है। योग हमारे जीवन का अभिन्न अंग है, योग हमें नया जीवन भी देता है। जो इंसान सच में दुनिया में स्वस्थ रहकर कुछ करना चाहता है तो उसको जोग जरूर करना चाहिए। वैसे भी बिहार में भी दो तरह का योग चल रहा है एक जो योग ओरिजिनल देख रहे हैं और एक योग राजनीतिक योग चल रहा है। इसमें लोग शरीर से योग कम करते हैं। योग दिवस पर जो रहो रहा है, यह ओरिजिनल योग है। कार्यक्रम में दोनों डिप्टी सीएम, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन समेत कई वरीष्ठ नेता और अधिकारी मौजूद रहे।

### ट्रेनर की ओर से करवाया गया योगाभ्यास

योग समारोह में बड़ी संख्या में छात्र, एनसीसी कैडेट्स, स्वयंसेवक संगठन, सुरक्षा बल और आम नागरिक ने हिस्सा लिया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य योग को जन-जन तक पहुंचाना और जीवनशैली में इसके महत्व को बताना था। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक योगाभ्यास से हुई, इसके बाद ट्रेनर द्वारा योग के लाभों को बताया गया।

### जागरूकता फैलाना मुख्य उद्देश्य

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि योग के जरिए मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता फैलाना इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। इसके साथ ही आयोजन स्थल पर पेयजल, प्राथमिक चिकित्सा, सुरक्षा व्यवस्था, योगा मैट्स, पार्किंग आदि की समुचित व्यवस्था जिला प्रशासन और खेल विभाग द्वारा की गई है।

# दरोगा बहाली में मदद का झांसा देकर ठगी: पटना में पदस्थापित दरोगा गिरफ्तार

### फिजिकल टेस्ट पास कराने का किसान से लिया 13 लाख



**बेतिया, एजेंसी।** बेतिया में दरोगा बहाली में मदद के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। चंपारण रेंज के डीआईजी हरकिशोर राय के निर्देश पर साठी पुलिस ने पटना में पदस्थापित दरोगा देव मोहन सिंह को गिरफ्तार किया है। भेड़िहरवा गांव के किसान रघुनाथ पंडित के बेटे जितेंद्र ने दरोगा भर्ती की पीटी और मेंस परीक्षा पास की थी। 11 मई 2024 को रघुनाथ बेतिया बस स्टैंड पर अपने परिचित की दुकान पर गए। वहां बेतिया यातायात थाने में तैनात दरोगा देव मोहन सिंह से मुलाकात हुई। बातचीत के दौरान रघुनाथ पंडित ने अपने बेटे की तैयारी की बात बताई।

### सहयोगी को दिए 8.49 लाख रुपए

दरोगा ने जितेंद्र को फिजिकल टेस्ट में पास कराने का भरोसा दिलाया। उसने उच्च अधिकारियों से अपनी पहचान होने की बात कही। रघुनाथ ने दरोगा को 4.50 लाख रुपए दिए। इनमें 2 लाख नकद और 2.50 लाख पे-फोन से भेजे गए। दरोगा के सहयोगी राहुल यादव को भी 8.49 लाख रुपए दिए गए।

### जमीन बेचकर जुटाए थे रुपए

इनमें 3.85 लाख नकद और 4.64 लाख रुपए पे-फोन से ट्रांसफर किए गए। जब जितेंद्र परीक्षा में फेल हो गया, तो रघुनाथ ने पैसे वापस मांगे। उन्होंने बताया कि जमीन बेचकर रुपए जुटाए थे। इस बीच देव मोहन सिंह का पटना ट्रांसफर हो गया। उसने फोन उठाना बंद कर दिया।

# दरवाजे पर सो रही महिला की गोली मारकर हत्या

### मधेपुरा में हमलावरों ने पति की गैरमौजूदगी में वारदात को दिया अंजाम, पीठ-सिर में लगी 4 गोली



**मधेपुरा, एजेंसी।** मधेपुरा में शुक्रवार रात घर के दरवाजे पर सो रही महिला की गोली मार कर हत्या कर दी गई। घटना परमानंदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बलुआहा वार्ड-7 की है।

मृतका की पहचान उपेंद्र चौपाल उर्फ बेचन चौपाल की पत्नी तेतरी देवी (55) के रूप में हुई। मृतका के पति उपेंद्र चौपाल ने बताया कि घटना के समय वह शौच के लिए बाहर गए हुए थे।

इसी दौरान तीन अज्ञात अपराधी मौके पर पहुंचे और सोई हुई तेतरी देवी पर गोली चला दी। दो गोली पीठ और दो गोली सिर में लगी है। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोगों की नींद खुली और शोर मचाया, लेकिन तब तक अपराधी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।

### आपसी रंजिश में हत्या की आशंका

घटना की सूचना पर परमानंदपुर थाना की पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए मधेपुरा सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह हत्या आपसी रंजिश का नतीजा हो सकती है, हालांकि अभी कुछ भी स्पष्ट नहीं है। पुलिस ने मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी है।

महिला के पति से पूछताछ की जा रही है। वहीं गांव में इस घटना के बाद दहशत और सनसनी का माहौल है। पुलिस ने कहना है कि जल्द ही अपराधियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि मामले की जांच की रही है।

# पटना के पोस्टरों में एनडीए और आरजेडी में भिड़ंत

### चिराग को जीजा फस्ट वाला बताया गया, तेजस्वी के पोस्टर में लिखा गया- मेरा बाप चारा चोर है

**पटना, एजेंसी।** पटना की सड़कों पर शनिवार को पोस्टर वॉर देखने को मिल रहा है। सत्ताधारी एनडीए और विपक्षी गठबंधन दोनों के नेता अब एक-दूसरे पर निजी और पारिवारिक स्तर तक पहुंचकर हमले कर रहे हैं। एक ओर एनडीए को दामादवादी और परिवारवाद का प्रतीक बताया जा रहा है। वहीं, दूसरी ओर राजद को चारा घोटाले और वंशवाद से जोड़कर कटघरे में खड़ा किया जा रहा है।

**इन्होंने क्या दिया बिहार को, सब कुछ दिया अपने परिवार को :** एक पोस्टर में पूर्व मंत्री और जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा की तस्वीर लगी है। साथ में भारत सरकार की एक आधिकारिक अधिसूचना लगाई गई है। पोस्टर में यह आरोप है कि उन्होंने अपने परिवार के सदस्यों को सुप्रीम कोर्ट के पैनल लिस्ट में एडवोकेट के रूप में नियुक्त करवा दिया। इसमें दो लोगों के नाम और पते स्पष्ट रूप से दिखाए गए हैं - जिन्हें उनके परिवार से जोड़ कर परिवारवाद का आरोप लगाया गया है और लिखा है कि इन्होंने क्या दिया बिहार को सब कुछ दिया अपने परिवार को।

**एनडीए - नेशनल दामादवादी अलायंस:** पटना के चौक चौराहों पर एक बड़ा पोस्टर लगाया गया है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, जीतनराम मांझी और चिराग पासवान की तस्वीरें हैं। ह्ष्ठ को नए अर्थ को पेश किया गया है - नेशनल दामादवादी अलायंस, जो यह दर्शाता है कि एनडीए की राजनीति कथित दामादवाद यानी रिश्तेदारों को सत्ता में भागीदारी देने पर आधारित है।




**बिहार फर्स्ट की जगह जीजा जी फर्स्ट है :** दूसरा पोस्टर भी विपक्षी गठबंधन की ओर से लगाया है। इसमें व्यंग्यात्मक चित्र और संवाद के जरिए एनडीए नेताओं पर कटाक्ष किया गया है। एक चित्र में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को दिखाया गया है। जिसमें वह सीना चीर कर मोदी को दिखाते हुए दिख रहे हैं। साथ ही यह लिखा गया है कि इनके लिए बिहार फर्स्ट की जगह जीजा जी फर्स्ट है। वहीं दूसरी तरफ जीतन राम मांझी और अशोक चौधरी की तस्वीर लगाई गई है और लिखा है कि इनका तो पूछिए हिम्मत दामाद फर्स्ट वह भी आरएसएस कोटे से। यह पूरा गठबंधन केवल जुमला आधारित है। बिहार को जीजा और दामाद के साथ मिलकर लूटने वाले लोग जनता 2025 में ऐसा सबक सिखाएगी की हमेशा याद रहेगा।

# पूर्णिया में 4 हजार लीटर प्रतिबंधित कोडिन युक्त सिरप बरामद

**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया के डंगराहा ओपी पुलिस ने ट्रक से 4 हजार लीटर प्रतिबंधित कोडिन युक्त कफ सिरप बरामद की है। मौके से ट्रक ड्राइवर की गिरफ्तारी हुई है। मो. अमन(31) महाराष्ट्र के नासिक जिले के मालेगांव का रहने वाला है। पुलिस को चकमा देने के लिए चूड़ा के बोरे में छिपाकर रखा था। जब्त सिरप की अनुमानित कीमत 1 करोड़ रुपए है। एसपी स्वीटी सहरावत ने बताया, डंगराहा ओपी पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक ट्रक धनबाद से दालकोला होते हुए सिलीगुड़ी जा रहा है। ट्रक में प्रतिबंधित कोडिन युक्त सिरप की बड़ी खेप है। इनपुट के आधार पर बायसी एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने दंडाधिकारी के साथ दौलतपुर के पास मालदा की



ओर से आने वाले वाहनों की जांच शुरू की। जांच के दौरान झारखंड नंबर की ट्रक को रोका गया। पूछताछ में ड्राइवर ने बताया कि ट्रक में चूड़ा लदा है। शक के आधार पर तलाशी ली गई। इस दौरान 4,00 0लीटर यानी 40 हजार बोतल(प्रत्येक 100 एमएल) प्रतिबंधित सिरप बरामद हुई। जब्त सिरप की अनुमानित कीमत एक करोड़ से अधिक है। ड्राइवर के पास से 2 मोबाइल, 11 हजार कैश, आधार कार्ड, पैन कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस भी मिला।

**तस्करों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी :** एसपी ने आगे कहा कि पूछताछ में आरोपी ने तस्करी में शामिल अपने अन्य साथियों के नाम भी बताए हैं। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। छापेमारी दल में बायसी थानाध्यक्ष संजीव कुमार, डंगराहा ओपी प्रभारी परमानंद पासवान, पीटीसी रवि रंजन कुमार, पीटीसी मुन्ना प्रसाद, जिला आसूचना इकाई और बिहार पुलिस के जवान शामिल थे।



# 100 की स्पीड से रेलिंग तोड़कर गंगा में गिरी स्कॉर्पियो

### बक्सर में 4 घंटे के बाद मिली गाड़ी; एक शव बरामद

**बक्सर, एजेंसी।** बक्सर में शुक्रवार रात 9 बजे एक स्कॉर्पियो वीर कुंवर सिंह ब्रिज की रेलिंग तोड़ते हुए गंगा नदी में गिर गई। हादसे के वक्त गाड़ी की रफ्तार 100 से ज्यादा थी। बेकाबू होकर गाड़ी पहले तो डिवाइडर पर चढ़ी, फिर नीचे गिर पड़ी।

हादसे के बाद रेस्क्यू टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाया, करीब 4 घंटे बाद स्कॉर्पियो मिली, जिसे दो क्रेन की मदद से बाहर निकाल गया। गाड़ी से एक शख्स की लाश भी बरामद हुई है। गाड़ी में कितने लोग सवार थे, इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। स्कॉर्पियो से एक फोन मिला है, जिससे माना जा रहा है कि गाड़ी में कम से कम 2 लोग थे। बाकियों की तलाश की जा रही है। हादसे के बाद डीएम विद्यानंद सिंह और एसपी शुभम आर्य भी मौके पर पहुंचे। एसडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों की मदद से सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

**गाड़ी के अंदर मिली एक की लाश :** गाड़ी के अंदर एक शख्स मिला। जिसे तुरंत हॉस्पिटल पहुंचाया गया। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान बक्सर के दुल्लहपुर निवासी संजय सिंह के बेटे झामु (22) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि स्कॉर्पियो सवार उत्तर प्रदेश की ओर से बक्सर आ रहे थे। इसी दौरान वीर कुंवर सिंह ब्रिज पर हादसा हुआ। स्थानीय लोगों के मुताबिक, गाड़ी में 4 से 5 लोग सवार थे। लेकिन, 2 लोगों के सुराग मिले हैं।

**गाड़ी से दूसरे युवक का फोन बरामद :** रेस्क्यू टीम को स्कॉर्पियो से ड्राइवर के अलावा एक और शख्स का फोन मिला है। जिससे उसकी पहचान हुई। फोन हर्ष सिंह (22) का है। इससे उसके गाड़ी में होने की संभावना जताई जा रही है। फिलहाल, एसडीआरएफ की टीम रेस्क्यू में जुटी है।

एसपी शुभम आर्य ने बताया कि स्कॉर्पियो में कम से कम दो युवक सवार थे। जिसमें एक का शव बरामद किया गया है। दूसरे युवक की तलाश की जा रही है। डीएम ने विद्यानंद सिंह बताया कि स्कॉर्पियो के गंगा में गिरने की सूचना मिलते ही रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है।

# 5 एकड़ से बड़े तालाब अब बनेंगे टूरिस्ट डेस्टिनेशंस

### सरकार बनवाएगी बैंक्वेट हॉल, कैफै, चेंजिंग रूम, बोटिंग, पाथवे और मछली पालन की भी होगी व्यवस्था



**पटना, एजेंसी।** अगर आपके पास 5 एकड़ से बड़ा तालाब है तो आप सालाना लाखों कमा सकते है। बिहार सरकार तालाब पर्यटन विकास योजना लाने जा रही है। इस योजना के तहत राज्य भर में 5 एकड़ से बड़े तालाबों के किनारों पर विकास कार्य शुरू करने की रणनीति बनाई है। बड़े तालाब के किनारे के क्षेत्र को इस तरह विकास किया जाएगा वहां पर्यटक भी समय बिताने के लिए पहुंच सके। पर्यटन के क्षेत्र में बिहार सरकार की यह अनूठी पहल जल्द जमीन पर दिखाई पड़ेगी। इसका उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था और रोजगार को भी बढ़ावा देना है।

### कहां शुरू होगी योजना

बिहार के सभी जिलों से ऐसे 604 राजकीय तालाब-पोखर जो 5 एकड़ से बड़े हैं, उसकी लिस्ट तैयार कर ली गई है। यह सभी तालाब फिलहाल पटना, गया, नालंदा, भागलपुर, मुजफ्फरपुर जैसे प्रमुख जिलों में शामिल हैं। इन जिलों के अलावा बिहार के किसी भी जिले में अगर लोगों के पास 5 एकड़ से ज्यादा बड़ा तालाब है तो उसकी जानकारी विभाग को दी जा सकती है। तालाब, इस योजना में शामिल कर लिया जाएगा।

### लीज पर दिए जाएंगे सरकारी तालाब

इस योजन के लिए पर्यटन और लघु जल संसाधन विभाग काम कर रहा है। यह ग्रामीण इलाकों के स्थानीय कारोबार में बड़ी सहायता करेगा। वहीं तालाब का रखरखाव और संचालन मालिकखुद कर सकेंगे और मुनाफा कमाएंगे। वहीं सरकारी तालाबों को 5 साल के लिए लीज पर दिया जाएगा।

### वाटर टूरिज्म को मिलेगी नई ऊंचाई

बिहार में वाटर टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए बिहार सरकार लगातार प्रयास कर रही है। पहले नदियों और झील के किनारों को विकसित कर वाटर टूरिज्म को नई दिशा दी गई, जिसके तहत कुढ़नी डैम, बांका, रोहतास और कैमूर, सासाराम के क्षेत्र में वाटर टूरिज्म को लेकर काम किया गया। वहीं अब तालाबों को नया स्वरूप देकर वाटर टूरिज्म को नई ऊंचाई देने की कोशिश है।

# योग को रोजमर्रा की आदत बनाएं : विवेक ठाकुर

## 'फिट इंडिया, वोट इंडिया' थीम के साथ विशेष योग एवं मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के अवसर पर शुक्रवार को हरिशचंद्र स्टेडियम स्थित खेल भवन-सह-व्यायामशाला परिसर में जिला प्रशासन, नवादा के तत्वावधान में विशेष योग सत्र एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत हुआ, जिसका उद्देश्य नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के साथ-साथ लोकतांत्रिक भागीदारी के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन स्थानीय सांसद विवेक ठाकुर ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने योग को जीवन का अनिवार्य हिस्सा बताते हुए कहा कि योग तन, मन और आत्मा को संतुलित करता है।





आज जब पूरा विश्व अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना रहा है, ऐसे में यह आवश्यक है कि हम योग को केवल एक दिवस तक सीमित न रखें, बल्कि उसे रोजमर्रा की आदत बनाएं। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य बसंती देवी, भाजपा नेता रंजीत प्रसाद यादव, रवि गुप्ता, नंदकिशोर चौरसिया, अजीत शंकर, मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विजय शंकर पाठक ने किया।

**इस वर्ष कार्यक्रम की थीम रही** फिट इंडिया, वोट इंडिया, योग से जीवन, मतदान से लोकतंत्र, स्वस्थ नागरिक, सजग मतदाता। यह थीम नागरिकों को न सिर्फ शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने का संदेश देती है, बल्कि उन्हें अपने लोकतांत्रिक कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक करती है। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक योगाभ्यास से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, युवाओं, महिलाओं व वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया। प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों ने विभिन्न आसनों एवं प्राणायामों का अभ्यास कराया। इस दौरान मतदाता सूची में नाम जोड़ने, सुधार कराने व आगामी चुनाव में मतदान के महत्व

**सांसद विवेक ठाकुर ने किया उद्घाटन, नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली व लोकतंत्र के प्रति जागरूक बनने का दिया संदेश**

को लेकर प्रतिभागियों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, शिक्षक, जीविका दीदी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि व आम नागरिकों ने भी भागीदारी निभाई। अंत में उपस्थित लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने एवं आगामी चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई गई।

# उप विकास आयुक्त ने जीविका दीदी को सौंपा निबंधन प्रमाण पत्र

## संकुल स्तरीय संघ को मिली वैधानिक मान्यता, अब सरकारी योजनाओं से सीधे जुड़ सकेंगी जीविका समूह की महिलाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में शनिवार को आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त प्रियंका रानी ने संकुल स्तरीय संघ की जीविका दीदी को निबंधन प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि निबंधन के बाद अब संकुल स्तरीय संघ को एक स्वतंत्र, संगठित एवं वैधानिक संस्था के रूप में कार्य करने की मान्यता मिल गई है, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं में भागीदारी, वित्तीय सहायता प्राप्त करने और शासन व्यवस्था में सक्रिय योगदान का अवसर मिलेगा। उप विकास आयुक्त ने बताया कि जीविका के



अंतर्गत गठित संकुल स्तरीय संघों का निबंधन बिहार स्वावलंबी सहकारी समिति अधिनियम, 1996 के तहत किया जा रहा है। नवादा जिले में अब तक 39 संकुल स्तरीय संघों का गठन किया जा चुका है, जिनमें से 13 का निबंधन पूर्व में हो चुका था। शेष 26 योग्य संघों में से 23 का निबंधन पूर्ण कर लिया गया है, जबकि बचे हुए 3 संघों का निबंधन उनकी गठन तिथि के एक वर्ष पूरे होने के बाद प्रारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम में गोपनीय शाखा के प्रभारी पदाधिकारी राजीव कुमार, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के निदेशक धीरज कुमार, जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक मनोज कुमार गिरी, प्रशिक्षण पदाधिकारी बिनोद कुमार सहित कई अन्य अधिकारी व बड़ी संख्या में जीविका दीदियां उपस्थित रहीं। इस उपलब्धि को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे स्थानीय स्तर पर महिलाओं के नेतृत्व और भागीदारी को मजबूती मिलेगी।

# 24 घंटे में 48 फरार अपराधी गिरफ्तार भारी मात्रा में नकदी और शराब बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध पुलिस का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। इसी कड़ी में नवादा पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 20 जून 2025 को चलाए गए विशेष अभियान में 24 घंटे के भीतर कुल 48 फरार अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में अनुसूचित जाति/जनजाति से संबंधित मामलों में 2, साइबर अपराध के 3, मद्य निषेध कानून के तहत 6, तथा अन्य मामलों में 37 गिरफ्तारियां शामिल हैं। साथ ही 111 लीटर महुआ शराब भी बरामद की गई है। एसपी ने बताया कि इस दौरान 64 वारंटों का निष्पादन किया गया, वहीं तीन कुर्की की कार्रवाई भी पूरी की गई। वाहन जांच अभियान के तहत 265 वाहनों की जांच की गई, जिससे 71,000 का जुर्माना वसूला गया। पुलिस ने अन्य मामलों की कार्रवाई के तहत बड़ी मात्रा में सामग्री बरामद की है, जिसमें 21,62,000 नकद, 1 अपहृता, 8 मोबाइल फोन, 1 लैपटॉप, 1 चेकबुक और 2 आधार कार्ड शामिल हैं। एसपी धीमान ने कहा कि नवादा पुलिस अपराधियों को पकड़ने और उन्हें सजा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। अपराध कर फरार रहने वाले या अन्य जिलों में जाकर छिपने वाले अपराधियों के खिलाफ भी लगातार आसूचना एकत्र कर सघन कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने इस कार्रवाई को नवादा पुलिस की एक बड़ी उपलब्धि बताया।

# फल्गु नदी में जल स्तर कमा, होने लगी गांव की स्थित सामान्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** फल्गु नदी का जल स्तर अचानक बढ़ जाने के कारण बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। एकंगरसराय प्रखड के केशोपुर गांव समीप तटबंध टूटा जिससे दर्जनों गांव के खेतों में पानी फैल गया था। सबसे भयावह स्थित प्रखड के मंडाछ पंचायत के बेलदार बीघा के समीप फल्गु नदी में तटबन्ध टूट गया था जिससे बेलदार बीघा के घरों में पानी घुस गया था। जल स्तर तेजी से घट रहा है। युद्ध स्तर पर बांध बाधने का कार्य शुरू की गई। एकंगरसराय के बेलदार बीघा में एकंगरसराय सीओ विवेक कुमार बेलदार बीघा में कैम्प किये हुए है। गांव में जल स्तर कमा है अधिकांश घर से पानी निकल गया है। लेकिन कई गलियों में पानी अभी भी है। बेलदार बीघा गांव के लोगो के लिए नास्ते में चूड़ा, गुड़ आदि दिए गए। सामुदायिक रसोई के माध्यम से चाबल, दाल, सब्जी आदि खाने की व्यवस्था बेलदार बीघा गांव के लोगो के लिए की गई है लेकिन शनिवार दोपहर होने को है मवेशी के लिए अभी तक चारा उपलब्ध सरकार द्वारा नही कराया गया है। बेलदार बीघा में सबसे बड़ी समस्या पीने का पानी को है। गांव के कई चापाकल खराब पड़े है। बाढ़ आने से दो दिनों से बिजली बाधित है,जिससे नलजल योजना बंद है। जिससे पानी की घोर किल्लत हो गई है। बेलदार बीघा की जो सड़के क्षतिग्रस्त की गई थी उसे तत्काल मरम्मत कर सड़क चालू करा दी गई है। टूटे तटबंध बांधने का कार्य शुरू की गई है। मनरेगा के कार्यक्रम पदाधिकारी राकेश चंद्रा, कनीय अभियंता शशिरंजन कुमार के देख रेख में टूटे तटबन्ध बांधने का का युद्ध स्तर पर कराई जा रही है। इस संबंध में बेलदार बीघा गांवे निवासी समाजसेवी विनय कुमार ने बताया कि अभी भी लोग ऊंचे स्थान पर रह रहे है अधिकांश लोग छत पर रह रहे है।

# रुक-रुक कर हो रही बारिश से किसानों में खुशी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** सरमेरा प्रखंड क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से रुक-रुक कर हो रही मानसूनी बारिश ने किसानों के चेहरे पर खुशी ला दी है। लंबे समय से बारिश का इंतजार कर रहे किसान अब अगहनी धान के बिछड़े खेतों में बुआई का काम तेजी से कर रहे हैं। कृषि कार्यों की रफ्तार बढ़ने से ग्रामीण अंचलों में उत्साह का माहौल है लेकिन दूसरी ओर, नगर पंचायत क्षेत्र के सरमेरा बाजार में बारिश ने लोगों की परेशानियों को भी बढ़ा दिया है। मुख्य सरमेरा ग्रामीण बाजार पथ पर जलजमाव की स्थिति बन गई है, जिससे राहगीरों को जूते उतारकर पानी में चलना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, जलनिकासी के पुराने पैन पर अतिक्रमण के कारण पानी की निकासी बाधित हो रही है। नगर पंचायत द्वारा पहले ही एक बड़ा नाला बनाने की योजना पारित की जा चुकी है, लेकिन निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हो सका है। नगर पंचायत के मुख्य पार्षद सनी कुमार और कार्यपालक पदाधिकारी नवीन कुमार ने जानकारी दी कि सरमेरा फाटक से थाना चौक तक करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से बड़े नाले के निर्माण का प्रस्ताव भेजा गया है।

# जनता दरबार में सीओ ने निपटाए कई मामले



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** थाना परिसर में शनिवार को अंचलाधिकारी मनीष कुमार व थानाध्यक्ष दीपक कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान आमजन की समस्याओं की सुनवाई की गई। जनता दरबार में कुल पांच मामलों पर सुनवाई हुई, जिनमें चार मामलों का समाधान मौके पर दोनों पक्षों की सहमति से किया गया। अंचलाधिकारी ने बताया कि शेष एक मामले में नोटिस जारी करते हुए उसे अगली तिथि के लिए स्थगित किया गया है। जनता दरबार में संबंधित राजस्व कर्मचारी, अंचल अमीन सहित अन्य विभागीय कर्मी भी मौजूद रहे।

**एक मामले में जारी हुआ नोटिस अगली तिथि पर होगी सुनवाई**

# नियमित योग से निरोग जीवन का संदेश, विभिन्न संस्थानों पर सामूहिक अभ्यास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को नवादा जिले के पकरीबरावां और कौआकोल प्रखंडों में विभिन्न संस्थानों, विद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर योग शिविरों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों, छात्रों, महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों की व्यापक भागीदारी रही। पकरीबरावां प्रखंड के कृषक महाविद्यालय, धेवधा में प्रभारी प्राचार्य डॉ. देवेंद्र कुमार की अध्यक्षता में योग शिविर आयोजित किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने भाग लिया। डॉ. कुमार ने कहा कि नियमित योग से शरीर स्वस्थ रहता है, यह तन और मन दोनों को संतुलित करता है। महंत रामधनपुरी इंटर विद्यालय, बुधौली में भी योग दिवस पर प्राचार्य डॉ. दिनेश कुमार के नेतृत्व में बच्चों एवं शिक्षकों ने योगाभ्यास किया। उन्होंने कहा कि योग हर आयु वर्ग के लिए लाभकारी है और विद्यार्थियों के समग्र विकास में सहायक है वहीं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मिसिन्दर पासवान के निर्देश पर प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में भी योगाभ्यास कराया गया।






**कौआकोल में दर्जनों स्थानों पर योग**

कौआकोल प्रखंड में भी योग दिवस को लेकर उत्साह देखा गया। कृषि विज्ञान केंद्र एवं ग्राम निर्माण मंडल राजेंद्र भवन में योग प्रशिक्षक सूर्यकांत प्रसाद निराला व प्रफुल्ल कुमार की देखरेख में योग कराया गया। कौआकोल ब्लॉक कार्यालय परिसर और गिरिजा सरस्वती शिशु मंदिर में योग गुरु योगी त्यागनाथ ने योग की विभिन्न विधियों का अभ्यास कराया। इस अवसर पर बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार, सीओ मनीष कुमार, केवीके प्रमुख डॉ. जयवंत कुमार सिंह, डॉ. भारत भूषण शर्मा, रविकांत चौबे, डॉ. शशांक शेखर सिंह, सुमिता रंजन, गिरिजा सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य मुकेश कुमार समेत कई लोगों ने भाग लिया। सभी को अनुलोम-विलोम, कपालभाति जैसे प्राणायामों और विभिन्न आसनों की जानकारी दी गई।

**कन्हाई इंटर विद्यालय में भव्य आयोजन**

इधर, कन्हाई इंटर विद्यालय में अनिरुद्ध अनोखी योगशाला के तत्वावधान में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. राजकिशोर प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर किया। मंच संचालन सुनील कुमार (संत निरंकारी मिशन) ने किया। इस अवसर पर राजेश्वर प्रसाद (राजश्री बैडमिंटन टीम), बसंत प्रसाद (केशव कपूर मेमोरियल हॉस्पिटल), राजेंद्र कुशवाहा (रलोसपा जिला अध्यक्ष) समेत कई अतिथि मौजूद रहे।

# सखी वन स्टॉप सेंटर में योगाभ्यास, महिलाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को 'सखी वन स्टॉप सेंटर' नवादा परिसर में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति के तहत जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन एवं सखी वन स्टॉप सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस वर्ष योग दिवस की थीम ''एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग'' रखी गई है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन को योग के महत्व से अवगत कराना और उसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम में 3 से 6 वर्ष की बच्चियों, 21 से 35 वर्ष की महिलाओं एवं गर्भवती महिलाओं ने योगाभ्यास किया। प्रतिभागियों को योग के आठ अंग – यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि – की जानकारी दी गई। साथ ही योग से होने वाले लाभ जैसे मानसिक शांति, शारीरिक लचीलापन, तनाव नियंत्रण और संतुलन क्षमता में सुधार पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में जिला परियोजना प्रबंधक अनुग्रह प्रसाद तिग्गा, सखी केंद्र प्रशासक राज कुमारी, जिला समन्वयक हेना तबस्सुम व अविनाश कुमार, लैंगिक विशेषज्ञ मयंक प्रियदर्शी, वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ अमन कुमार, लेखा सहायक निशि, एमटीएस राहुल कुमार राज और विक्की कुमार समेत कई कर्मी मौजूद रहे।

# 26 जून को सोखोदेवरा आश्रम में कौशल समर्थकों का महाजुटान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखंड के ऐतिहासिक जेपी आश्रम, सोखोदेवरा में आगामी 26 जून को पूर्व विधायक कौशल यादव के समर्थन में एक महाजुटान का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक कौशल यादव के साथ उनकी धर्मपत्नी एवं पूर्व विधायक पूर्णिमा यादव, पूर्व विधान परिषद सदस्य सलमान रागीव मुन्ना, जिले भर से सैकड़ों वर्तमान एवं पूर्व जनप्रतिनिधियों के अलावा हजारों कार्यकर्ताओं के जुटने की संभावना है। इस संदर्भ में शनिवार को प्रखंड के सरौनी गांव में एक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता पूर्व मुखिया छोटेलाल यादव ने की।

# जिला न्यायालय परिसर में हुआ सामूहिक योग, न्यायिक पदाधिकारी व अधिवक्ताओं ने लिया भाग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** विश्व योग दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नवादा के तत्वावधान में शुक्रवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में एक विशेष योगासन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली और बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पटना के निर्देशानुसार आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नवादा, श्री आशुतोष कुमार झा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर अवर न्यायाधीश तृतीय सह प्रभारी सचिव धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में




कार्यक्रम को संपन्न कराया गया। कार्यक्रम का संचालन तीन योग गुरुओं के संरक्षण में किया गया, जिन्होंने योग के वैज्ञानिक महत्व, पंचतत्वों से शरीर के संबंध और योग के माध्यम से मानसिक-शारीरिक संतुलन बनाए रखने की विधियों पर विस्तार से चर्चा की। योगगुरुओं ने बताया कि योग अपनाने वाला व्यक्ति न केवल रोगमुक्त रहता है, बल्कि एक संतुलित और सुखी जीवन की ओर अग्रसर होता है। इस अवसर पर न्यायिक पदाधिकारी, पैनल अधिवक्ता, पारा विधिक स्वयंसेवक, एवं व्यवहार न्यायालय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तृतीय व चतुर्थ वर्गीय कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने योगगुरुओं द्वारा बताए गए योगासनों की सामूहिक पुनरावृत्ति कर योगाभ्यास किया। योगगुरु विकास, आनंद और योगी जी ने कार्यक्रम को योग की गहराई से जोड़ते हुए प्रभावी नेतृत्व किया।इसके अतिरिक्त, मंडल कारा और किशोर न्याय परिषद, नवादा में भी समान रूप से योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिससे बंदियों एवं किशोरों को भी योग के लाभ से अवगत कराया गया। यह आयोजन योग और विधिक सेवा के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण रहा, जिससे 'स्वस्थ तन और सजग मन' का संदेश न्यायिक परिवार एवं समाज तक पहुंचा।

# शिक्षण संस्थानों में अतंर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** स्थानीय मंगला स्थान स्थित डैफोडिल पब्लिक स्कूल में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने पोस्टर मेकिंग, योग्य से लाभ पर भाषण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के अध्यक्ष रंजीत प्रसाद सिंह, सचिव डॉ. रविचंद्र कुमार, प्राचार्य उमेश कुमार, उपप्राचार्या ज्योति मेहता, अजीत कुमार, दीपक कुमार एवं अन्य शिक्षक द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की गई। शारीरिक प्रशिक्षण शिक्षक ऋषिकेश कुमार, रश्मि रानी, रोशन कुमार, श्यामा परवीन, रेणु कुमारी, ज्योति



कुमारी के निर्देशन में छात्रों ने शारीरिक शिक्षा का विशेष जानकारी प्राप्त की। योग प्रशिक्षण का लाभ और उससे होने वाले फायदे के बारे में जानकारियां हासिल की। डॉ. रविचंद कुमार ने कहा कि योग स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभदायक है। इस योग के माध्यम से सम्पूर्ण शारीरिक विकास किया जा सकता है। योग करने से हमारी शारीरिक क्षमता और मानसिक विकास दोनों में वृद्धि होता है। अध्यक्ष रंजीत प्रसाद सिंह ने कहा कि योग जीवन के लिए अति आवश्यक है। यह हमारे शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए आवश्यक है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर शिक्षक चंद्रभूषण शर्मा, सभ्यता चामलिंग, ममता कुमारी, साक्षी सिन्हा, स्वेता सिंहा, राजीव कुमार सिंह, रेणु कुमारी, विवेकानंद पांडेय आदि सहित छात्र-छात्राओं ने योग का अभ्यास किया। दुसरी ओर ब्रिलिएंट ग्रुप के सभागार में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यालय के योग शिक्षक पवन कुमार एवं रंजय सिंह ने बच्चों को योग के तौर पर सूर्य नमस्कार से लेकर कई एक प्रकार के योग करवाकर उसे अपने दिनचर्या में लाने की सलाह दी। विद्यालय के प्राचार्या डॉ. पुष्पलता विद्यार्थी ने कहा कि योग क्रिया में मस्तिष्क को तनाव रहित या शांत रखने में मेडिटेशन की प्रमुख भूमिका है। इसलिए योग निसंदेश सामग्र मानवता के स्वास्थ्य के लिए विश्व के मानव जाति के लिए भारत की सबसे बड़ी देन है। इस अवसर पर पवन कुमार, रंजय सिंह, किशोर कुमार पांडेय, विजय कुमार, मोहम्मद नाजिम, राजकुमार सिंह, एसके गांगुली, नाजिया खान, मिलन रानी एवं कई शिक्षक उपस्थित रहे और बच्चों के मनोबल को हौसला बढ़ाया।

# छात्र-छात्राओं ने ली नशा मुक्ति की शपथ, 'बदलाव की शुरुआत अपने आप से' का दिया संदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को आईटीआई नवादा परिसर में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एक विशेष योग एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित गइघ्क्क्ट योजना के अंतर्गत, जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देश पर जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, नवादा द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी अमरनाथ कुमार ने की। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक और नैतिक शुद्धि का माध्यम है। यह व्यक्ति को आत्मसंयम सिखाता है और नशे जैसी बुराइयों से लड़ने की शक्ति प्रदान करता है। इस अवसर पर आईटीआई के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अन्य कर्मियों को सामूहिक रूप से योगाभ्यास कराया गया और नशा उन्मूलन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं। युवाओं को नशे से दूर रहने और अपने आसपास के वातावरण को भी नशा मुक्त बनाए रखने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा संकल्प शपथ, जिसमें छात्रों ने एकजुट होकर कहा कि बदलाव की शुरुआत अपने आप से होनी चाहिए। हम न केवल स्वयं, बल्कि अपने परिवार, मित्र और समुदाय को भी नशामुक्त बनाएंगे। नवादा को नशामुक्त बनाने हेतु हर संभव प्रयास करेंगे। जय हिन्द! इस प्रेरणादायक शपथ ने माहौल को जागरूकता और प्रतिबद्धता से भर दिया। कार्यक्रम में आईटीआई के प्रिंसिपल, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं अन्य कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# स्टेशन परिसर से लेकर खेल भवन और पतंजलि केंद्र तक योग के रंग में रंगा नवादा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी, नवादा द्वारा पुराने स्टेशन परिसर में आमजन एवं कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने किया। उन्होंने योग को भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत का अमूल्य उपहार बताते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि आत्मा और ब्रह्मांड के बीच एकता का माध्यम है। यह मन, शरीर, समाज और प्रकृति के बीच संतुलन स्थापित करता है।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष की थीम 'योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ' हमारे स्वास्थ्य और पर्यावरण के परस्पर संबंध को रेखांकित करती है, जो भारतीय दर्शन 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना को साकार करती है। इस योग सत्र में पूर्व जिलाध्यक्ष शशि भूषण उर्फ बबलू, जिला महामंत्री अरविंद गुप्ता, उपाध्यक्ष तेजस सिन्हा, मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष अजीत शंकर, पूर्व जिला उपाध्यक्ष माधुरी वर्णवाल, सुधीर सिंह, मनोज कुमार, पंकज नारायण गुप्ता, राजेश कुमार आर्य, सीमा कुमारी समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित रहे।

**खेल भवन में 155 साधकों ने किया प्रातः योग अभ्यास**

दूसरी ओर, हरिश्चंद्र स्टेडियम स्थित खेल भवन में शनिवार की सुबह 155 योग साधकों ने प्रोटोकॉल योग अभ्यास में भाग लिया। इसमें 100 पुरुष, 55 महिलाएं, और 13 युवा साधक शामिल रहे। 45 मिनट के योग सत्र के पश्चात सभी प्रतिभागियों को हरा मूंग, चना, किशमिश और बादाम वितरित किए गए। यहां बीते एक वर्ष से प्रतिदिन प्रातः 4:30 बजे से 6:00 बजे तक नियमित रूप से योग सत्र आयोजित किया जा रहा है। आज के योग दिवस कार्यक्रम में आनंद किशोर, शैलेश कुमार, सुबोध प्रसाद, पूजा सिन्हा, प्रियंका कुमारी, डॉ. विवेकानंद सहित अनेक साधक उपस्थित रहे। पतंजलि योगपीठ की ओर से अभिवरण पैलेस, नवादा में भी योग दिवस मनाया गया, जिसमें सैकड़ों महिला-पुरुषों ने भाग लिया। योग प्रशिक्षक सत्येंद्र प्रसाद एवं रिंकी बरनवाल ने विभिन्न आसनों और प्राणायाम की विधियों के साथ उनके स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के कैलाश विश्वकर्मा और बजरंग दल के जितेंद्र प्रताप जीतू सहित अन्य स्थानीय सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

इन आयोजनों ने यह साबित कर दिया कि योग अब केवल स्वास्थ्य का साधन नहीं, बल्कि जनभागीदारी और जागरूकता का प्रतीक बन चुका है। योग के माध्यम से शारीरिक, मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य की दिशा में नवादा ने आज एक और सार्थक कदम बढ़ाया।

CMYK

# रेलिंग तोड़ तेज रफ्तार स्कार्पियो गिरी नदी में

## दो शवों सहित गाड़ी को भी निकाला गया पानी से



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** बिहार के बक्सर में बड़ा हादसा हो गया। जिले के पुराने गंगा पुल से रेलिंग तोड़ते हुए एक स्कॉर्पियो नदी में गिर गई। दुर्घटना में अबतक दो लोगों का शव नदी से निकाला जा चुका है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पानी से स्कॉर्पियों को भी बाहर निकाल लिया है। मृतकों की पहचान अर्जुन उर्फ झामु सिंह और हर्ष कुमार के रूप में हुई है। घटना के संबंध में नगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि गाड़ी शुक्रवार की रात 8.30 बजे पुल की रेलिंग तोड़ते हुए नदी में गिर गई। उसपर कितने लोग सवार थे, इसकी अभी कोई जानकारी नहीं मिली है। शुक्रवार की रात करीब एक बजे अर्जुन उर्फ झामु सिंह का शव बरामद किया गया। शनिवार को हर्ष का शव और वाहन को पानी से निकाला गया।

पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद मृतकों के स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने बताया कि स्कॉर्पियो के दोनों एयर बैग खुले हुए थे। नदी में गिरने से पहले वाहन ने पुल के एक बड़े हिस्से की रेलिंग को क्षतिग्रस्त कर दिया है। इधर, घटना की जानकारी होने पर बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए।

# पटना नगर निगम के बोर्ड की बैठक 25 को

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पटना नगर निगम बोर्ड की बैठक महापौर सीता साहू की अध्यक्षता में 25 जून को होटल चाणक्या में होने जा रही है। बैठक में पुरानी गाड़ियों के स्थान पर करीब 150 डोर टू डोर नये वाहन खरीद पर अंतिम फैसला होगा।

डोर टू डोर वाहनों में तकनीकी खराबियां आने के कारण आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कचरा उठाव गाड़ी इस कारण समय पर नहीं पहुंच पाती है। पटना नगर निगम क्षेत्र में हुडको सीएसआर मद से वाटर एटीएम देने का प्रस्ताव दिया है।

स्थल चयन करने, अधिष्ठापन करने एवं संचालन करने के विषय पर बोर्ड की बैठक में मुहर लगेगा। लंबे समय पर इसपर अंतिम फैसला नहीं हो पाया है। संभावना जताई जा रही है कि बोर्ड की बैठक में इसपर फैसला हो जाएगा। शहर के 100 स्थानों पर वाटर एटीएम अधिष्ठापित होगा। उच्च क्षमता के बोरिंग लगाने पर फैसला होगा। वार्ड पांच में पुराने समुदायिक भवन के पास, वार्ड 28 में मौर्यलोक के पास, वार्ड 61 में लोहापुल के पास, वार्ड 32 में चांगर में पुराने पंप हाउस के पास स्थापित करने का प्रस्ताव आएगा।

वार्ड संख्या 62 में बहुउद्देशीय भवन के निर्माण, पटना सिटी और अजीमाबाद अंचल कार्यालय के भवन निर्माण पर चर्चा होगी और इस प्रस्ताव के पास होने के बाद निर्माण कार्य शुरू करने की प्रक्रिया शुरू होगी।

वार्ड 30 और 31 में घाना कालोनी तक नाली के साथ पीसीसी सड़क, वार्ड 30 में एनएच 30 से ज्योतिपुरम में ब्रह्मचारी हाउस तक, पूर्वी रामकृष्णा नगर से बड़ी टोला तक, वार्ड 44 में आदर्श नगर रोड तीन से कुणाल हाउस तक निर्माण की स्वीकृति मिलेगी। इसके साथ नगर विकासएवं आवास विभाग के विभिन्न योजनाओं की स्वीकृति देने पर फैसला होगा।

# जमुआ विधायक ने की मंत्री से शिष्टाचार भेंट, विकास को लेकर हुई चर्चा



**नव बिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** झारखंड की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से आज राजधानी रांची स्थित उनके आवास पर जमुआ विधायक डॉ. मंजू कुमारी ने औपचारिक मुलाकात की। यह भेंट केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि जमुआ क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को गति देने की साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक रही। इस अवसर पर डॉ. मंजू ने अपने विधानसभा क्षेत्र में सड़क निर्माण, पेयजल आपूर्ति, ग्रामीण आवास योजनाएं, नाली-जल निकासी, पंचायतों की योजनाओं की प्रगति जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने मंत्री को ग्रामीण स्तर पर आ रही व्यावहारिक चुनौतियों से अवगत कराया। मंत्री ने हर बिंदु पर गंभीरता से संवाद करते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य सिर्फ योजनाओं की घोषणा नहीं, बल्कि उसका जमीन पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि जमुआ क्षेत्र की प्राथमिकताओं को पूरी संवेदनशीलता के साथ लिया जाएगा, और संबंधित विभाग शीघ्र समाधान की दिशा में कार्रवाई करेंगे मंत्री दीपिका सिंह वर्तमान में झारखंड सरकार में ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य और पंचायती राज विभाग की ज़िम्मेदारी संभाल रही हैं।

इससे पूर्व उन्होंने कृषि, पशुपालन, सहकारिता और आपदा प्रबंधन जैसे अहम विभागों का भी कुशल नेतृत्व किया है। डॉ. मंजू कुमारी जी ने इस मुलाकात को ₹जनप्रतिनिधित्व और शासन के बीच संवाद की जीवंत मिसाल₹ बताया और विश्वास जताया कि इस चर्चा के सकारात्मक परिणाम जमुआ के गांव-गांव में शीघ्र देखने को मिलेंगे यह मुलाकात न सिर्फ दोनों नेताओं के बीच विचार-विनिमय का अवसर बनी, बल्कि जमुआ के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी सिद्ध हुई।

# उत्तर बिहार में अच्छी बारिश की संभावना

## किसान जुटे मेड़ों को मजबूत करने में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** बदले मानसून के कारण अगले तीन से चार दिनों में मुजफ्फरपुर समेत उत्तर बिहार के अन्य जिलों में अच्छी बारिश की उम्मीद है। कम दबाव के प्रभाव से उत्तर बिहार के अधिकतर जिलों में रविवार से मंगलवार तक अनेक स्थानों पर मध्यम वर्षा हो सकती है। कुछ स्थानों पर भारी वर्षा होने का भी संभावना है। इस अवधि के तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। दिन का तापमान 29-31 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान 23-25 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

पूवार्नुमानित अवधि में औसतन 15 से 20 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से पुरवा हवा चलने का अनुमान है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। यह सामान्य से करीब 2.4 डिग्री कम है। वहीं न्यूनतम तापमान 24.5 डिग्री सेल्सियस रहा। यह सामान्य से 1.1 डिग्री कम रहा।

शुक्रवार को मौसम दिन भर सुहाना रहा। सुबह से ही आसमान में काले बादल छाए रहे। वहीं बूंदाबांदी भी दिन भर होती रही। इस कारण गर्मी महसूस नहीं हो सकी। दोपहर बाद कुछ मिनटों के लिए धूप खिली लेकिन तेज हवा और काले बादलों ने इसके प्रभाव को समाप्त कर दिया।

किसानों के लिए मौसम विभाग ने सामयिक सुझाव जारी किए हैं। पूवार्नुमानित अवधि में वर्षा की अच्छी संभावना को देखते हुए किसान अपने खेतों में मेड़ों को मजबूत बनाने का कार्य करें। इस अवधि में अच्छी वर्षा की संभावना को देखते हुए किसान धान की रोपनी में प्राथमिकता दें। साथ ही मिर्च के बीज उथली क्यारियों में गिराएं।

# मामूली विवाद में भतीजे ने की चाचा की गोली मारकर हत्या

## मौके पर छानबीन में जुटी पुलिस, हत्यारा फरार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजधानी में शनिवार की दोपहर बड़ी वारदात हुई। पटना के व्यस्ततम इलाके कंकड़बाग में भतीजे ने चाचा की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देकर आरोपित फरार हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर कंकड़बाग थाने की पुलिस जांच के लिए पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान सूरज यादव के रूप में हुई। आरोपित सत्येंद्र यादव उर्फ झुनझुन फरार है।

मिली जानकारी के अनुसार वारदात शनिवार की दोपहर कंकड़बाग थाना क्षेत्र की हाईस्कूल गली में सूरज यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई। जान लेने का आरोप सूरज के भतीजे सत्येंद्र यादव उर्फ झुनझुन के ऊपर लगा है। बताया जाता है कि सत्येंद्र यादव शराब का लती था। शनिवार को चाचा एवं भतीजे के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसी के बाद भतीजे ने चाचा को गोली मार दी।

सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। कंकड़बाग थाने की पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है। पुलिस का कहना है कि दोनों के बीच विवाद क्या था, यह अभी साफ नहीं हो सका है। आरोपित की तलाश की जा रही है।

# गर्भवती महिलाओं की हुई स्वास्थ्य जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शिवाजीनगर में पी एम एस एम ए का आयोजन किया गया जिसमें गर्भवती महिला जांच किया गया। जिसमें गर्भवती महिला का बीपी हीमोग्लोबिन ब्लड शुगर इत्यादि प्रकार का जांच किया गया। कुल 70 गर्भवती महिला का जांच किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर कुमार अमित ने बताया कि गर्भवती महिलाओं के लिए यह जांच कराया जाना आवश्यक है। समय पर गर्भवती महिलाओं की जांच होने पर शरीर में कमी होने वाले विभिन्न तत्वों एवं विटामिनों के बारे में पता चलता है और उसकी पूर्ति दवा से होने के बाद बच्चे स्वस्थ जन्म लेते हैं इसलिए गर्भवती महिलाओं की देखभाल करने की डाइट परिजनों से लेकर स्वास्थ्य विभाग तक की है। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर कुमार अमित ,डॉक्टर सुमित कुमार प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक डॉक्टर अमानुल्लाह, एएनएम रेशमा कुमारी, सुमन कुमारी, सोनी कुमारी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद मौजूद थे।

# एयरपोर्ट पर यात्रियों ने जमकर किया हंगामा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** चेन्नई से शनिवार को पटना आई एयर इंडिया की फ्लाइट में अधिक वजन होने के कारण यात्रियों का सामान नहीं लाया जा सका। पटना एयरपोर्ट पर विमान के उतरने पर जैसे ही यात्रियों को बैगेज नहीं होने की खबर मिली, हंगामा शुरू हो गया। ओवरवेट होने की बात कहते हुए एयर इंडिया प्रबंधन ने यात्रियों का सामान घर तक पहुंचाने की बात कही। साथ ही जिनकी कनेक्टिंग फ्लाइट छूट गई, उन्हें दूसरे विमान से भेजने के आश्वासन पर पैसेंजर शांत हुए। जानकारी के अनुसार एयर इंडिया की फ्लाइट 2936 सुबह चेन्नई से यात्रियों को लेकर पटना एयरपोर्ट पहुंची। विमान के लैंड होते ही अनाउंसमेंट किया गया कि पैसेंज कर का लगेज 4 नंबर बेल्ट पर आएगा। सूचना मिलने पर यात्री जब 4 नंबर बेल्ट पर पहुंचे, तो वहां लगेज नहीं था। बैगेज न मिलने पर हंगामा शुरू हो गया। एयर इंडिया के ग्राउंड स्टाफ और सीआइएसएफ ने यात्रियों को किसी तरह शांत कराया।

एक अधिकारी ने बताया कि विमान पर 186 यात्री सवार थे। इस कारण वजन अधिक हो गया था। समर शेड्यूल में हवा गर्म रहती है। ओवरवेट होने से फ्लाइट के टेकऑफ होने में परेशानी हो सकती है। ऐसे में कार्गो और पैसेंजर की क्षमता कम की जाती है, जिसे टोल पैनेल्टी भी कहते हैं। इसी कारण यात्रियों का लगेज नहीं लाया जा सका। उन्होंने बताया कि जिन यात्रियों का स्टॉपेज पटना था, उनके घर तक लगेज पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। जिनकी कनेक्टिंग फ्लाइट छूटी है, उन्हें दूसरे विमान से एयर इंडिया की तरफ से भेजा जाएगा।

# वाहनों की ओवरटेकिंग बन रहा जाम का कारण

## दो घंटे तक यातायात रहा ठप



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** विक्रमशिला पुल पर बुधवार सुबह ओवरटेकिंग के चक्कर में कई वाहन ब्रेकडाउन हो गए, जिससे दो घंटे से अधिक समय तक यातायात ठप रहा। सुबह आठ से 10 बजे तक पुल पर पूरी तरह जाम की स्थिति बनी रही। पिलर संख्या 117 सहित दो-तीन स्थानों पर गाड़ियां खराब हो गई थीं, जो पुल के बीचोंबीच फंस गईं।

ओवरटेकिंग के दौरान अधिक दबाव के कारण वाहनों का तकनीकी संतुलन बिगड़ा, जिससे यह स्थिति उत्पन्न हुई। जाम की सूचना मिलते ही विक्रमशिला यातायात पुलिस हरकत में आई और क्रेन की सहायता से ब्रेकडाउन गाड़ियों को हटाया गया। वहीं, इस बाबात यातायात प्रभारी प्रभाकर कुमार ने बताया कि विक्रमशिला पुल पर एक साथ तीन जगहों पर गाड़ियां खराब हो गई थीं, जिसके कारण ट्रैफिक ठप हो गया। पुल की एकतरफा लेन पर दबाव बढ़ने के कारण वाहनों की लंबी कतार लग गई।

वहीं, नवगछिया की ओर से वैभव होटल के समीप दो बसों की आपसी टक्कर ने स्थिति और बिगाड़ दी। जिसके कारण जाम पुल से लेकर जीरो माइल, सबौर और शहरी वैकल्पिक बाईपास तक जाम का असर देखा गया।

वहीं दूसरी ओर स्कूल के छुट्टी के समय शहर के विभिन्न हिस्सों– तिलकामांझी, बरारी रोड, डिक्सन मोड़, ततारपुर और स्टेशन चौर पर भी गाड़ियों की रफ्तार थम गई। माउंट कार्मेल स्कूल के पास करीब आधे घंटे तक जाम लगा रहा। इस जाम में कई एंबुलेंस भी फंसी रहीं, लेकिन ट्रैफिक रेगुलेशन टीम की तत्परता से उन्हें निकाला गया और समय पर अस्पताल पहुंचाया गया।

# पौधों को किया क्षतिग्रस्त, कार्रवाई की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** बेंगाबाद के महुआटांड़ गांव में एक किसान की वर्षों की मेहनत पर असामाजिक तत्वों ने पानी फेर दिया। गांव के रामचन्द्र यादव, पिता रामकिशुन यादव ने अपने खेत में लगाए गए आम और अमरूद के पौधों को काटे जाने की शिकायत बेंगाबाद थाना में दर्ज कराई है। आवेदन में बताया कि उनके द्वारा मौजा महुआटांड़, खाता संख्या 19, प्लॉट संख्या 20 रकबा 4 एकड़ में आम का बगवानी किया गया है। 20 जून को खेत में फसल लगाने के लिए हल चलाया गया था। अगले दिन सुबह वह अपने बगवानी में पहुंचे तो देखा कि करीब 50-60 आम व अमरूद के हरे पौधे टांगी से काट दिए गए थे। घटना की जानकारी गांववालों को दी गई और अपने स्तर से छानबीन शुरू की गई। रामचन्द्र यादव ने दावा किया है कि 20 जून की रात उन्होंने मोहन यादव को टांगी लेकर अपने बगवानी की ओर जाते हुए भी देखा था पूछताछ में मोहन यादव ने अपनी टांगी झाड़ी में छिपा कर रखी थी, जिसे जब बरामद किया गया तो उसके पिछले हिस्से में पेड़ की छाल चिपकी हुई मिली। इससे पूर्व भी उन्होंने बगवानी में आगजनी की घटना हो चुकी है।

# बीएलओ और सुपरवाइजरों को मिला प्रशिक्षण




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** मतदान केंद्र का भौतिक सत्यापन करवाते हुए नजरी नक्शा की मैप एवं लैटिट्यूड व लोंगीतूड़े तैयार करवाने संबंधित मतदान केंद्र का भौतिक सत्यापन सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी द्वारा 32 विधानसभा अंतर्गत करवाया गय जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रामनिवास यादव के निदेर्शानुसार गिरिडीह जिले के 32 गिरिडीह, 31 गांडेय प्रखंड के निर्वाचन संबंधित विभिन्न स्तर के अधिकारियों बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर को प्रशिक्षण दिया गया था।

गिरिडीह प्रखंड सभागार में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में सदर के प्रखंड पदाधिकारी गणेश रजक और उप निर्वाचन पदाधिकारी ने गिरिडीह प्रखंड सभागार में गिरिडीह 32,गांडेय 31 विधानसभा महत्वपूर्ण बैठक लिया तथा निर्वाचन से जुड़े हरेक महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में जानकारी दी और साथ ही मतदान केंद्र का भौतिक सत्यापन करवाते हुए नजरी नक्शा की मैप तैयार करवाने संबंधित मतदान केंद्र का भौतिक सत्यापन सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी द्वारा 32 विधानसभा अंतर्गत करवाया गया।

प्रशिक्षण में मुख्य रूप से मतदान केंद्रों के मैप एवं जियो फेसिंग आदि के बिंदुओं पर चर्चा हुई। प्रशिक्षण के दौरान बी.एल.ओ और बी.एल.ओ सुपरवाइजर को मतदान केंद्रों के मैप एवं जिओ फेसिंग के बारे में पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी गई।

मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी व प्रखंड पदाधिकारी गणेश रजक ने बताया कि मतदाताओं को सुविधा हेतु जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों की सीमाओं को जिओ फेसिंग के माध्यम से चिन्हित एवं ऑनलाइन किया जा रहा है। इससे बी.एल.ओ को अपने क्षेत्र के मतदाताओं एवं उनके घरों तक पहुंचने में आसानी होगी। इस प्रक्रिया के संपन्न होने के पश्चात सभी बीएलओ के अपने-अपने क्षेत्र निर्धारित होंगे एवं ऑनलाइन ऐप के माध्यम से मतदाता अपने लोकेशन से ही अपने मतदान केंद्र, उसका लोकेशन एवं अपने बीएलओ को जान पाएंगे। इसके अलावा मतदाताओं को अपने नजदीकी मैदान केंद्र पर सूचीबद्ध करने की बात कही गई। इसके लिए मतदान केंद्रों के लिए नजरी नक्शा, गुगल अर्थ व्यू मैप एवं की मैप भी तैयार करा लें। उन्होंने कहा कि त्रुटि रहित मतदाता सूची बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए ससमय कार्यों का निष्पादन किया जाए। इसके अलावा सभी संबंधित प्रखंडों में भी एकदिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। मौके पर सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, कंप्यूटर ऑपरेटर अशोक कुमार , रंजीत कुमार वर्मा, अमित कुमार पाठक,आशीष कुमार एवं बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# रक्तदान शिविर में 115 यूनिट से ज्यादा रक्त संग्रह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** शहर के विश्वनाथ नर्सिंग होम परिसर में मारवाड़ी जिला सम्मेलन व मारवाड़ी युवा मंच के संयुक्त तत्वाधान में वृहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन डीसी रामनिवास यादव ने किया। इस मौके पर एसडीएम श्रीकांत यशवंत बिसपुते, एएसपी सुरजीत कुमार, सिविल सर्जन डॉ एसपी मिश्रा व रेड क्रॉस के चेयरमेन अरविंद कुमार समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। मारवाड़ी जिला सम्मेलन के अध्यक्ष श्रवण केड़िया की अगुआई में आयोजित स्वागत समारोह में डीसी, एएसपी, एसडीएम, सीएस, रेड क्रॉस के पदाधिकारियों के साथ मीडिया कर्मियों का स्वागत पुष्प गुच्छ व मोमेंटो देकर किया गया। शिविर में 115 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। शिविर की खास बात यह रही की आज पुरुषों के साथ कई महिलाओं ने भी रक्तदान किया, जिन्हें अतिथियों के हाथों सर्टिफिकेट व मोमेंटो देकर प्रोत्साहित किया गया। डीसी ने अपने संबोधन में आयोजकों की सराहना व रक्तदाताओं को बधाई दी। कार्यक्रम को एएसपी व एसडीएम समेत कई लोगों ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन रेडक्रोस के चेयरमेन अरविंद कुमार व सुनील मोदी ने संयुक्त रूप से किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रदीप अग्रवाल ने किया। शिविर को सफल बनाने में डॉ एसके डोकानिया, डॉ नीरज डोकानिया, पंकज राठी, निर्मल सलामपुरिया, राहुल केड़िया, संजय शर्मा, विकास खेतान, दिनेश खेतान आदि ने अहम भूमिका निभाई। मौके पर चैंबर के अध्यक्ष निर्मल झुनझुनवाला, रेड क्रॉस के सचिव विवेश जालान, उप चेयरमेन चरणजीत सिंह सलूजा, संयुक्त सचिव डॉ निकिता गुप्ता, कोषाध्यक्ष मुकेश जालान, कार्यकारिणी सदस्य मदनलाल विश्वकर्मा, डॉ तारकनाथ देव, संजय भूदोलिया, नील कमल भरतिया, नवीन सेठी समेत शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# परियोजना प्रभावित क्षेत्रों से स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्रों के स्थानांतरण को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** परियोजना प्रभावित क्षेत्रों से विद्यालयों व आंगनबाड़ी केंद्रों के स्थानांतरण एवं भवन निर्माण के लिए स्थल चयन से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में उपायुक्त ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ₹बच्चों के भविष्य से किसी भी स्थिति में समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही भविष्य निर्माण का आधार है, अतः विद्यालयों का संचालन किसी भी परिस्थिति में बाधित न हो, यह सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए।

उपायुक्त ने निर्देश दिया कि परियोजना प्रभावित क्षेत्रों में जहां विद्यालयों को स्थानांतरित करने की आवश्यकता है, वहां शीघ्र ही परियोजना क्षेत्र से बाहर समुचित स्थल का चयन कर विद्यालय भवन निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए। स्थल चयन करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि वह स्थान विद्यार्थियों की सुगम पहुँच में हो, खासकर जहां ग्रामीण नए सिरे से बसे हों तथा आवश्यक आधारभूत संरचनाएं उपलब्ध कराई जा सकें।उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि स्थल चयन एवं निर्माण की प्रक्रिया में किसी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब न हो। इसके लिए आपसी समन्वय स्थापित करते हुए यथाशीघ्र कार्य आरंभ किया जाए ताकि बच्चों की पढ़ाई निर्बाध रूप से जारी रह सके। बैठक में भूमि की उपलब्धता, आवागमन की सुविधा तथा भविष्य की आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न संभावित स्थलों पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही संबंधित विभागीय पदाधिकारी, सीओ, मुखिया एवं परियोजना पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि वे सभी आपस में समन्वय बनाते हुए नए स्कूल व आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए स्थल चयन की प्रक्रिया पर काम करेंगे। बैठक मेंअपर समाहर्ता संतोष सिंह, प्रशिक्षु आईएएस आनंद शर्मा, सदर एसडीओ बैद्यनाथ कामती, भू अर्जन पदाधिकारी निर्भय कुमार, डीईओ, डीएसई, संबंधित सीओ, संबंधित क्षेत्रों के मुखिया एवं सभी परियोजना के पदाधिकारी व अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

# पेंशन की राशि बढ़ाने पर सीएम को दी बधाई

**अररिया।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा जनकल्याण के प्रति समर्पित ऐतिहासिक निर्णय सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की पेंशन 400 से बढ़ाकर 1100 रुपए प्रति माह किए जाने को लेकर अररिया जिला जदयू के कार्यकर्ताओं ने बिहार के विकास पुरुष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया। लोगों ने कहा कि जिससे समाज के बुजुर्ग, विधवा, दिव्यांगजनों के सम्मानजनक जीवन हेतु एक सशक्त कदम है। राज्य के सभी प्रखंडों में विवाह भवन का निर्माण कराया जाएगा, जिससे आमजन को सामाजिक आयोजनों में सुविधा मिलेगी। जीविका दीदियों को दिए गए ऋण पर अब केवल 7% ब्याज देना होगा जिससे महिला स्वावलंबन और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। बिहार के विकास, सामाजिक न्याय और अंतिम पंक्ति तक सरकार की योजनाओं की लाभ सुनिश्चित करने के मजबूत संकल्प को दशार्ते हैं। आभार प्रकट करने वालों में जदयू नेता सह जिला परिषद अध्यक्ष आफताब अजीम उर्फ पप्पू अजीम, जदयू नेत्री शगुफ्ता अजीम, जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सीताराम मंडल, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव महेंद्र सिंह चौहान, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बिरेंद्र कुमार राय, महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सुशीला साह, युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रमेश कुमार राय, जिला उपाध्यक्ष रेशम लाल पासवान,जदयू नेता उपेंद्र मंडल, रजी अहमद, निरंजन सिंह, बानेश्वर वर्मा के अलावे दर्जनों लोग शामिल हुए।

# पेंशन के लंबित मामलों की त्रुटियां दूर कराए सरकार : राजेश यादव



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** स्थापना दिवस पर कार्यकर्ता संकल्प मीटिंग की तैयारी बेंगाबाद फॉरवर्ड ब्लॉक के नेता एवं पूर्व जिप सदस्य राजेश यादव ने कहा है कि सर्वजन पेंशन और मंईयां सम्मान योजना के कई लाभुक छोटी-मोटी त्रुटियों के कारण वर्षों से इसका लाभ नहीं ले पा रहे हैं। पात्र होते हुए भी नाम, प्रखंड, उम्र या डीबीटी जैसी मामूली त्रुटियों के कारण लोगों को लगातार कार्यालयों का चक्कर लगाना पड़ रहा है। सरकार को ऐसे मामलों में लाभुकों के घर-घर जाकर त्रुटियों का समाधान कर इन्हें योजना का लाभ सुनिश्चित करना चाहिए।

श्री यादव बेंगाबाद के पतरोडीह गांव में इस तरह की शिकायतें मिलने के बाद मीडिया से बात कर रहे थे। वे अपनी पार्टी के स्थापना दिवस पर 22 जून को बेंगाबाद में आयोजित कार्यकर्ता संकल्प मीटिंग की तैयारी को लेकर जनसंपर्क अभियान के तहत वहां पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों ने शिकायत की कि कई माह या वर्षों से त्रुटि सुधार के लिए वे दौड़-धूप कर रहे हैं, लेकिन अब तक समाधान नहीं हुआ। किसी का नाम गलत है, किसी का प्रखंड, तो किसी की उम्र में गलती है। कई लाभुकों को कुछ माह पेंशन या सम्मान राशि मिलने के बाद भी भुगतान बंद कर दिया गया है। राजेश यादव ने कहा कि किसी भी लोककल्याणकारी सरकार का दायित्व है कि ऐसी योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली दिक्कतों का जमीनी स्तर पर निराकरण कर लाभुकों को राहत दे। इस अवसर पर शंभू ठाकुर, किशोर दास, भोली दास, प्रदीप दास, लोचन दास, पुनीत दास, अजय दास, अंजु देवी, मंगरी देवी समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

CMYK

# योग दिवस पर एनडीए नेताओं ने पीएम के संदेश को अपनाया, लोगों को किया जागरूक

## योग दिवस पर रविशंकर प्रसाद, नितिन नवीन, रामकृपाल यादव, अरुण सिन्हा, भीम सिंह, रितुराज सिन्हा एवं अन्य कई नेताओं ने किया एक साथ योगाभ्यास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** शनिवार को राजधानी पटना के कंकड़बाग स्थित, पाटलीपुत्रा खेल परिसर में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस राज्यस्तरीय समारोह की अध्यक्षता स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने की। इस अवसर पर कार्यक्रम में बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, जदयू नेता व बिहार सरकार के मंत्री विजय चौधरी, पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद, पूर्व सांसद रामकृपाल यादव, भाजपा सांसद भीम सिंह, बिहार सरकार के मंत्री नितिन नवीन, विधायक अरुण सिन्हा, भाजपा नेता रितुराज सिन्हा व कई गणमान्य अतिथि इस अवसर पर उपस्थित रहे। हजारों की संख्या में प्रतिभागियों ने इस योग दिवस समारोह में भाग लिया और सामूहिक योगाभ्यास के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में योग विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान सत्र का संचालन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि आज लगभग 200 देश ने योग को अपनाया है जिसकी शुरुआत प्रधानमंत्री ने कराई और यह हमारा गौरवशाली इतिहास है। योग से हमारा शरीर रिचार्ज हो जाता है। हम सबको अपने जीवन को स्वस्थ रखने के लिए योग करना चाहिए। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि मन का संतुलन ही सच्चा सुख है। योग से जुड़ें और जीवन को सुंदर बनाएं। योग दिवस के कार्यक्रम में मंत्री विजय कुमार चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि आज युवा योग के प्रति बेहद लगाव रखते हैं और योग को अपना रहे हैं। आज प्रधानमंत्री की पहल पर दुनिया योग करती है। योग करने से जीवन में एकाग्रता आती है शरीर निरोग रहता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि इस वर्ष योग दिवस की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' संपूर्ण मानवता के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम है, बल्कि यह मस्तिष्क को शांत और जीवन को संतुलित रखने की एक पद्धति है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में योग को आज वैश्विक पहचान मिली है और इसका प्रभाव पूरे विश्व में देखने को मिल रहा है। लगभग 200 देशों में योग दिवस मनाया जाना इस प्राचीन भारतीय परंपरा को वैश्विक स्वीकार्यता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में आयुष क्षेत्र चाहे वह आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी या योग हर स्तर पर सशक्त और सुदृढ़ हो रहा है। आयुष सेवाओं का विस्तार और सुदृढ़ीकरण राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। योग दिवस के कार्यक्रम में सांसद रवि शंकर प्रसाद ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जब भी हम सब योग के अंतर्राष्ट्रीय दिवस की चर्चा करते हैं तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हैं। उन्होंने ही इस भारतीय संस्कृति और परंपरा से जुड़े एक विधा को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव सह विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत ने भी संबोधित किया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा, मंत्री विजय चौधरी, बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, मंत्री नितिन नवीन, सांसद रविशंकर प्रसाद, सांसद भीम सिंह, विधायक अरुण कुमार सिन्हा, पूर्व सांसद राम कृपाल यादव, ऋतुराज, विकास आयुक्त सह स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव सह विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, राज्य आयुष समिति के कार्यपालक निदेशक वैभव चौधरी, आयुष्मान कार्ड बिहार के सीईओ शशांक शेखर सिन्हा, स्वास्थ्य मंत्री के आप्त सचिव अमिताभ सिंह के साथ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# बी. डी. कॉलेज, पटना में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बी. डी. कॉलेज, पटना के 29 बिहार बटालियन एन.सी.सी. एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन भव्य रूप से कॉलेज परिसर में किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) विवेका नन्द सिंह के निर्देश में आयोजित किया गया। उनका मार्गदर्शन इस कार्यक्रम की सफलता में अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। प्रातः 7:00 बजे प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षकगण, शिक्षकेतर कर्मचारीगण, छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेटों एवं एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस समन्वयक डॉ. अशोक कुमार साव के नेतृत्व में हुआ। भौतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई एवं योग के शारीरिक, मानसिक तथा आत्मिक लाभों पर प्रकाश डाला। योगाभ्यास सत्र का संचालन योग प्रशिक्षक अमरजीत कुमार एवं सहायक वासिका कुमारी द्वारा किया गया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास सटीक विधियों से करवाया।

# योग एक सम्पूर्ण जीवन पद्धति : विजय प्रकाश

## स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े ही जोश, उमंग और उत्साह के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर कक्षा 1 से लेकर कक्षा 12 तक के सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में हमारे एससीएल के अध्यक्ष विजय प्रकाश, प्राचार्या डॉ. मृदुला प्रकाश, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं समस्त स्टाफ तथा छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई जिसके पश्चात प्राचार्या डॉ. मृदुला प्रकाश ने सहज ध्यान एवं भ्रामरी की विधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को योग की शांति और संतुलन का अनुभव कराया। इसके बाद अध्यक्ष विजय प्रकाश ने 'अ, आ, इ, ई, उ, ऊ' जैसे उच्चारणों की वैज्ञानिक व्याख्या करते हुए बताया कि इन ध्वनियों का हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम ही नहीं यह एक जीवन पद्धति है। उन्होंने इसकी वैज्ञानिक व्याख्या करते हुए कहा कि यौगिक जीवन पद्धति के अनुसरण से स्वस्थ एवं सुखी जीवन जिया जा सकता है। योग शिक्षिका श्रीमती ऋचा के निर्देशन में योग सत्र का आरंभ प्रार्थना से हुआ जिससे पूरे वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। विशेष बात यह रही कि कक्षा 9 की छात्राएं रिया कुमारी एवं काव्या कुमारी ने मंच पर योग प्रदर्शन का नेतृत्व किया। उन्होंने अनुशासित और सटीक योग मुद्राओं के माध्यम से अन्य विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

# एसबीआई ने मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय स्टेट बैंक, स्थानीय प्रधान कार्यालय, पटना के प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर का आयोजन किया गया। इस वर्ष के योग दिवस का थीम 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग' पर प्रकाश डाला गया। शिविर में एसबीआई पटना मंडल के महाप्रबंधक रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव एवं आर. नटराजन, एसबीआई लेडिज क्लब की अध्यक्षा साईं लक्ष्मी एवं क्लब के अन्य सदस्यगण, उप महाप्रबंधक वृंद सहित बैंक के करीब 70 वरिष्ठ आधिकारियों ने भाग लिया। इस योगाभ्यास शिविर में विवेकानंद केंद्र के योग प्रशिक्षक के नेतृत्व में दैनिक जीवन में नित्य किए जाने वाले आसनों का अभ्यास किया गया। साथ ही मानवता के कल्याण के लिए पर्यावरण की सेहत के लिए तथा पृथ्वी की रक्षा के लिए कामनाएं की गईं।

# एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय ने मनाया 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

## कर्मचारियों एवं परिजनों ने योग प्रोटोकॉल के अनुरूप किया सामूहिक योगाभ्यास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा तय योग प्रोटोकॉल के अनुसार एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय ने जहां आज शास्त्री नगर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय सह आवासीय परिसर में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। वहीं क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (पूर्व -1) सुदीप नाग और महाप्रबंधक (मा. सं.) अनिल कुमार चावला ने पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय के कोलकाता कार्यालय के कर्मियों के साथ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 के दोनों कार्यालयों के अधिकारी, कर्मचारी तथा उनके परिजन बड़ी संख्या में एकत्र हुए और सामूहिक योगाभ्यास में सहभागिता की। पटना में कार्यक्रम का संचालन पटना के जाने-माने योग प्रशिक्षक विशाल कुमार ने किया। उन्होंने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को योग के विभिन्न आसनों, प्राणायाम तथा ध्यान विधियों का अभ्यास कराया और योग के नियमित अभ्यास से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक लाभों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक (सिविल) संजीव कुमार भारती, उप महाप्रबंधक (नैगम संचार) विश्वनाथ चन्दन, उप महाप्रबंधक (विधि) शंकर आनंद, उप महाप्रबंधक (वाणिज्यक) तजेन्द्र पाल सिंह, उप महाप्रबंधक (प्रचालन सेवाएं) राहुल आनंद, उपमहाप्रबंधक (विद्युत) अद्वैत कल्याण सहित अन्य कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय में प्रतिवर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर इस प्रकार के आयोजन से कर्मचारियों एवं उनके परिवारों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सकारात्मक वातावरण को प्रोत्साहित करने में मदद मिलती है।

# पेंशन में बढ़ोतरी का मंत्री संतोष कुमार सिंह ने किया स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में ऐतिहासिक बढ़ोतरी के फैसले का जोरदार स्वागत किया। उन्होंने इसे बिहार के वृद्धजनों, दिव्यांगों और विधवा महिलाओं के लिए आर्थिक संबल और सम्मानजनक जीवन की दिशा में क्रांतिकारी कदम बताया। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ सभी जाति, धर्म, वर्ग और समुदाय के वृद्धजनों, दिव्यांगों और विधवा महिलाओं को एक समान मिल पाएगा जिसे इनका मान समाज और परिवार में भी बढ़ेगा। कोई इन्हें हीन या परित्यक्त भाव से नहीं देखा और इनके जीवन स्तर में व्यापक बदलाव आएगा। यह पेंशन एनडीए सरकार की कार्य कुशलता को दर्शाता है। मंत्री संतोष कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने दूरदर्शी नेतृत्व में यह साबित कर दिया है कि सामाजिक न्याय और संवेदनशील प्रशासन सिर्फ नारों में नहीं, बल्कि जमीन पर दिखने वाले फैसलों में होता है। उन्होंने कहा कि अब तक लाभार्थियों को जहां 400 प्रतिमाह पेंशन मिलती थी, वहीं अब उन्हें 1100 प्रतिमाह की राशि मिलेगी जो करीब तीन गुनी बढ़ोतरी है।

# योग सत्र के बाद स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत संगीत का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता टीम द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं विश्व संगीत दिवस के अवसर पर योग सह संगीत सत्र का आयोजन अदालतगंज तालाब पार्क में किया गया जिसका उद्घाटन दीप प्रज्वलित करके पटना नगर निगम के उपनगर आयुक्त रामाशीष तिवारी, उप नगर आयुक्त प्रदीप कुमार राय, कार्यपालक पदाधिकारी निखिल कुमार, पटना नगर निगम स्वच्छता अभियान की ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत, योग गुरु दर्शन सोनी और गायक राजेश केसरी ने किया। इस अवसर पर सभी उपस्थित अतिथियों ने नीम और जामुन के अनेक पेड़ लगाए और योग गुरु के मार्गदर्शन में योगाभ्यास किया। योग सत्र के बाद स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत संगीत सत्र का आयोजन किया गया जिसमें लोक गायिका डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने बिहार के पारंपरिक लोकगीतों के साथ-साथ स्वच्छता गीतों की सुमधुर प्रस्तुति दी। नीतू नवगीत ने मां गंगा को याद करते हुए अनेक दूसरे गीत भी गाए। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का प्रिय गीत रघुपति राघव राजा राम भी गाकर सुनाया। कार्यक्रम में कैसियो पर संजय मिश्रा, तबला पर प्रवीण कुमार और पैड पर अभिषेक कुमार ने लोक गायिका नीतू नवगीत के साथ संगत किया। राजेश केसरी ने भी जागरूकता गीत गाकर लोगों को स्वच्छ पटना शहर अपना का संदेश दिया। योग सत्र के दौरान उपनगर आयुक्त रामाशीष तिवारी ने कहा कि योग भारतीय अभ्यास प्रणाली है जो शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है। वर्तमान दौर के तनावपूर्ण जीवन में योग की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है। योग हमें शारीरिक लचीलापन, मानसिक शांति और आत्मिक संतुलन प्रदान करता है। यह तनाव, चिंता और अवसाद जैसी समस्याओं से निपटने में मदद करता है। योग के नियमित अभ्यास से हम अपने जीवन को स्वस्थ, सुखी और संतुलित बना सकते हैं। इसलिए, योग को अपने दैनिक जीवन में शामिल करना बहुत जरूरी है। यह हमें एक स्वस्थ और खुशहाल जीवन जीने में मदद करता है।

# देशरत्न राजेंद्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में योग दिवस का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विद्यापीठ के अंतर्गत देशरत्न राजेंद्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश ने योग की महत्ता तथा योग के इतिहास पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सभी को योग करने की जरूरत है। योग हमें अच्छी जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि योग को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए। इस अवसर पर शिक्षा, संस्कृति एवं संग्रहालय, बिहार विद्यापीठ की निदेशिका डॉ मृदुला प्रकाश, वित्त मंत्री बिहार विद्यापीठ नीरज सिन्हा, पूर्व वित्त मंत्री विवेक रंजन, ए आई सी सी ओ ओ प्रमोद कर्ण, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ पूनम वर्मा, बिहार विद्यापीठ परिवार के सभी सदस्य तथा महाविद्यालय के सभी शिक्षकगण तथा प्रशिक्षुगण उपस्थित थे।

# सीबीसी पटना ने किया वैशाली में योग समारोह सह फोटो प्रदर्शनी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना/वैशाली।** 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 समारोह के तहत केन्द्रीय संचार ब्यूरो पटना द्वारा योगाभ्यास और फोटो प्रदर्शनी का आयोजन शनिवार (21 जून 2025) को राजकीय मध्य विद्यालय, माधोपुर गोपालपुर, वैशाली में किया गया। योगाभ्यास एवं योग फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन योगाचार्य सुरेश थापा उर्फ सुरेश तिवारी, सचिव, औलिया आध्यात्मिक अनुसंधान केंद्र, वैशाली, शैलेंद्र प्रसाद सिंह पूर्व प्रमुख वैशाली, योगाचार्य केदार पांडेय और सीबीसी पटना के प्रमुख संजय कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर दो सौ ज्यादा स्कूली छात्र और आम लोगों ने योग का अभ्यास किया। योग दिवस के मौके पर योगाचार्य सुरेश थापा ने अतिथियों एवं आम लोगों को योग के विभिन्न आयाम का अभ्यास कराया। उन्होंने योग के फायदे बताए और कहा कि मनुष्य जीवन का परम उद्देश्य केवल भौतिक सुख-सुविधाओं की प्राप्ति नहीं, अपितु आत्मा की उन्नति और प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण जीवन जीना भी है। योग से शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक उन्नति होती है। केन्द्रीय संचार ब्यूरो के कार्यालय प्रमुख उपनिदेशक संजय कुमार ने कहा कि जीवन में सकारात्मक परिवर्तन के लिए योग और प्रकृति पर्यावरण को साथ लेकर चलना चाहिये, ताकि मानव जीवन में शांति और स्वास्थ का संचार हो सके। वहीं योगाचार्य केदार पांडेय ने लोगों को योग के विभिन्न आसन का अभ्यास कराया और कहा कि योग एक बहुत ही अच्छा व्यायाम है और इसके कई शारीरिक और मानसिक फायदे हैं। नियमित रूप से योग करने से तनाव कम होता है, शरीर लचीला होता है और ऊर्जा का स्तर बढ़ता है। इस अवसर पर सीबीसी पटना के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी मनीष कुमार, नवल झा, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अमरेंद्र मोहन, हर्ष सिन्हा, सामाजिक कार्यकर्ता रत्नेश्वर, पीआईबी के ज्ञान प्रकाश सहित कई लोग उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह व अन्य उच्चाधिकारियों ने किया योगाभ्यास




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह एवं पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा सुनीता सिंह के मुख्य आतिथ्य में पाटलिपुत्र रेल परिसर, पटना में ''एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग'' थीम पर आधारित योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाप्रबन्धक छत्रसाल सिंह एवं महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा सुनीता सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत योग प्रशिक्षक द्वारा योग के विभिन्न प्रकार के आसनों एवं प्राणायाम की क्रियाएं करवायी गयी एवं इससे होने वाले बहुआयामी लाभ के संबंध में रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अवगत कराया। योगाभ्यास के दौरान अधिकारियों ने शरीर के विभिन्न अंगों को सुचारू रूप से कार्यशील रखने हेतु प्राणायाम एवं योग के अन्य विधाओं का अभ्यास किया। इससे पहले महाप्रबंधक एवं अन्य उच्चाधिकारीगण विशाखापट्टनम में आयोजित प्रधानमंत्री के योग कार्यक्रम में लाइव प्रसारण से जुड़े एवं प्रधानमंत्री के योग से संबंधित संबोधन से लाभान्वित हुए।

# 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' थीम पर मना अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' की वैश्विक थीम पर अत्यंत उत्साह एवं भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा उन्होंने संस्थान के वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आईएआरआई पटना हब के विद्यार्थियों के साथ सामूहिक योगाभ्यास में भाग लिया। कार्यक्रम में अटारी, पटना के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भी सक्रिय सहभागिता रही। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना के कार्यकारी निदेशक डॉ. आशुतोष उपाध्याय ने केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर का हार्दिक स्वागत किया तथा अपने संबोधन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की महत्ता, उद्देश्य एवं योग के शारीरिक, मानसिक तथा आध्यात्मिक लाभों की विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि योग शरीर को आत्मा से, मन को विचार से तथा बुद्धि को विवेक से जोड़कर निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन की जानकारी देते हुए उमेश कुमार मिश्र, सदस्य सचिव (मीडिया) ने बताया कि इस अवसर को सफल बनाने में विपुल राज, डॉ. अभिषेक कुमार, डॉ. वेद प्रकाश, डॉ. सौरभ कुमार, सरफराज अहमद, प्रभा कुमारी, साजीद मुस्ताक तथा अन्य कर्मियों की सराहनीय एवं महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# गृह राज्य मंत्री ने योग दिवस पर अपने विचार लोगों के साथ साझा किए



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत पर्यटन पटना, पर्यटन मंत्रालय ने 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन किया जो कि 21 जून, 2025 को टी.एफ. सी. हॉल, कंगन घाट गुरुद्वारा, पटना साहिब, पटना में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' थीम पर आधारित था, जो कि आयुष मंत्रालय ने घोषित किया है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इस कार्यक्रम में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम में 250 से अधिक छात्रों और पर्यटन हितधारकों ने भाग लिया और अपने दैनिक जीवन में योग को अपनाने के लाभों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्साहवर्धक भाषण को ऑनलाइन सुना।

# एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य थीम के साथ बियाडा में मना अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग सत्र का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' को आत्मसात करते हुए यह आयोजन सम्पूर्ण राज्य में बियाडा के सभी क्लस्टर्स और इकाईयों में समर्पित ऊर्जा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बियाडा एवं आइडीए के प्रबंध निदेशक कुंदन कुमार, भा.प्र.से ने की। उनके नेतृत्व में पटना मुख्यालय सहित राज्य भर के 9 औद्योगिक क्लस्टर्स में अधिकारियों, कर्मचारियों और स्थानीय उद्यमियों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित किया। योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न आसनों, प्राणायाम और ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर कुंदन कुमार ने कहा-योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि यह मानसिक शांति, संतुलन और आंतरिक ऊर्जा का मार्ग है। आज की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' वैश्विक एकता और समग्र स्वास्थ्य का प्रतीक है। योग न केवल व्यक्तिगत जीवन को सशक्त बनाता है, बल्कि सामाजिक और वैश्विक स्वास्थ्य के प्रति भी हमारी जिम्मेदारी को रेखांकित करता है। बियाडा ने सभी औद्योगिक इकाइयों, उद्यमियों और कर्मचारियों से अपील की कि वे योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और स्वस्थ, सशक्त तथा सकारात्मक समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रतिपादित 'योग के माध्यम से शांति और सौहार्द' के संदेश को आत्मसात करने की दिशा में एक प्रेरणादायी कदम है।

# 'बिहार अलीग कनेक्ट' राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, ओल्ड ब्वॉयज एसोसिएशन, बिहार चैप्टर-पटना की ओर से 'बिहार अलीग कनेक्ट' राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन रविवार (22 जून) को अभिलेख भवन ऑडिटोरियम, पटना में किया जा रहा है। अलीग, एएमयू छात्र संघ के महासचिव मुशीर आलम ने बताया कि 'बिहार अलीग कनेक्ट' कार्यक्रम में बिहार के सभी 38 जिलों के एएमयू पूर्व छात्रों को एक मंच पर लाकर शिक्षा, सामाजिक चेतना और युवाओं के सशक्तिकरण के मुद्दों पर संवाद को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि 'बिहार अलीग कनेक्ट' में प्रमुख बिंदु के तौर पर पूर्व छात्रों के बीच समन्वय और मार्गदर्शन को सशक्त करना, जिला स्तर पर संयोजक नियुक्त करना, एएमयू किशनगंज केंद्र के विकास में सहयोग, जेएनयू, जेएमआई, एमए एनयूयू जैसे संस्थानों से एलुमनी सहयोग, सर सैयद लिटरेसी स्कूल, शास्त्री नगर का सशक्तिकरण, पटना में सर सैयद हाउस की स्थापना का प्रस्ताव आदि शामिल हैं।

## संपादकीय

# सार्थक बातचीत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब जी7 सम्मेलन के लिए रवाना हुए थे, तो दो मुद्दों पर खासकर सभी की नजर थी - कनाडा के साथ रिश्ते किस तरह आगे बढ़ते हैं और आतंकवाद पर भारत अपना पक्ष किस तरह रखता है। एक ही मंच का इस्तेमाल कर देश ने दोनों को साध लिया। यह आयोजन भारत और कनाडा के बीच रिश्तों पर जमी बर्फ को पिघलाने का जरिया तो बना ही, नई दिल्ली ने दुनिया को आतंकवाद के प्रति भी चेता दिया कि इस मामले में दोहरे मापदंड नहीं चलेंगे।भारत और कनाडा ने एक-दूसरे के यहां हाई कमिश्नर जल्द से जल्द बहाल करने का ऐलान किया है। यह उस गलती को सुधारने की दिशा में पहला कदम है, जो कनाडा के पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो ने की थी। राजनयिक संबंध बहाल होने से दूसरे द्विपक्षीय मामलों को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी, जिनमें पिछले साल टकराव के बाद से ठहराव आ गया था। इसमें प्रमुख है व्यापार और निवेश समझौता सीईपीए। एक विस्तृत इकॉनमिक एग्रीमेंट को लेकर दोनों देशों ने 2010 में बातचीत शुरू की थी। करीब एक दशक तक सब ठीक चला, लेकिन पहले कोरोना की रुकावट आई और फिर कूटनीतिक रिश्ते खराब हो गए। भारत और कनाडा के बीच वित्तीय वर्ष 2024 में 8.37 बिलियन डॉलर का व्यापार हुआ था। हालांकि दोनों की इकॉनमी को देखते हुए क्षमता और संभावनाएं कहीं ज्यादा हैं। आर्थिक समझौते से व्यापार आसान होगा, निवेश बढ़ेगा और अनुमान है कि द्विपक्षीय कारोबार में 6 बिलियन डॉलर तक का इजाफा होगा। भारत और कनाडा के सामने शिक्षा, मैन्युफैक्चरिंग, ग्रीन एनर्जी, इंफ्रा, कृषि - तमाम क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के अपार मौके हैं। भारतीय छात्रों के लिए कनाडा ज्ञश्यश्च द्धश्यह्द्गद्बद्दठ्ठ स्त्रद्गह्यह्लद्बठ्ठड्ड-ह्लद्बश्ठ्ठ रहा है। बातचीत बढ़ने से ह्यह्लह्वस्त्रद्गठ्ठह्ल 1द्बह्यड्ड और वर्क परमिट आसान हो सकता है। पीएम मोदी और मार्क कार्नी की मुलाकात से जो रास्ता खुला है, उसका पूरा फायदा मिले, इसके लिए कनाडा को खालिस्तानी अलगाववादियों से जुड़ी भारत की चिंताओं पर ध्यान देना होगा। खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर केस से जुड़े सवाल पर कार्नी का संतुलित जवाब बताता है कि उन्हें भी इसका ख्याल है। पीएम मोदी ने जी 7 के आउटरीच सेशन में आतंकवाद का मुद्दा उठाया और उनका सवाल बिल्कुल ठीक है कि आतंकवाद के प्रायोजक देश और पीड़ितों को एक तराजू में क्यों तौला जा रहा है। जब तक दुनिया के ताकतवर देश आतंकवाद को लेकर अपना नजरिया साफ नहीं करते और अपनी सहूलियत के अनुसार आतंक की परिभाषा तय करने की आदत नहीं छोड़ते, यह समस्या हल नहीं होने वाली।

**कुछ महीने पहले, भारत की प्राचीन आस्था का एक और प्रतीक चुपचाप अपने सही स्थान पर लौट आया। नई संसद के उद्घाटन के दौरान, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सेंगोल को स्थापित किया। यह एक पवित्र राजदंड है, जिसे 1947 में तमिल अधीनमों ने सत्ता के धार्मिक हस्तांतरण को चिह्नित करने के लिए जवाहरलाल नेहरू को भेंट किया था। दशकों से, इसे भुला दिया गया था, समुचित स्थान से वंचित किया गया, और एक प्रचलित राजदंड के तौर पर खारिज कर दिया गया था। इसकी स्थापना केवल स्मरण का कार्य नहीं था - यह एक शक्तिशाली घोषणा थी कि भारत अब खुद को उधार की आंखों से नहीं देखेगा। सेंगोल ने साम्राज्य के अवशेषों का नहीं, बल्कि धार्मिकता पर आधारित शासन का प्रतिनिधित्व किया।**

# धर्म का एक दशक- मोदी युग में सांस्कृतिक पुनर्जागरण

**(गजेन्द्र सिंह शेखावत )**

2014 में शुरू से ही यह स्पष्ट था कि मोदी सरकार के तहत संस्कृति अब सजावटी नहीं रहेगी, बल्कि यह मूलभूत होगी। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पहली बार 2015 में मनाया गया था। अब दुनिया भर में लाखों लोगों को एक प्राचीन भारतीय परंपरा का जश्न मनाते देखा जा रहा है, जो शरीर, मन और आत्मा को आपस में जोड़ता है।

जनवरी 2024 में, जब पावन नगरी अयोध्या में सूर्योदय हुआ। सदियों से लुप्त हो चुकी प्रार्थना अब आखिरकार गुंजायमान होने लगी थी। श्री राम की अपने राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महज एक धार्मिक उपलब्धि नहीं थी। यह सभ्यता के उद्धार का क्षण था। सदियों के आक्रमण, औपनिवेशिक विकृति और राजनीतिक देरी के बाद, मंत्रों से गूंजता हुआ और इतिहास के स्पंदन सहित, बलुआ पत्थर में उकेरा गया यह मंदिर शान से खड़ा था। यह सिर्फ वास्तुकला के बारे में नहीं था, यह एक घायल आत्मा के उपचार के बारे में था। श्री राम की अपनी जन्मभूमि पर वापसी ने उस राष्ट्र की आस्था को फिर से जागृत कर दिया, जिसने लंबे समय तक अपने दिल में निर्वासन की खामोशी को समेटे रखा था।

कुछ महीने पहले, भारत की प्राचीन आस्था का एक और प्रतीक चुपचाप अपने सही स्थान पर लौट आया। नई संसद के उद्घाटन के दौरान, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सेंगोल को स्थापित किया। यह एक पवित्र राजदंड है, जिसे 1947 में तमिल अधीनमों ने सत्ता के धार्मिक हस्तांतरण को चिह्नित करने के लिए जवाहरलाल नेहरू को भेंट किया था। दशकों से, इसे भुला दिया गया था, समुचित स्थान से वंचित किया गया, और एक प्रचलित राजदंड के तौर पर खारिज कर दिया गया था। इसकी स्थापना केवल स्मरण का कार्य नहीं था - यह एक शक्तिशाली घोषणा थी कि भारत अब खुद को उधार की आंखों से नहीं देखेगा। सेंगोल ने साम्राज्य के अवशेषों का नहीं, बल्कि धार्मिकता पर आधारित शासन का प्रतिनिधित्व किया। यह भारत की अपनी राज्य कला और आध्यात्मिक परंपराओं का एक महत्वपूर्ण आलिंगन था, जिसे उपनिवेशवाद के बाद के क्रम में लंबे समय तक नजरअंदाज किया गया था।

इतना ही नहीं, इन क्षणों ने एक गहरे सांस्कृतिक पुनर्जागरण का संकेत दिया। यह एक सभ्यतागत गतिविधि के तौर पर ग्यारह परिवर्तनकारी वर्षों में सामने आएगी।

2014 में शुरू से ही यह स्पष्ट था कि मोदी सरकार के तहत संस्कृति अब सजावटी नहीं रहेगी, बल्कि यह मूलभूत होगी। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पहली बार 2015 में मनाया गया था। अब दुनिया भर में लाखों लोगों को एक प्राचीन भारतीय



परंपरा का जश्न मनाते देखा जा रहा है, जो शरीर, मन और आत्मा को आपस में जोड़ता है। योग केवल एक स्वास्थ्य संबंधी दिनचर्या भर नहीं है, बल्कि यह पिछले कुछ वर्षों में भारत का सबसे बड़ा सांस्कृतिक निर्यात भी बन गया है।

आयुष मंत्रालय के माध्यम से पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों के पुनरुद्धार को संस्थागत बल दिया गया। इसके परिणामस्वरूप आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी को राष्ट्रीय और वैश्विक मंचों पर पहुंचने में मदद मिली। समानांतर रूप से, सरकार ने संस्कृत, तमिल, पाली और प्राकृत जैसी शास्त्रीय भाषाओं को संरक्षित करने, पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने और उस्ताद एवं हमारी धरोहर जैसी योजनाओं के तहत लुप्तप्राय लोक कलाओं और शिल्पों का समर्थन करने के लिए मिशन शुरू किए।

भारत की ऐतिहासिकों इमारतों में भी नई जान आ गई। 2018 में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का अनावरण केवल व्यापकता के बारे में नहीं था, बल्कि एक गाथा को पुनः प्रतिष्ठित करने जैसा था। सरदार वल्लभभाई पटेल लंबे समय से ओझल हो रहे थे। उनको राष्ट्रीय स्मृति में सबसे आगे रखा गया। राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ करना एक निर्णायक बदलाव का प्रतीक था। यह औपनिवेशिक प्रतीकवाद से देशी जवाबदेही की ओर बदलाव का भी प्रतीक था।

तमिलनाडु के महाबलीपुरम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति श्री शी जिनपिंग के बीच 2019 की अनौपचारिक शिखर वार्ता की तुलना में शायद कोई भी कूटनीतिक वार्ता इस बदलाव को बेहतर तरीके से नहीं दर्शाती है। दिल्ली के गलियारों से दूर, प्राचीन बंदरगाह का नगर, जो कभी पल्लव राजवंश और भारत-चीनी समुद्री संबंधों का एक संपन्न केंद्र होने के साथ-साथ दो सभ्यताओं के बीच वार्ता की पृष्ठभूमि बन गया। जब नेता चट्टानों को काटकर बनाए गए मंदिरों और पत्थर के रथों के बीच चले, तो भारत ने न केवल भूगोल, बल्कि इतिहास और न केवल प्रोटोकॉल, बल्कि विरासत को भी प्रस्तुत किया। यह अपने सबसे सूक्ष्म और सबसे मजबूत रूप में सॉफ्ट पावर था।

यह सांस्कृतिक लोकाचार अन्य तरीकों से भी भारत की वैश्विक कूटनीति में प्रवाहित हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विश्व के नेताओं को राजकीय उपहार के तौर पर पट्टचित्र पेंटिंग से लेकर बच्चों के लिए लाख के खिलौने भेंट किए गए, जो अपने साथ भारत के कारीगरों और कालातीत परंपराओं के संदेश लेकर गए।

2023 में जी-20 की अध्यक्षता एक और सांस्कृतिक उपलब्धि साबित हुई। दिल्ली के डिप्लोमेटिक हॉल तक सीमित न रहकर, यह शिखर सम्मेलन सांस्कृतिक पहचान का अखिल भारतीय उत्सव बन गया। आदिवासी कला प्रदर्शनों से लेकर शास्त्रीय प्रदर्शनों तक, भारत ने न केवल अपनी नीतिगत गहराई, बल्कि अपनी आत्मा का भी प्रदर्शन किया। हर प्रतिनिधिमंडल भारत के रंगों, व्यंजनों, शिल्प और चेतना में डूबा हुआ था। संदेश स्पष्ट था- भारत भूतकाल की सभ्यता नहीं है - यह जीवंत, सशक्त और आत्मविश्वास से परिपूर्ण वैश्विक सभ्यता है।

इन वर्षों के दौरान, 600 से अधिक चोरी की गई कलाकृतियां विदेशी संग्रहालयों और संग्रहकर्ताओं से वापस लाई गईं, जिनमें मूर्तियां, शिलालेख और पांडुलिपियां शामिल हैं। इनमें से प्रत्येक की वापसी न केवल कला की बल्कि सम्मान की बहाली थी। इसी तरह, गुरु गोविंद सिंह के वीर शहजादों की शहादत को याद करने के लिए वीर बाल दिवस की स्थापना की गई, जबकि जनजातीय गौरव दिवस ने आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों को राष्ट्रीय केन्द्र में लाया।

महामारी भी सांस्कृतिक लौ को मद्धिम नहीं कर पाई। वर्चुअल कॉन्सर्ट, डिजिटल म्यूजियम टूर और मन की बात के माध्यम से, प्रधानमंत्री ने सुनिश्चित किया कि कला, कहानियां और सांस्कृतिक गौरव लॉकडाउन के एकांत में भी पुष्पित-पल्लवित होते रहें।

विकास भी, विरासत भी के नारे जैसे अभियान में ये सभी समाहित हो गए। यह एक आह्वान है जो आर्थिक विकास को सांस्कृतिक गौरव के साथ-साथ चलने पर जोर देता है। मोदी सरकार के तहत, यह नारा केवल बयानबाजी नहीं था। इसने एक नई दृष्टि को परिभाषित किया। एक दृष्टि, जिसमें जीडीपी वृद्धि, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और रक्षा आधुनिकीकरण, मंदिर जीर्णोद्धार, आदिवासी गौरव और सभ्यता की गाथा समाहित थे।

भारत आज अपनी पहचान के इर्द-गिर्द नहीं घूमता।

# एफएटीएफ के निशाने पर है पाक का आतंकवाद

**(ललित गर्ग )**

भारत ने दुनिया को बताया कि कैसे पाक आतंकवाद की पाठशालाओं को स्वास्थ्य केंद्रों या स्कूलों के रूप में छिपा रहा था। पाक का मकसद था कि इससे दुनिया को आतंकवाद के प्रशिक्षण केंद्रों का पता नहीं चलेगा और वह वैश्विक संगठनों की सजा से बच जाएगा।

विश्व में मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद के वित्तपोषण पर नजर रखने वाली संस्था वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) ने भले ही अभी पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट में नहीं डाला है, लेकिन उसने अंततः 22 अप्रैल को पहलगाम की क्रूर आतंकवादी हमले की निंदा की है। ऐसा करते हुए एफएटीएफ ने भारत की तार्किक दलील पर ही मोहर लगायी है जो भारत की इस विषयक सफलता को द्योतक हैं। एफएटीएफ ने दो टूक शब्दों में कह दिया है कि 'ऐसे आतंकवादियों को न सिर्फ सुरक्षित पनाहगाह उपलब्ध करा रहा है, बल्कि आतंकवाद के वित्तपोषण जैसे आपराधिक कामों में भी खुद को शामिल करते हुए आतंकवाद की प्रयोगशाला बना हुआ है। एफएटीएफ ने फरवरी 2019 में पुलवामा आत्मघाती हमले की भी निंदा करते हुए ऐसे ही कठोर शब्दों का उपयोग किया था। लेकिन इस बार का अंतर यह है कि एफएटीएफ ने घोषणा की है कि 'राज्य प्रायोजित आतंकवाद' इसकी आगामी रिपोर्ट में आतंकवाद के वित्तपोषण मामलों की जांच का हिस्सा होगा। दरअसल, पहलगाम नरसंहार के बाद भारत लगातार पाक को फिर से एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डालने की मांग करता रहा है। जो पाकिस्तान की अंतर्राष्ट्रीय ऋणों तक पहुंच को गंभीर रूप से सीमित कर देगा। दरअसल, पाकिस्तान गढ़े हुए तर्कों के आधार पर इस निगरानी



घटनाक्रम बिना पैसे और आतंकवादियों के समर्थकों के बीच फंडों के स्थानांतरित करने के बगैर नहीं हो सकते।' आखिरकार भारत की यह चिर-प्रतीक्षित मांग कि पाक को आतंकवाद के पोषण के लिये कटघरे में खड़ा किया जाए, इस मांग के सफलता की सीढ़ियां चढ़ने का ही संकेत हैं। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद विश्व जनमत को पाकिस्तान की हकीकत बताने के जो सार्थक प्रयास किए थे, भारत के सांसदों एवं अफसरों के प्रतिनिधिमण्डल को पाक को बेनकाब करने के लिये विश्व के प्रमुख देशों में भेजा, वे फलीभूत होते नजर आ रहे हैं। एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में किसी देश को तब तक निगरानी में रखा जाता है, जब तक कि वह अपनी वित्तीय प्रणाली में पहचानी गई खामियों, त्रुटियों, विसंगतियों को ठीक नहीं कर लेता। पाकिस्तान निरंतर आतंकवाद को पोषण एवं प्रोत्साहन देने के लिये 2022 तक ग्रे लिस्ट में था, उसी वर्ष उसे ग्रे लिस्ट से हटाया गया, बावजूद पाकिस्तान ने कोई सुधार नहीं किया है और संगठन एफएटीएफ को मनाने में आंशिक रूप से सफल रहा था कि वह धन शोधन और आतंकवाद वित्तपोषण से निपटने के लिये अपने सिस्टम में सुधार कर रहा है।

उल्लेखनीय है कि भारत के प्रबल विरोध के बावजूद इस्लामाबाद ने अंतर्राष्ट्रीय मद्रा कोष यानी आईएमएफ से एक अरब डॉलर का बेलआउट पैकेज हासिल करने में कामयाबी हासिल कर ली थी।

हालांकि, इस बेलआउट पैकेज के साथ कई कड़ी शर्तों का सामना भी पाक को करना पड़ेगा। यूं भी यह अन्तर्राष्ट्रीय धन का गलत एवं अतिश्योक्तिपूर्ण इस्तेमाल देरसबेर विश्व के सामने आयेगा। भारत दुनिया के देशों को यह बताने और समझाने में कामयाब रहा है कि पाक न केवल आतंकवाद का समर्थन करता है, बल्कि वह आतंकवाद का पोषक भी है और वह आतंकवाद के लिए फंडिंग भी करता है। इस तरह इसे भारत की कूटनीतिक विजय कहा जा सकता है। क्योंकि एफएटीएफ का इतना बोल्ड बयान पाकिस्तान के मुंह पर तमाचा है।

# बिना भारत क्यों पूरी नहीं होती जी7 की बैठक? पचास साल में कितना बदला ये संगठन

**भारत जी7 का सदस्य नहीं है। लेकिन जी7 में भारत का दबदबा कितना बढ़ता जा रहा है ये आज फिर से देखने को मिलेगा। पीएम मोदी लगातार छठी बार जी7 की बैठक में शामिल होंगे। अभी तक जी7 में भारत 11 बार शामिल हो चुका है। भारत को जी7 बैठक में भाग लेने के लिए पहली बार 2003 में न्यौता मिला था। उसके बाद बार बार भारत को आउटरीच कंट्री के रूप में बुलाया गया है। इस बार जब घोषणा हो रही थी कि क्या भारत को बुलाया जाएगा? रिश्तों को लेकर कड़वाहट थी।**

**(अभिनय आकाश)**

कनाडा पहुंचने के पहले पीएम मोदी ने साइप्रस में जमकर पाकिस्तान का समर्थन करने वाले तुर्की को क्लीयर मैसेज देते नजर आए। मोदी साइप्रस के राष्ट्रपति के साथ ग्रीन लाइन देखने के लिए पहुंचे।

भारत जी7 का सदस्य नहीं है। लेकिन जी7 में भारत का दबदबा कितना बढ़ता जा रहा है ये आज फिर से देखने को मिलेगा। पीएम मोदी लगातार छठी बार जी7 की बैठक में शामिल होंगे। अभी तक जी7 में भारत 11 बार शामिल हो चुका है। भारत को जी7 बैठक में भाग लेने के लिए पहली बार 2003 में न्यौता मिला था। उसके बाद बार बार भारत को आउटरीच कंट्री के रूप में बुलाया गया है। इस बार जब घोषणा हो रही थी कि क्या भारत को बुलाया जाएगा? रिश्तों को लेकर कड़वाहट थी। लेकिन तब वहां पर मौजूद मिनिस्टर्स ने कहा था कि भारत दुनिया का पांचवा सबसे बड़ा देश है और अब तो चौथी बड़ी इकोनॉमी हो चुकी है। ऐसे में भारत को साथ लाना बहुत जरूरी है।

**आतंकवाद का साथ देने वाले देशों को क्लीयर मैसेज-** कनाडा पहुंचने के पहले पीएम मोदी ने साइप्रस में जमकर पाकिस्तान का समर्थन करने वाले तुर्की को क्लीयर मैसेज देते नजर आए। मोदी साइप्रस के राष्ट्रपति के साथ ग्रीन लाइन देखने के लिए पहुंचे। ये ग्रीन लाइन वही है जो साइप्रस को तुर्की के अवैध कब्जे वाले हिस्से से अलग करती है। साइप्रस के उस हिस्से को टर्किश साइप्रस कहा जाता है जो 1997 में तुर्की ने कब्जा कर लिया था। इसके बाद ज्वाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में पीएम मोदी ने ईरान और इजरायल से कहा कि वो एक दूसरे पर बमबारी बंद करें। बातचीत के टेबल पर लौटे क्योंकि युद्ध होता है तो इसका असर पूरी दुनिया पर होता है। लेकिन पीएम मोदी की ग्रीन लाइन पर जाकर खड़े होना इस बात का संकेत है जो तमाम देश आतंकवाद और पाकिस्तान का साथ दे रहे थे और इसमें तुर्की भी शामिल है।

**मोदी ट्रंप की नहीं होगी मुलाकात-** जी7 की बैठक ऐसे वक्त में हो रही है जब ईरान और इजरायल के बीच जंग छिड़ी हुई है। माहौल दुनिया में बहुत गर्माया हुआ है। इस जंग के कारण अमेरिकी राष्ट्रपति कनाडा से वापस तक लौट गए हैं। इस वजह से पीएम मोदी




की ट्रंप से मुलाकात भी नहीं हो पाएगी। लेकिन पीएम मोदी की मुलाकात कनाडा के पीएम मार्क कार्नी के अलावा दुनिया के अन्य बड़े देश केनेताओं से मिलेंगे। इस सम्मेलन में दुनिया के सात बड़े देश शामिल होते हैं। अमेरिका, कनाडा, जापान, फ्रांस, जर्मनी, इटली और ब्रिटेन इससे सदस्य हैं। कनाडा ने इस बार भारत, साउथ अफ्रीका, ब्राजील, इंडोनेशिया, साउथ कोरिया, ऑस्ट्रेलिया, तोमरूश कुक आइलैंड, वियतनाम को भी बुलाया है। यूक्रेन को इस बार खास गेस्ट के रूप में बुलाया है।

**पीएम मोदी ने तय की अपनी प्राथमिकताएं-** कनाडा पहुंचने के साथ ही पीएम मोदी ने अपनी प्राथमिकताएं भी तय कर दी हैं। पीएम मोदी ने ट्वीट करते हुए कहा है कि इस बैठक के दौरान वो दुनिया के अहम मुद्दों पर अपनी राय रखेंगे। ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर भी जोर देंगे। पीएम मोदी ने इससे पहले साइप्रस में कहा था कि ये युग युद्ध का नहीं है। इस वक्त पूरी दुनिया में युद्ध की हलचल मची है। चाहे वो रूस-यूक्रेन के बीच की जंग हो या ईरान और इजरायल की लड़ाई है। पीएम मोदी ने पहले ही साफ कर दिया था कि ये युद्ध का दौर नहीं है।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद कनाडा दौरा क्यों खास
पीएम मोदी का कनाडा दौरा इसलिए भी खास है क्योंकि इस दौरे से उम्मीद जगी है कि दोनों देशों के रिश्ते बेहतर होंगे। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी से पीएम मोदी मिलेंगे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पीएम मोदी उन राष्ट्राध्यक्षों से सीधे मिलेंगे। जिनको ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की ओर से बातचीत की गई थी, उन्हें बताया गयाथा कि किसलिए भारत ने ऑपरेशन सिंदूर किया था। पीएम मोदी जब वन टू वन मुलाकात करेंगे तो वो बेहतर ढंग से भारत की बात को समझा सकते हैं। भारत के साथ पूरी दुनिया एक बार फिर नजर आ रही है वो पाकिस्तान के लिए एक बड़ी चोट होगी। जी-7 समिट के 50 साल पूरे हो गए हैं। इस साल यह समिट कनाडा के कैननास्किस में हो रही है। 7 बड़े देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ ही भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस समिट में कनाडा पहुंच गए। इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य क्या है, इतिहास और वर्तमान में प्रासंगिकता क्या है? आइए जानते हैं।

**जी 7 कब बना, इसकी जरूरत क्यों पड़ी ?-** 1975 में फ्रांस के रामबुई में जी-7 की शुरुआत हुई। ये वो दौर था, जब पश्चिमी देशों की तूती बोलती थी। अमेरिका व यूरोप के देश तेल संकट, महंगाई और मंदी से जूझ रहे थे। शीत युद्ध के दौर में आर्थिक संकटों से निपटने व आपसी सहयोग को मजबूत करने के लिए जी 7 का गठन हुआ। इससे पहले यह जी-6 कहा जाता था। बाद में कनाडा भी शामिल हो गया।

**पचास साल में कितना बदला जी 7 संगठन ?-** ठन के शुरुआती दशकों में जी दुनिया का सबसे ताकतवर संगठन था। लेकिन 50 वर्षों में वैश्विक शक्ति संरचना बदली। हालांकि वैश्विक जीडीपी में जी7 का हिस्सा 45त्न से अधिक है। तकनीकी, आर्थिक व रणनीति निर्धारण में अग्रणी भूमिका निभाते हैं।

# विस्थापित परिवार के युवाओं को मिलेगा सभी क्षेत्रों में रोजगार : उपायुक्त अजय नाथ झा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विस्थापित परिवार के युवाओं को रोजगार और आजीविका से जोड़े जाने हेतु जिला प्रशासन और बीएसएल प्रबंधन मिलकर संयुक्त रूप से एक वृहत अभियान चलाएं। इसके लिए सभी पक्ष खुले मन से मिलकर प्रयास करें। उक्त बातें उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहीं। वह जिले के विकास और स्थानीय लोगों/विस्थापितों के उत्थान के लिए शनिवार को गोपनीय स्थित कार्यालय कक्ष में एक अहम बैठक कर रहे थे। बैठक में बीएसएल प्रबंधन, डीपीएलआर, पंचायती राज पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक मे जिले के 20 गांवों (वैद्यमारा, कुण्डौरी, महेशपुर, शिबुटांड, पंचौरा, कनफट्टा, महुआर, बदरोटांड, पिपराटांड, धनडबरा, उकरीद, बनसिमली, जरीडीह, कनारी, मानगो, रानीपोखर, करहरिया, नरकरा, धरमपुरा एवं भतुआ) को पंचायत से जोड़, वहां रहने वाले लोगों को बुनियादी सुविधाओं से युक्त कराना, रोजगार उपलब्ध कराना रहा। उपायुक्त ने कहा कि जिला मुख्यालय से सटे 20 गांवों को पंचायत से जोड़ने की प्रक्रिया तेज की जाए, ताकि इन गांवों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें और लोगों को सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके। उन्होंने इस मामले में विस्तार से बीएसएल प्रबंधन, परियोजना भूमि एवं पुनर्वास निदेशक (डीपीएलआर), जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी आदि से जानकारी ली। वर्तमान समस्या और उसके निदान पर गहन विचार विमर्श किया। उन्होंने कहा कि चर्चा से सभी समस्याओं का समाधान किया जा सकता है।



**स्थानीय युवाओं को मिलेगा सभी क्षेत्रों में रोजगार**

बैठक में उपायुक्त ने साफ तौर पर कहा कि स्थानीय लोगों/विस्थापितों को हर क्षेत्र में रोजगार मिलना चाहिए। उन्होंने इस दिशा में सभी संबंधित विभागों एवं बीएसएल प्रबंधन से तालमेल कर रोजगारपरक योजनाएं तैयार करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा, "हमारा प्रयास होना चाहिए कि स्थानीय युवाओं को अपने ही जिले में सम्मानजनक रोजगार उपलब्ध हो।" इसके लिए बीएसएल प्रबंधन, जिला प्रशासन और अन्य सार्वजनिक उपक्रमों के संयुक्त प्रयासों से आजिविका के दिशा में वृहद एकीकृत योजना तैयार करने को कहा।

बीएसएल प्रबंधन जनता को विश्वास में लें

उपायुक्त ने बीएसएल प्रबंधन से कहा कि आम लोगों के साथ खुले मन से संवाद स्थापित करें, उनकी समस्याओं को सुनें और समाधान निकालने की दिशा में सकारात्मक पहल करें। उन्होंने कहा, "एक कदम बीएसएल बढ़े, एक कदम प्रशासन - हर समस्या का समाधान मिलकर निकलेगा।

**15 मई 2025 को हुई बैठक का अनुपालन करें बीएसएल प्रबंधन**

उपायुक्त ने पिछले 15 मई 2025 को जिला प्रशासन - बीएसएल एवं विस्थापित अप्रेंटिस संघ के साथ हुई बैठक में जो निर्णय लिया गया था। उसका अनुपालन शत प्रतिशत सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने प्रत्येक माह 50 अप्रेंटिस व्यक्तियों की नियुक्ति तय अनुपात के तहत करने की बात कहीं। उन्होंने अगले माह के प्रथम सप्ताह में होने वाली बैठक में इन सभी मुद्दों पर विस्तृत चर्चा/समीक्षा करने और बैठक में पूरी तैयारी, संबंधित दस्तावेज के साथ उपस्थित होने की बात कहीं।

**खुशहाल बोकारो के लिए एकजुट प्रयास जरूरी**

बैठक में खुशहाल बोकारो की परिकल्पना को साकार करने पर भी चर्चा हुई। उपायुक्त ने कहा कि सभी विभाग और कंपनियां आपसी समन्वय और सहयोग से विकास के कार्य करें। उन्होंने कहा कि जब रोजगार बढ़ेगा, सुविधाएं मिलेंगी और योजनाएं जमीन पर उतरेंगी तो बोकारो एक मॉडल जिला के रूप में उभरेगा।

**बोकारो को एजुकेशनल हब हैं बनाना**

बैठक में उपायुक्त ने कहा कि बोकारो को केवल औद्योगिक नगर ही नहीं, बल्कि शैक्षणिक हब के रूप में भी विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा, तकनीकी शिक्षा और संस्कार पर विशेष जोर दिया जाएगा, ताकि यहां के युवा न केवल रोजगार के लिए तैयार हों, बल्कि समाज के जिम्मेदार नागरिक भी बनें।

**समन्वय और पारदर्शिता से बनेगा विकास मॉडल**

बैठक के अंत में उपायुक्त ने कहा कि विकास तभी संभव है जब सभी हितधारक आपस में समन्वय बनाकर पारदर्शी तरीके से कार्य करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक स्तर पर संवाद मजबूत हो और योजनाओं को गति एवं गुणवत्ता के साथ धरातल पर उतारा जाए।

# उपायुक्त की पहल पर 108 एंबुलेंस सेवा बहाल, हड़ताल से कर्मी लौटे कार्य पर

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में 108 एंबुलेंस सेवा के कर्मियों की हड़ताल को उपायुक्त अजय नाथ झा की पहल से समाप्त कर दिया गया है। कर्मियों से वार्ता एवं समन्वय के बाद सभी कर्मी पुनः ड्यूटी पर लौट आए हैं और एंबुलेंस सेवाएं फिर से सुचारु रूप से जिले में चालू हो गई हैं। उपायुक्त ने सभी पक्षों के साथ बैठक कर समस्या के निदान को लेकर जरूरी दिशा - निर्देश दिया।

**एक माह के भीतर सभी समस्याएं दूर करने का निर्देश**

उपायुक्त ने मानव बल देने वाले कंपनी को निर्देशित किया कि कर्मियों से जुड़े सभी शिकायतों व कमियों को एक माह के भीतर दूर किया जाए। कंपनी प्रबंधन कर्मियों को समय पर मानदेय भुगतान, कार्यस्थल पर व्यवहार में सुधार एवं प्राप्त शिकायतों के समाधान की स्पष्ट प्रक्रिया अपनाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस पूरे मामले की निगरानी वे स्वयं करेंगे और समय-समय पर रिपोर्ट लेंगे।

**वाहनों की मरम्मत, उपस्थिति रिपोर्टिंग और भुगतान पर सख्त निर्देश**

उपायुक्त ने कहा कि 108 सेवा के वाहनों की नियमित मरम्मति सुनिश्चित की जाए ताकि आपातकालीन सेवा बाधित न हो। डीपीएम श्री दीपक कुमार को समन्वय स्थापित कर निर्देश दिया कि कर्मियों की उपस्थिति समय पर भेजें, मानदेय भुगतान समय पर सुनिश्चित करें और कंपनी बेवजह किसी कर्मी को परेशान नहीं करें। जिले के कुल 93 कर्मियों के बैंक खाते में हर माह के 10 तारिख तक 14,460 रुपए हस्तांतरित हो जाएं।

**कंपनी प्रबंधन, स्वास्थ्य विभाग और कर्मियों के बीच त्रिपक्षीय बैठक**

समाहरणालय में उपायुक्त की अध्यक्षता में कंपनी प्रबंधन, स्वास्थ्य विभाग और कर्मियों के प्रतिनिधियों के साथ त्रिपक्षीय बैठक आयोजित की गई। जिसमें कर्मियों की समस्या, कंपनी की जवाबदेही, स्वास्थ्य विभाग की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने सभी संबंधितों को जरूरी दिशा - निर्देश दिया।

**सीएस और डीपीएम को प्रगति की नियमित जानकारी देने को कहा**

उपायुक्त ने सिविल सर्जन डा. ए बी प्रसाद एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक को निर्देश दिया कि वे कंपनी और कर्मियों से संबंधित सभी बिंदुओं की स्थिति अपडेट रखें और आवश्यकता अनुसार जिला प्रशासन को नियमित रूप से रिपोर्ट करें।

**सेवा में बाधा न हो, यह प्राथमिकता है : उपायुक्त**

उपायुक्त ने कहा कि 108 एंबुलेंस जैसी आपात सेवाओं में किसी भी स्तर पर व्यवधान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कर्मियों के हित भी सुरक्षित रहेंगे और नागरिकों को निर्बाध सेवा भी मिले - यही प्रशासन की प्राथमिकता है।

# 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगमय हुआ पलामू, पदाधिकारी विद्यार्थियों व मीडिया कर्मियों ने किया योगाभ्यास

**नीलाम्बर- पीताम्बर विश्वविद्यालय के पीजी ब्लॉक परिसर में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस**

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पलामू में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। प्रमंडलीय मुख्यालय नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय के पीजी ब्लॉक परिसर में जिला प्रशासन के जिला आयुष समिति की ओर से शनिवार को प्रातः भव्यता के साथ योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले के सभी प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय परिसर, महाविद्यालय, विद्यालय आदि शैक्षणिक संस्थानों में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां सभी ने योग कर योग संगम- एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए, का संदेश दिया। जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का उद्घाटन नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. दिनेश कुमार सिंह, सहायक समाहर्ता हिमांशु लाल, सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. असीम कुमार, आयुष पदाधिकारी डॉ. रामनारायण कारक, नजारत उप समाहर्ता विक्रम आनंद, आयुष के डीपीएम डॉ. मृत्युंजय कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। पतंजलि योगपीठ की योग प्रशिक्षिका ममता सिन्हा व प्रशिक्षण धीरज कुमार ने योग व प्रणायाम के विभिन्न क्रियाएं कराई। साथ ही योग के फायदों को बताया। योग प्रशिक्षकों ने वज्रासन, सिद्धासन, ताड़ासन, वृक्षासन, अर्धचक्रासन, श्वासन, पवनमुक्तासन, भुजंगासन, शीर्षासन, सूर्य नमस्कार आदि योगासनों को कराया। भस्त्रिका प्रणायाम, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, शीतली आदि प्रणायाम की क्रियाएं कराते हुए उसके महत्व को बताए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ. सुरेंद्र पांडेय, कुल सचिव डॉ. एसके मिश्रा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अजीत सेठ, कुल सचिव डॉ. बीके पांडेय, सहायक कुल सचिव रजी खान, भौतिकी विभाग विभागाध्यक्ष डॉ. श्रवण कुमार, मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मृत्युंजय कुमार, डॉ. मनोरमा सिंह, डॉ. विमल सिंह सहित जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, आयुक्त समिति के पदाधिकारी कर्मचारी, विश्वविद्यालय एवं गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय के प्रोफेसर व शिक्षकेत्तर कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित थे।



# नए श्रम कानूनों पर बीएसएल में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट द्वारा भारतीय श्रम संहिताओं (लेबर कोड) के तहत चार नए श्रम संहिताओं के प्रभावी क्रियान्वयन, व्यापार सुगमता तथा विशेष रूप से असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों (संविदा श्रमिकों) से जुड़े पहलुओं की स्पष्टता सम्बंधित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बोकारो निवास में किया गया। इस कार्यशाला में सेल की प्रमुख उत्पादन इकाइयों, झारखण्ड ग्रुप ऑफ माइंस, कोलियरीज तथा मैनजमेंट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट समेत विभिन्न संयंत्रों के मानव संसाधन, औद्योगिक संबंध, श्रम कानून एवं संबंधित कार्यों से जुड़े फ्रंटलाइन अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी श्री बी. के. तिवारी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट एवं दिल्ली उच्च न्यायालय में वरीय अधिवक्ता एवं सेल के पैनल अधिवक्ता श्री रूपेश कुमार, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री राजश्री बनर्जी, मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी) श्री लक्ष्मी दास, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री ऐ के शरण, मुख्य महाप्रबंधक (विधि) श्री राजेश कुमार, तथा मुख्य महाप्रबंधक (एलडी) सुश्री नीता बा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शरुआत में मुख्य महाप्रबंधक (विधि) श्री राजेश कुमार ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया एवं कार्यशाला की रुपरेखा प्रस्तुत की। निदेशक प्रभारी श्री तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि यह कार्यशाला भारतीय श्रम संहिताओं (लेबर कोड्स) के अंतर्गत सामाजिक सुरक्षा, औद्योगिक समरसता तथा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने में सहायक होगी । उन्होंने प्रतिभागियों से कार्यशाला के प्रत्येक सत्र का अधिकतम लाभ उठाने का आग्रह किया। कार्यशाला के दौरान विभिन्न संयंत्रों और इकाइयों के द्वारा श्रम संहिताओं के संबंध में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से श्रम कानूनों के अनुपालन हेतु अपनाए जा रहे उपायों की जानकारी साझा किया गया. मुख्य वक्ता श्री रूपेश कुमार ने भारतीय श्रम संहिताओं (लेबर कोड) के तहत चार नए श्रम संहिताओं के प्रावधानों, प्रभाव और व्यावहारिक पक्षों की विस्तृत जानकारी साझा की। यह कार्यशाला बीएसएल द्वारा श्रमिक हित संरक्षण, विधिक अनुपालन सुनिश्चित करने तथा मजबूत औद्योगिक संबंधों के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम का समापन मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री ए. के. शरण द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

**बीएसएल टाउनशिप क्षेत्र के टेलीफोन बूथ संचालकों के लिए गाइडलाइन जारी**

बोकारो इस्पात सयंत्र ने बोकारो इस्पात टाउनशिप क्षेत्र में टेलीफोन बूथ के संचालन के लिए कुल 201 टेलीफोन बूथ आवंटित किया था, जिसका स्थानीय जांच का सर्वे 2025 में किया गया. तदुपरांत, सभी टेलीफोन बूथ लाइसेंस धारियों को टेलीफोन बूथ को संचालित करने के लिए नये नियम एवं शर्तों के साथ पत्रों के माध्यम से सूचना दी गयी जिसके तहत लाईसेंसी को अपने-अपने टेलीफोन बूथ का रिन्यूअल /रेगुलराइजेशन की प्रक्रिया के लिए दिए गए प्रारूप (फोर्मेट) में अपने-अपने स्व- अभिप्रमाणित दस्तावेज के साथ नगर सेवा विभाग के ळअ-छफ्छ्अ विभाग से तुरंत संपर्क करना है. टेलीफोन बूथ संचालन के लिए मासिक किराया रू.1350/- निर्धारित किया गया है जो 01 नवम्बर 2024 से लागू होगा. नियम एवं शर्तों के साथ छेड़-छाड़ करने वालों पर रू. 5000/- का जुमार्ना भी लगाने का प्रावधान है. सभी टेलीफोन बूथ संचालकों को अपने टेलीफोन बूथ को पिंक कलर से पेंट करने का निर्देश भी दिया गया है, ताकि वो अन्य दुकानों से अलग दिखे. ऐसा देखा गया है कि कई टेलीफोन बूथ संचालकों ने इसका अनुपालन कर लिया है, परंतु जिन बूथ संचालकों ने अभी तक पिंक कलर पेंटिंग नहीं कराई है, उन्हें यह यथाशीघ्र सुनिश्चित करना है. टेलीफोन बूथ को सड़क से एक निश्चित दूरी बनाये रखना है जिससे आवागमन बाधित न हो, जिसकी समय-समय पर जांच नगर सेवा विभाग के प्रतिनिधि करेंगे. इसके अलावा टेलीफोन बूथ को अपने आवंटित स्थान से दूसरे स्थान में लगाने की अनुमति नहीं है, ऐसा पाए जाने पर उनका लाइसेंस रद्द कर दिया जायेगा. जिन टेलीफोन बूथ संचालकों ने अभी तक अपना आवेदन जमा नहीं किया है, वो जल्द अपना आवेदन नगर सेवा विभाग के TA-LRA, Section में जमा कर दे, अन्यथा उन पर कंपनी नियमानुसार कार्यवाई की जाएगी जिसके तहत उनका बिजली कनेक्शन काटा जा सकता है तथा उनका टेलीफोन बूथ का लाइसेंस भी रद्द किया जा सकता है.

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पंडवा थाना पुलिस पदाधिकारियों व जवानों ने किया योगाभ्यास

# योग से तन व मन रहता है स्वस्थ्य : विक्की कुमार

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार व पंडवा थाना पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में पंडवा थाना परिसर में शनिवार को पुलिस पदाधिकारी व पुलिस जवानों ने योगाभ्यास किया। मौके पर पदाधिकारियों व कर्मियों ने योगाभ्यास के कई आसन को किया। लगभग एक घंटे से अधिक समय तक चले योगाभ्यास कार्यक्रम में पुलिस पदाधिकारियों व पुलिस कर्मियों ने योग के जरिए न सिर्फ तन व मन को संतुलित करने का संकल्प लिया बल्कि स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने का संदेश दिया। मौके पर पुलिस पदाधिकारी एसआई विक्की कुमार ने कहा कि तनाव से गुजर रही दुनिया के लिए योग अत्यधिक महत्वपूर्ण है। योग मानव को चुस्त -दुरुस्त रखने का सबसे सरल व सस्ता साधन है। वर्तमान परिपेक्ष में योग का महत्व देश दुनिया में काफी बढ़ गया है। योग मनुष्य को स्फूर्तिवान बनाता है। कहा कि मन मस्तिष्क में अशांति, तनाव व अस्थिरता बढ़ रही है तो योग शांति की दिशा दिखाता है। योग से तन व मन दोनों स्वस्थ रहता है। उन्होंने कहा कि इस बार के योग का थीम है - एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग। इस थीम को आत्मसात कर पृथ्वी व अपने शरीर को स्वस्थ रखना है। मौके पर एएसआई शिव प्रसाद महतो, एएसआई सुनील चौधरी, एएसआई अरविंद तिवारी, एएसआई अनुज कुमार तिवारी, शंकर राम, सुरेंद्र कुमार यादव, राकेश कुमार, हृदयानंद कुमार, महादेव टूटी, राम प्रसाद राम, ओमप्रकाश राम सहित कई पुलिस जवान शामिल थे।




**जिला विधिक सेवा प्राधिकार व पंडवा थाना पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में मना अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस**

# योग व्यक्ति को मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक रूप से मजबूत बनाता है : केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह

**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर खुदा बख्श लाइब्रेरी में योग प्रशिक्षण एवं व्याख्यान का आयोजन**

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** खुदा बख्श लाइब्रेरी में 21/ 06/ 2022 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग प्रशिक्षण एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया। भारत सरकार ने इस आयोजन को बेहतर तरीके से मनाने के लिए खुदा बख्श लाइब्रेरी को आइकॉनिक सेंटर बनाया है। इस योग सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय पंचायती राज, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री माननीय श्री राजीव रंजन सिंह (ललन सिंह) शामिल हुए और योग के लाभ एवं आवश्यकता पर अपने बहुमूल्य विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि योग व्यक्ति को मानसिक, शारीरिक एवं आध्यात्मिक रूप से मजबूत बनाता है। इसके माध्यम से तनाव एवं चिंता को कम किया जा सकता है। शारीरिक क्रियाशीलता बढ़ाने एवं बेहतर स्वास्थ्य के लिए योग बहुत जरूरी है। हृदय गति को सामान्य रखने में योग महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जिन लोगों को हृदय गति को सामान्य रखने के लिए दवाओं का सहारा लेना पड़ता है, वे योग की मदद से दवाओं से छुटकारा पा सकते हैं। श्वास व्यायाम, भुजाओं को खींचना, शरीर को कुछ देर के लिए निश्चित स्थिति में रखना, गति धीमी करना एवं ध्यान करना हृदय गति को नियंत्रित रखने एवं हृदय को स्वस्थ बनाने में मदद करता है। अगर हम इसे आदत बना लें, तो हमें कई बीमारियों से मुक्ति मिल जाएगी। आयुष मंत्रालय के डॉ. गोडाकिस वेट्स ने भी योग पर अपनी बातें रखीं। उन्होंने कहा कि योग एक शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक अभ्यास है। इसमें कई विधियां शामिल हैं, जिनमें शारीरिक व्यायाम, श्वास तकनीक, ध्यान और विश्राम आदि शामिल हैं। वैज्ञानिक शोध के अनुसार, शारीरिक और मनोवैज्ञानिक व्यायाम की इस पद्धति का मानव स्वास्थ्य पर लाभकारी प्रभाव पड़ता है और प्रजनन अंगों की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने में मदद मिलती है। इस अवसर पर विशाखापत्तनम में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में भाग ले रहे माननीय प्रधानमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण भी किया गया। इसे मुख्य अतिथि माननीय श्री राजीव रंजन सिंह (ललन सिंह), केंद्रीय पंचायती राज, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री सहित सभी उपस्थित लोगों ने बड़े उत्साह और रुचि के साथ देखा। इसके बाद आयुष मंत्रालय के डॉ. गोदाकिस वेट्स ने विभिन्न योग आसन कराए, जिसमें मुख्य अतिथि माननीय श्री राजीव रंजन सिंह (ललन सिंह), केंद्रीय पंचायती राज, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री सहित सभी उपस्थित लोगों ने बड़ी रुचि के साथ भाग लिया। खुदाबख्श लाइब्रेरी ने योग सत्र में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों के बीच योग लोगो वाली टी-शर्ट वितरित की।



# रेल परिसर गूंजा 'योग के स्वर' सेः योग दिवस पर सोसाइटी हेल्पर ग्रुप ट्रस्ट व आरपीएफ ने किया आयोजन

**आरपीएफ और सोसाइटी हेल्पर ग्रुप ट्रस्ट की संयुक्त पहल, योग गुरु ने सिखाए आसन, समझाया योग का महत्व**

**सीवान /नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सिवान रेलवे स्टेशन परिसर योगमय हो गया। सोसाइटी हेल्पर ग्रुप ट्रस्ट और आरपीएफ (रेलवे सुरक्षा बल) की संयुक्त पहल पर योग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रेलवे अधिकारी, आरपीएफ कर्मियों सहित बड़ी संख्या में आमजन और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर सोसाइटी हेल्पर ग्रुप ट्रस्ट के संस्थापक सह अध्यक्ष अनमोल कुमार ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं बल्कि जीवन जीने की एक वैज्ञानिक पद्धति है, जो मानसिक और शारीरिक दोनों स्तरों पर व्यक्ति को सशक्त बनाता है।



**योग मानसिक शांति का माध्यम**

आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि आज के तनावपूर्ण जीवन में योग ही एक ऐसा माध्यम है, जिससे मानसिक शांति और ऊर्जा प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने बताया कि आरपीएफ टीम योग को अपने दैनिक जीवन में शामिल कर चुकी है और इसका सकारात्मक असर भी देखा गया है।

**योग गुरु ने दिए जरूरी टिप्स**

कार्यक्रम में योग गुरु आकाश अग्रवाल ने विभिन्न योगासनों का अभ्यास करवाया और उनके लाभ बताए। उन्होंने कहा कि योग शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने वाला माध्यम है। उन्होंने जोर देकर कहा कि नियमित योगाभ्यास जीवन को स्वस्थ, सुखी और संतुलित बनाता है।

**लोगों को जागरूक करना ही उद्देश्यः चंदन कुमार**

इस आयोजन के मुख्य संयोजक चंदन कुमार ने कहा कि इसका उद्देश्य लोगों को योग के महत्व से अवगत कराना और उन्हें प्रेरित करना है कि वे नियमित रूप से योग करें। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट की पूरी टीम और आरपीएफ के सहयोग से यह आयोजन सफल हो सका।

**कार्यक्रम में अनेक लोग रहे मौजूद**

इस कार्यक्रम में अनमोल कुमार के साथ गणेश दत्त पाठक, राहुल चौधरी, राहुल सोनी, सूरज कुमार, चंदन कुमार, अभिमन्यु कुमार, प्रीतम, सुमित, कृष, प्रियांशु, दीपु, सैफ, आशीष रंजन, अविनाश, रूपल आनंद, विकास साहू, केशव, मनकेश्वर, माखन, आनंद, आदित्य, आकाश, अशोक सोनी, सचिन, बिट्टू, सुमित कुमार, टिंकू समेत अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

**रेलवे अधिकारी भी हुए शामिल**

कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक सिवान श्री राजेश सिन्हा, उप निरीक्षक संजय पांडेय, जयेंद्र मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक शैलेन्द्र पांडेय, मयंक भूषण तिवारी, नंद किशोर सिंह, मंडल वाणिज्य निरीक्षक प्रणव प्रभाकर, स्टेशन अधीक्षक मुकेश कुमार, जीआरपी प्रभारी मुकेश कुमार और अन्य रेलवे स्टॉफ भी उपस्थित रहे।

**समापन पर प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित**

कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया और सभी को नियमित योग करने का संकल्प दिलाया गया।

## बैंक ऑफ इंडिया, एफजीएमओ पटना में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग शिविर का आयोजन



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय, पटना में आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक श्री एस.बी. साहनी, उप महाप्रबंधक श्री मलयदास एस. सहित अनेक बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। योग शिविर का संचालन योग प्रशिक्षिका सुश्री दर्शना सोनी द्वारा किया गया। उन्होंने दैनिक जीवन में योग के महत्व को रेखांकित करते हुए सभी से आग्रह किया कि वे योग को अपनी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाएं। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि मानसिक शांति और संतुलन बनाए रखने में भी अत्यंत सहायक है। शिविर में सभी प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कर योग दिवस को सार्थक रूप से मनाया।

## महावीर मंदिर, महावीर नगर बेउर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित हुआ योग कार्यक्रम




**फुलवारी शरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आज ग्यारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महावीर नगर, बेउर स्थित महावीर मंदिर परिसर में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में महावीर नगर, शिवाजी नगर, राधाकृष्ण कॉलोनी सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर के सचिव बालेंद्र शर्मा और पतंजलि योगपीठ के योग शिक्षक प्रमोद कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया. इस अवसर पर मंदिर के तीनों पुजारी सहित मंदिर के आजीवन सदस्य उपस्थित रहे. योग सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास किया. अंत में मंदिर के सचिव बालेंद्र शर्मा ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग न सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी संतुलन प्रदान करता है. उन्होंने सभी से योग को अपने दैनिक जीवन में अपनाने की अपील की.

# सोलर कंपनी के शेयरों में तूफानी तेजी

## एफटीएसई ग्लोबल इंडेक्स में कंपनी की एंट्री!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोलर कंपनी वारी एनर्जीज लिमिटेड के शेयरों में शुक्रवार को तूफानी तेजी आई है। वारी एनर्जीज के शेयर बीएसई में 11 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 2983.35 रुपये पर बंद हुए हैं। इंट्राडे के दौरान कंपनी के शेयरों ने 3025 रुपये के लेवल को भी छुआ।



रिपोर्ट्स में यह कन्फर्म किया गया है कि कंपनी के शेयरों को एफटीएसई ग्लोबल इंडेक्स में शामिल किया जा सकता है। एफटीएसई इंडेक्स में शामिल किए जाने के बाद हायर ऑर्डर इनफ्लो की उम्मीद में वारी एनर्जीज के शेयरों में यह उछाल देखने को मिला है।

**49 मिलियन डॉलर का हो सकता है इनफ्लो-** लंदन बेस्ड फाइनेंशियल टाइम्स स्टॉक एक्सचेंज 20 जून को अपने लेटेस्ट इंडेक्स कंपोजिशन चेंजेज को अनाउंस करेगा। वहीं, 23 जून से इनफ्लो शुरू होने की उम्मीद है। नुवामा अल्टरनेटिव एंड क्वॉन्टिटिव रिसर्च के मुताबिक, वारी एनर्जीज में 49 मिलियन डॉलर का इनफ्लो हो सकता है। वहीं, विशाल मेगा मार्ट में 115 मिलियन डॉलर के इनफ्लो, हुंडई में 56 मिलियन डॉलर और स्विगी में 32 मिलियन डॉलर के इनफ्लो की उम्मीद है। वहीं, एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी में 22 मिलियन डॉलर का इनफ्लो आ सकता है। यह बात मनी कंट्रोल की एक रिपोर्ट में कही गई है।

# दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड को मिला 1341 करोड़ का बड़ा काम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कई दिनों बाद शुक्रवार को शेयर बाजार गुलजार हुआ। इस माहौल में सिविल कंस्ट्रक्शन से जुड़ी कंपनी- दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड के शेयरों को भी खरीदने की होड़ थी। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को शेयर में लगभग 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। यह बढ़ोतरी कंपनी से जुड़ी एक पॉजिटिव खबर की वजह से दर्ज की गई।




## क्या है पॉजिटिव खबर

दरअसल, दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड को कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड से 1341 करोड़ का ऑर्डर मिला है। इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) ऑर्डर केरल के कोझिकोड और वायनाड जिलों में ट्विन ट्यूब यूनिडायरेक्शनल सुरंग के लिए है। कंपनी ने बताया कि इसमें अनक्कमपोइल-कल्लाडी-मेप्पाडी के बीच सीधे संपर्क के लिए चार लेन की कनेक्टिंग सड़क भी शामिल है। यह कॉन्ट्रैक्ट 48 महीनों में पूरा किया जाना है। बता दें कि मार्च 2025 में, दिलीप बिल्डकॉन के संयुक्त उद्यम ने भारत नेट चरण तीसरा परियोजना के लिए बीएसएनएल से कॉन्ट्रैक्ट हासिल किया था।

## शेयर का परफॉर्मेंस

दिलीप बिल्डकॉन शेयर की क्लोजिंग शुक्रवार को लाल निशान पर हुई। कारोबार के अंत में शेयर की कीमत 487.75 रुपये थी। शेयर के 52 हफ्ते का हाई 588.40 रुपये है। अगस्त 2024 में शेयर ने इस स्तर को टच किया था। जनवरी 2025 में शेयर की कीमत 363.45 रुपये तक आ गई।

# चांदी ने इस साल कर दिया कमाल, कीमत बढ़ने के कई कारण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चांदी को सोने का सस्ता भाई भी कहा जाता है। कारण है कि जो लोग सोना नहीं खरीद सकते, वे चांदी से काम चला लेते हैं। हालांकि बात जब भी रिटर्न की आती है तो हमेशा से सोने को ही तवज्जो दी गई है। लेकिन पिछले कुछ साल से इसमें काफी बदलाव आया है। अब रिटर्न के मामले में चांदी भी सोने को टक्कर देने लगी है। चांदी की कीमत एक लाख रुपये प्रति किलो से काफी आगे निकल गई है। इस साल के शुरुआती 6 महीनों (एक जनवरी से लेकर 20 जून तक) चांदी का रिटर्न करीब 15 फीसदी रहा है। गोल्ड-सिल्वर रेश्यो 107 के उच्च स्तर से घटकर 91.5 रहा। ये गिरावट संकेत है कि चांदी अभी भी सोने के मुकाबले सस्ती है। इसलिए निवेशक चांदी में रुचि दिखा रहे हैं। चांदी के ईटीएफ निवेश में भी तेजी देखी जा रही है। वहीं दूसरी ओर चांदी के कारोबारियों के मुताबिक युवा पीढ़ी में भी चांदी की ज्वेलरी की डिमांड बढ़ी है। खासतौर से जेनरेशन जेड में।

**खत्म हो गया कीमत का अंतर!-** हमारे देश में सोने की कीमत प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमत प्रति एक किलो के हिसाब से तय की जाती है। एक समय दोनों की कीमत में काफी अंतर था। मात्र एक साल में यह अंतर काफी कम हो गया है। एक साल पहले दिल्ली सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 72550




रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमत 92300 रुपये प्रति किलो थी। दोनों की कीमत में 19750 रुपये का अंतर था। कल यानी शुक्रवार को दिल्ली सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 99960 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमत 105200 रुपये प्रति किलो रही। यानी दोनों की कीमत में अंतर मात्र 5240 रुपये का रहा। ऐसे में देखा जाए तो सोना और चांदी, दोनों की कीमत में अंतर लगभग खत्म सा हो गया।

## एक साल में कितना रिटर्न?

एक साल में चांदी ने भी जबरदस्त रिटर्न दिया है। पिछले साल 20 जून को दिल्ली सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 72550 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमत 92300 रुपये प्रति किलो थी। ऐसे में सोने का एक साल का रिटर्न करीब 38 फीसदी और चांदी का रिटर्न करीब 14 फीसदी रहा है। हालांकि सोने का एक साल का रिटर्न करीब 38 फीसदी रहा है।


## चांदी की कीमत में क्यों आ रही तेजी?

पिछले कुछ समय से सोने और चांदी की कीमत में रेस लगी हुई है। इस रेस में बाजी चांदी ने ही मारी है। एक साल पहले जो दोनों की कीमत (सोना 10 ग्राम और चांदी 1 किलो के अनुसार) में अंतर था, वह अब लगभग खत्म हो गया है। चांदी की कीमतों में तेजी आने के कई कारण हैं। पहला, इंडस्ट्रियल डिमांड बढ़ रही है। दूसरा, सप्लाई कम है। तीसरा, अभी का माहौल सुरक्षित निवेश के लिए अच्छा है। जानकारों के मुताबिक जियोपॉलिटिकल टेंशन के कारण सुरक्षित निवेश की डिमांड बढ़ गई है। ऐसे में लोग सोने के साथ चांदी में भी निवेश कर रहे हैं।

# सरकार ने शुरू की पेन-बैंक खाते की लिंकिंग पर नई सुविधा, टैक्सपेयर्स को होगा फायदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने आयकर ई-फाइलिंग वेबसाइट पर पैन और बैंक अकाउंट के वेरिफिकेशन के संबंध में एक नई सुविधा शुरू की है। नई सुविधा टैक्सपेयर्स को आयकर ई-फाइलिंग वेबसाइट पर अपने पैन-बैंक खाते को जोड़ने पर क्विक वेरिफिकेशन में मदद करेगी।

**एनपीसीआई ने जारी किया सर्कुलर-** इस संबंध में एनपीसीआई ने सर्कुलर जारी किया है। इस सर्कुलर के मुताबिक इसका मुख्य लक्ष्य बैंकों के कोर बैंकिंग सिस्टम (सीबीएस) से सीधे पैन डिटेल, बैंक अकाउंट की स्थिति और अकाउंटहोल्डर की पहचान के रियल टाइम के वेरिफिकेशन को सरल बनाना है। इसी के तहत एनपीसीआई ने अब एक नया पैन और बैंक अकाउंट वेरिफिकेशन एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग




इंटरफेस पेश किया है। इसे विशेष रूप से सरकारी विभागों के लिए डिजाइन किया गया है। यह इंटरफेस बैंक के कोर बैंकिंग सिस्टम (सीबीएस) से सीधे पैन डिटेल, बैंक अकाउंट की स्थिति, अकाउंटहोल्डर के नाम का रियल टाइम वेरिफिकेशन की सुविधा प्रदान करेगा।

## क्या कहते हैं एक्सपर्ट

सिरिल अमरचंद मंगलदास के पार्टनर उत्कर्ष भटनागर ने इकोनॉमिक टाइम्स को बताया कि आयकर वेबसाइट तक पहुंचने वाले टैक्सपेयर्स के पैन-बैंक अकाउंट के विवरण का क्विक और रियल टाइम पर वेरिफिकेशन संभव हो सकेगा। भटनागर कहते हैं कि नई सुविधा आयकर रिफंड और डायरेक्ट ट्रांसफर की तेज और त्रुटि-मुक्त प्रक्रिया को सक्षम करेगी। इससे धोखाधड़ी के जोखिम भी कम होंगे। वहीं, बैंकों को एनपीसीआई के सुरक्षित इंटरफेस मानकों का अनुपालन करने के लिए अपने सिस्टम को अपग्रेड करना होगा।

टैक्सपेयर्स के लिए एक्सेल सुविधा

# 29 शेयर बोनस दे रही है कंपनी, शेयरों का भाव 150 रुपये से भी कम, 1 साल में किया पैसा डबल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बोनस शेयर देने वाली कंपनियों पर दांव लगाने वाले निवेशकों के लिए गुड न्यूज है। कल यानी शुक्रवार को टीए ने बोनस शेयर का ऐलान किया है। कंपनी ने एक्सचेंज को दी जानकरी में कहा है कि 29ः50 के हिसाब से योग्य निवेशकों को बोनस शेयर दिया जाएगा। बता दें, कंपनी दूसरी बार निवेशकों को बोनस शेयर दे रही है।

## 50 पर मिलेंगे 29 शेयर फ्री

बीएसई की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले 50 शेयरों पर 29 शेयर बोनस के तौर पर दिया जाएगा। इस बोनस इश्यू के लिए कंपनी ने अभी तक रिकॉर्ड डेट का ऐलान नहीं किया है। लेकिन इस प्रक्रिया को बोर्ड मीटिंग के दो महीने के अंदर पूरा कर लिया जाएगा।

यानी आने वाले समय में फोकस बिजनेस सॉल्यूशन लिमिटेड की तरफ से बोनस शेयर के लिए रिकॉर्ड डेट घोषित किया जा सकता है।

# कर्मचारी को सैलरी में मिले 14 करोड़ रुपये तो उसके उड़े होश, फिर जो हुआ उसने सोचा भी नहीं था

नई दिल्ली, एजेंसी। दफ्तर में कभी-कभी ऐसा होता है। किसी व्यक्ति या मशीन की भूल से किसी कर्मचारी को वेतन के मद में बहुत ज्यादा पैसे मिल जाते हैं। ऐसी स्थिति में कर्मचारी या तो पैसे रख लेता है या उसके बारे में दफ्तर को सूचित करता है। अमेरिका में मिशिगन के वेन काउंटी में ऐसी ही एक अजीब घटना हुई। एक कर्मचारी को गलती से बहुत ज़्यादा पैसे मिल गए। यह गलती पेयरोल विभाग से हुई थी। कर्मचारी ने इसकी सूचना दफ्तर को दी। बाद में जिम्मेदार कर्मचारी की नौकरी चली गई।

**13 करोड़ से भी ज्यादा का वेतन-** यह घटना बीते मई महीने की है। उस महीने में एक कर्मचारी को .1.6 मिलियन का चेक मिला। भारतीय रुपये में ये लगभग 14 करोड़ बैठता है।

**कर्मचारी ईमानदार था-** अच्छी बात ये रही कि कर्मचारी ईमानदार था। उसे जैसे ही वेतन के मद में इतने पैसे मिले, उसके होश उड़ गए।

# महार प्रतिशत कंपनी बनाएगी एसएसएलवी

## इसरो से मिली टेक्नोलॉजी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महार प्रतिशत कंपनी हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के हाथ एक बड़ी कामयाबी लगी है। हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स ने स्मॉल सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल बनाने की बोली जीत ली है। स्पेस रेगुलेटर ने यह बात शुक्रवार को बताई है। हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स के शेयर शुक्रवार को बीएसई में बाजार के बंद होने के समय पर 1.16 प्रतिशत तेजी के साथ 4957 रुपये थे यह अनाउंसमेंट इंडियन नेशनल स्पेस प्रमोशन एंड ऑथरजैशनन सेंटर ने किया है। हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स ने 511 करोड़ रुपये की बोली जीतने के साथ ही एसएसएलवीटेक्नोलॉजी ट्रांसफर हासिल कर लिया है।

**अडानी ग्रुप की कंपनी भी थी रेस में-** हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के अलावा 2 अन्य कंसोर्शियम भी इसरो से टेक्नोलॉजी हासिल करने की रेस में थे। लेकिन एचएएल ने अडानी ग्रुप के अल्फा डिजाइन और भारत डायनेमिक्स लिमिटेड के कंसोर्शियम को पछाड़ते हुए यह बोली जीत ली है। बता दें, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने इस बोली में अकेले ही हिस्सा था। कंपनी किसी भी कंसोर्शियम का हिस्सा नहीं थी। शुरुआती चरण में 20 कंपनियों ने इस बोली की प्रक्रिया में दिलचस्पी दिखाई थी।

**मोदी सरकार का बड़ा फैसला-** सरकार के मोर्चे पर अगर देखें तो यह एक बड़ा फैसला है। स्पेस सेक्टर को प्राइवेट कंपनियों के लिए खोलना एक बड़ी पहल के तौर पर देखा जा रहा है। पीएम नरेंद्र



मोदी के कार्यकाल में पहली बार रॉकेट टेक्नोलॉजी को ट्रांसफर किया जा रहा है। बता दें, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स अब ना सिर्फ स्मॉल सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल बना सकता है। बल्कि स्स्ङ्क लॉन्च को कॉमर्शियलाइज भी कर सकता है।

## बहुत बड़ा है मार्केट

एसएसएलवी 500 किलोग्राम तक के पेलोड को धरती के निचली में ले जा सकता है। 2023 में वैश्विक स्तर पर लो अर्थ ऑर्बिट लॉन्च का मार्केट 13.9 अरब डॉलर के करीब था। 2032 तक अनुमान है कि यह 44 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। मौजूदा समय में भारत के पास ग्लोबल स्पेस इकनॉमी का 2 प्रतिशत हिस्सा ही है।

**27 जून को कंपनी की बोर्ड मीटिंग-** हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड की बोर्ड मीटिंग 27 जून को है। इसी दिन बोर्ड वित्त वर्ष 2024-25 के फाइनल डिविडेंड देने पर फैसला करेगा। वित्त वर्ष 2025 में इस सरकारी कंपनी ने 38 रुपये का डिविडेंड दे दिया है।

# रिजर्व बैंक ने ब्याज दरों में बदलाव पर तटस्थ रुख अपनाया

**मुंबई एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि मौद्रिक नीति में ब्याज दरों में पहले से की गई तेज कटौती आर्थिक गतिविधियों से जुड़े लोगों को यह स्पष्ट संकेत और भरोसा देगी कि वैश्विक तनाव के बीच भी केंद्रीय बैक आर्थिक विकास का समर्थन कर रहा है। यह बात शुक्रवार को जारी मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के मिनट्स में कही गई।

गवर्नर मल्होत्रा की अध्यक्षता में आरबीआई की छह सदस्यीय समिति ने 6 जून को बेंचमार्क शॉर्ट-टर्म लेंडिंग रेट (रेपो रेट) में 50 बेसिस प्वाइंट की कटौती की थी। इसके साथ ही मौद्रिक नीति के रुख को प्रोत्साहन देने वाली से बदलकर तटस्थ किया गया था और बाजार में नकदी बढ़ाने के उपाय भी किए गए। हाल की इस कटौती के बाद रेपो रेट में कुल 100 बेसिस प्वाइंट की कटौती हो चुकी है।

तीन दिन (4-6 जून) तक चली मौद्रिक नीति समित (एमपीसी) की बैठक में पांच सदस्यों ने रेपो दर में 50 बेसिस प्वाइंट (बीपीएस) की कटौती के पक्ष में मतदान किया। हालांकि, समिति के एक बाहरी सदस्य सौगाता भट्टाचार्य ने केवल 25 बीपीएस की कटौती का सुझाव दिया। मिनट्स के अनुसार, आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने पिछले कुछ महीनों में महंगाई में करीब 3 फीसदी अंकों की तेज गिरावट (अक्तूबर 2024 में 6.2 प्रतिशत से अप्रैल 2025 में 3.2 प्रतिशत) और पूरे वर्ष की औसत महंगाई दर में अनुमानित

## गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कही ये बात




एक फीसदी की गिरावट (4.6 प्रतिशत से घटकर 3.7 प्रतिशत) को ध्यान में रखते हुए 50 बेसिक प्वाइंट की कटौती के पक्ष में वोट दिया।

मल्होत्रा ने कहा, उम्मीद है कि पहले से की गई दर में कटौती और तरलता (लिक्विडिटी) के मोर्चे पर स्पष्टता से आर्थिक गतिविधियों से जुड़े लोगों को एक साफ संदेश मिलेगा, जिससे कर्ज की लागत घटेगी और उपभोग व निवेश को समर्थन मिलेगा। मौद्रिक नीति के रुख में बदलाव को लेकर उनका मानना था कि तटस्थ रुख से रिजर्व बैंक हालात के अनुसार दरों में कटौती, रोक या बढ़ोतरी जैसे फैसले आसानी से ले सकेगा।

मल्होत्रा ने कहा, इन उपायों से अनिश्चितता के इस दौर में कुछ भरोसा मिलेगा और यह आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में मदद करेगा। एमपीसी में आरबीआई के तीन अधिकारी शामिल हैं- गवर्नर संजय मल्होत्रा, डिप्टी गवर्नर पूनम गुप्ता और कार्यकारी निदेशक राजीव रंजन। इसके अलावा सरकार की ओर से नियुक्त तीन बाहरी सदस्य नागेश कुमार, सौगाता भट्टाचार्य और राम सिंह हैं।

मिनट्स के मुताबिक, डिप्टी गवर्नर पूनम गुप्ता का भी मानना था कि रेपो रेट में 50 बेसिस प्वाइंट की कटौती से नीतिगत स्पष्टता बढ़ेगी और यह धीरे-धीरे कटौती करने की तुलना में असरदार तरीके से लागू होगी। इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था से जुड़े खतरों का बेहतर ढंग से मुकाबला किया जा सकेगा। उन्होंने मौद्रिक नीति के रुख को अनुकूल से तटस्थ करने के फैसले का भी समर्थन किया। गुप्ता ने कहा, इसका मतलब है कि आगे कोई भी कदम नए आंकड़ों और बदलते वैश्विक हालात के आधार पर ही उठाया जाना चाहिए।

# 23 साल पुरानी कंपनी, 91 इश्यू प्राइस, 24 जून से आईपीओ पर दांव लगाने का मौका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीओ मार्केट में एक और कंपनी की एंट्री होने वाली है। टेक्नीकल फैसलिटीज मैनेजमेंट सर्विस प्रोवाइडर- आइकॉन फैसिलिटेटर्स लिमिटेड ने आईपीओ के लिए प्राइस बैंड तय कर लिया है। इस आईपीओ के लिए प्राइस बैंड 85-91 रुपये प्रति शेयर घोषित किया। ग्रे मार्केट प्रीमियम की बात करें तो 4 रुपये है। इस लिहाज से शेयर की लिस्टिंग 95 रुपये के स्तर पर हो सकती है। कंपनी का एसएमई कैटेगरी में आने वाला इश्यू 24 जून को आवेदन के लिए खुलेगा और 26 जून को बंद होगा। एंकर निवेशकों के लिए बोली 23 जून को एक दिन के लिए खुलेगी। आपको बता दें कि यह कंपनी बीएसई पर लिस्ट होगी।




## 21 लाख शेयरों का फ्रेश इश्यू

आइकॉन फैसिलिटेटर्स लिमिटेड ने एक बयान में कहा कि कंपनी की आईपीओ से 19.11 करोड़ रुपये जुटाने की योजना है। इसमें 21 लाख इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू शामिल है। इसे बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध किया जाएगा। विवरण पुस्तिका (आरएचपी) के अनुसार, कंपनी आईपीओ से प्राप्त राशि में से 16 करोड़ रुपये का उपयोग वर्किंग कैपिटल जरूरतों और शेष सामान्य कंपनी उद्देश्यों के लिए करेगी। खंबाटा सिक्योरिटीज इस इश्यू का एकमात्र बुक-रनिंग लीड मैनेजर है और माशितला सिक्योरिटीज इस इश्यू का रजिस्ट्रार है। इस कंपनी का मुख्यालय दिल्ली में है।

## कैसे रहे नतीजे

वित्तीय मोर्चे पर, वित्त वर्ष 2024-25 में आइकॉन फैसिलिटेटर्स का परिचालन राजस्व 58 करोड़ रुपये रहा जबकि नेट प्रॉफिट 4.47 करोड़ रुपये रहा। 31 मार्च 2025 तक कंपनी में 2,000 से अधिक कर्मचारी होंगे। इनमें से कई के पास प्रत्येक उद्योग क्षेत्र में महत्वपूर्ण तकनीकी पृष्ठभूमि और डोमेन विशेषज्ञता होगी। बता दें कि आइकॉन एक लीडिंग फैसलिटी मैनेजमेंट कंपनी है, जो दिल्ली के मध्य में स्थित है। यह कंपनी साल 2002 में वजूद में आई। इस तरह, कंपनी 23 साल से कारोबार कर रही है। कंपनी का मुख्यालय दिल्ली में है।

# 25 जून को खुल रहा है यह दमदार आईपीओ

## ग्रे मार्केट से मिला ग्रीन सिग्नल, प्राइस बैंड 100 रुपये के नीचे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संभव स्टील ट्यूब्स आईपीओ के प्राइस बैंड का ऐलान हो गया है। कंपनी ने 77 रुपये से 82 रुपये प्रति शेयर प्राइस बैंड तय किया है। संभव स्टील ट्यूब्स आईपीओ 25 जून को खुल जाएगा। निवेशकों के पास 27 जून तक आईपीओ पर दांव लगाने का मौका रहेगा।

**कैसा होगा आईपीओ-** संभव स्टील ट्यूब्स ने बताया है कि वो प्राइमरी मार्केट से 540 करोड़ रुपये जुटाने के लिए आईपीओ ला रहे हैं। इस आईपीओ में फ्रेश इश्यू और ऑफर फार सेल दोनों शामिल रहेगा। कंपनी ऑफर फार सेल के जरिए 1.22 करोड़ शेयर और फ्रेश इश्यू के जरिए 5.37 करोड़ शेयर जारी करेगी।

**182 शेयरों का बनाया है लॉट-** संभव स्टील ट्यूब्स आईपीओ का लॉट साइज 182 शेयरों का है। जिसकी वजह से किसी भी रिटेल निवेशक को कम से कम 14,924 रुपये का दांव लगाना होगा।

## किसके लिए कितना हिस्सा आरक्षित

क्वालीफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए अधिकतम 50 प्रतिशत हिस्सा आरक्षित रहेगा। वहीं, रिटेल निवेशकों के लिए कम से कम 35 प्रतिशत हिस्सा आरक्षित रहेगा। एनआईआई के लिए कम से कम 15 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व रहेगा। ग्रे मार्केट की बात करें तो यह आईपीओ वहां पॉजिटिव रिस्पॉन्स दे रहा है। इंवेस्टर्सगेन की रिपोर्ट के अनुसार ग्रे मार्केट में संभव स्टील ट्यूब्स आईपीओ 11 रुपये के प्रीमियम पर आज ट्रेड कर रहा है। कल भी यह आईपीओ 11 रुपये के प्रीमियम पर ही ट्रेड कर रहा था।

New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 21-06-2025 21:43 Page 1



# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर कार्यक्रमों की रही धूम
























**नवबिहार टाइम्स टीम**

**बड़कागांव, हजारीबाग/गिरिडीह/देवघर।** पकरी बरवाडीह खनन परियोजना के अंतर्गत लंगातू स्थित कैंप कार्यालय में त्रिवेणी सैनिक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 पूरे उत्साह, अनुशासन और जागरूकता के साथ मनाया गया। इस वर्ष की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य रही, जो मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के पारस्परिक संबंधों को रेखांकित करती है।

कार्यक्रम की शुरूआत सुबह योग सत्र से हुई, जिसमें कंपनी के सैकड़ों कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षित योग गुरुओं अनुपम नायक और ज्योति के मार्गदर्शन में कर्मचारियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान अभ्यास किए। इस दौरान उन्हें योग के शारीरिक, मानसिक और आत्मिक लाभों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम को टीएसएमपीएल के सीईओ (कोल माइनिंग) संजय कुमार खटोड़ ने संबोधित किया।उन्होंने कर्मचारियों को योग को नित्य जीवन में अपनाने और इसके माध्यम से तनावमुक्त, अनुशासित और ऊर्जा-सम्पन्न जीवन जीने की प्रेरणा दी।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों को योग के लाभों से जोड़ना, उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना, और योग के सामाजिक व पर्यावरणीय प्रभावों को समझाना था।

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को स्वास्थ्य संकल्प दिलाया गया कि वे योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएंगे। त्रिवेणी सैनिक का यह प्रयास न केवल कर्मचारियों के स्वास्थ्य की दिशा में एक सकारात्मक पहल है, बल्कि यह कार्यस्थल पर अनुशासन, एकता और ऊर्जा का भी प्रतीक बन गया।

**गिरिडीह से संवाददाता के अनुसार** भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (खान मंत्रालय), केंद्रीय मुख्यालय, भारत सरकार, कोलकाता में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामाजिक कार्यकर्ता एवं पूर्व वार्ड पार्षद पूनम बरनवाल रहीं मुख्य अतिथि, महानिदेशक असित साहा द्वारा किया गया सम्मानित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष योग सत्र का आयोजन भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, केंद्रीय मुख्यालय, कोलकाता में किया गया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता, अनुभवी योग प्रशिक्षक एवं पूर्व वार्ड पार्षद पूनम बरनवाल मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित रहीं। कार्यक्रम में पूनम बरनवाल जी ने अपने गहन अनुभव, सामाजिक संवेदनशीलता तथा योग के गूढ़ ज्ञान से सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रेरित करते हुए सरल योगासन, प्राणायाम और ध्यान तकनीकों का सहज प्रदर्शन किया। उन्होंने इस अवसर पर महानिदेशक असित साहा, अपर महानिदेशक, उप महानिदेशक तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के उत्साही सहभागिता के लिए हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया। इस गरिमामय अवसर पर महानिदेशक श्री असित साहा ने पूनम बरनवाल को उनके बहुमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया। पूनम बरनवाल ने इस आयोजन को यादगार बताते हुए भविष्य में भी योग, सामाजिक जागरूकता तथा स्वस्थ जीवन पर आधारित इस प्रकार के कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

इसी तरह शनिवार को विशेष अतिथि एवं योग शिक्षक संतोष शर्मा के नेतृत्व में सलूजा गोल्ड इन्टनैशनल स्कूल में पूरे उमंग उत्साह के साथ योग दिवस मनाया गया। सुबह के सत्र में इस योग शिविर में कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक के बच्चों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस योग शिविर का आयोजन विद्यालय के मल्टीपर्पज हॉल में हुआ जहाँ सभी बच्चों ने आसनबद्ध होकर योगमुद्रा का अनुसरण किया। प्रशिक्षक ने विद्यार्थियों को उनके पठन -पाठन और शारीरिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए केस सारे योगासन कराए, जैसे भरमारि , शवासन और प्राणायाम। सभी ने पूरी एकग्रता और समर्पण के साथ योग क्रियाएं की जिससे वातारवरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। योग दिवस के शुभ अवसर पर विद्यार्थियों को योग के महत्व के बारे में बताया गया की किसे योग शारीरिक , , मानसिक और भावनात्मक रूप से हमारी मदद करता है, कैसे ये तनाव और चिंता को कम करता है, और बेहतर नींद में मदद करता है। विद्यालय के प्रबंध निर्देशक जोरावर सिंह सलूजा ने योग दिवस के अवसर पर सभी विद्यार्थी एवं शिक्षकों को अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की। विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा तनाव मुक्त जीवन जीने और आतंरिक बल बनाये रखने के लिए योग बहुत उपयोगी हैं। उन्होंने सभी से योग करने और इसे जीवन शैली में अपनाने की बात कही। योग दिवस के इस मौके पर प्राचर्य ममता शर्मा , उप प्राचार्य सूरज कुमार लाला, एवं सभी शिक्षकगण मौजूद रहें।

**हजारीबाग से संवाददाता के अनुसार** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हजारीबाग यूथ विंग द्वारा भव्य योग शिविर का आयोजन, योग, अध्यात्म और समाजसेवा का सुंदर संगम रहा। हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, डीडीसी इश्तियाक अहमद सहित कई समाजसेवीगण हुए उपस्थित। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हजारीबाग की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था हजारीबाग यूथ विंग के तत्वावधान में मालवीय मार्ग स्थित अग्रसेन भवन के सभागार में भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल योग अभ्यास का केंद्र रहा, बल्कि सामाजिक समरसता, स्वास्थ्य जागरूकता और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति एकजुटता का संदेश भी दे गया। कार्यक्रम की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें शहर के 100 से अधिक लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में महिलाओं, बच्चों, युवा छात्र-छात्राओं एवं वरिष्ठ नागरिकों तक की सक्रिय उपस्थिति देखने को मिली। कार्यक्रम की सफलता के लिए संस्था के द्वारा संयोजक नियुक्त किए गए थे जिसमें विकास केसरी और रोहित बजाज शामिल थे. कार्यक्रम की शुरूआत रंग-बिरंगे गुब्बारों को उड़ाकर की गई, जो पर्यावरण और ऊर्जा के प्रति उत्सव का प्रतीक बना। इसके बाद मुख्य अतिथि हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों में भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह,समाजसेवी व भाजपा नेता सुदेश चंद्रवंशी , हरिश श्रीवास्तव का स्वागत पारंपरिक रीति से शॉल और पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया।

कार्यक्रम के विशेष आकर्षण में से एक था प्रशस्ति पत्र वितरण समारोह, जिसमें अतिथियों के कर-कमलों से सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। यह सम्मान सहभागियों के मनोबल को और अधिक ऊँचा करने वाला रहा। कार्यक्रम प्रारंभ होने से पूर्व सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने परिसर में स्थित राणी सती मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद लिया और फिर पूरे आयोजन में अपनी गरिमामयी उपस्थिति से आयोजन को विशेष बना दिया।

कार्यक्रम को विशेष रूप से सफल बनाने में संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन,उपाध्यक्ष विकास तिवारी,सचिव रितेश खण्डेलवाल,सह सचिव अभिषेक पांडे, कार्यक्रम संयोजक विकाश केशरी, रोहित बजाज,संजय कुमार, प्रणीत जैन,विवेक तिवारी,सनी देव,प्रिंस कसेरा, अजीत चंद्रवंशी, मोहम्मद ताजुद्दीन,प्रवेक जैन सहित कई लोग ने सहयोग किया।

डीडीसी इश्तियाक अहमद ने कहा की योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। यह न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करता है, बल्कि हमारे भीतर आत्मानुशासन, एकाग्रता और शांति भी विकसित करता है। हजारीबाग यूथ विंग द्वारा इस तरह के आयोजन से समाज में सकारात्मक ऊर्जा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलती है। मैं इस सफल आयोजन के लिए पूरी टीम को बधाई देता हूं। हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की योग को जीवन में अपनाकर हम कई शारीरिक और मानसिक व्याधियों से सहज ही मुक्ति पा सकते हैं। संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि योग जीवन का अमूल्य अंग है इसे अपने जीवन में अवश्य उतरना चाहिए। साथ ही उन्होंने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया और कहा कि इसी तरह आप सबों का साथ और विश्वास समय-समय पर मिलता रहे।

एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा ने आरसी हॉल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 को बड़े उत्साह के साथ मनाया। यह कार्यक्रम 15 जून से 21 जून तक आयोजित सप्ताहव्यापी योग कार्यशाला का समापन था, जो ईडब्ल्यूए (कर्मचारी कल्याण संघ) के तत्वावधान में आयोजित की गई थी। इस वर्ष के राष्ट्रीय विषय ह्लएक धरती, एक स्वास्थ्य हेतु योगह्व के अनुरूप, इस पहल का उद्देश्य कर्मचारियों, उनके परिवारों और उक्रत्रक्के जवानों के बीच शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक कल्याण को बढ़ावा देना था।

समापन समारोह में कर्मचारियों, उनके परिजनों, एहअ सदस्यों तथा जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की गरिमा में वृद्धि हुई वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति से, जिनमें शामिल थे। संजीब कुमार सुआर, परियोजना प्रमुख; राजीव कुमार सिन्हा, महाप्रबंधक (ओ एंड एम); राजीव त्रिपाठी, महाप्रबंधक (इलेक्ट्रिकल इरेक्शन); नीरज रॉय, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन); तथा सनुज कुमार, उप कमांडेंट, दीपाली आचार्य, अध्यक्षे, वसुंधरा लेडीज क्लब और विनिता सिन्हा, प्रभारी, बाल भवन ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को प्रेरणा प्रदान की। अपने संबोधन में परियोजना प्रमुख एसके सुवर ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित, शांत और सशक्त बनाने का मार्ग है। सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम में प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों द्वारा आसनों, प्राणायाम और ध्यान सत्रों का आयोजन किया गया, जिससे सभी प्रतिभागियों को दैनिक जीवन में योग को अपनाने की प्रेरणा मिली।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को के.एन. बक्शी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बेंगाबाद में योग और प्राणायाम सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं बी.एड. प्रशिक्षार्थी बड़ी संख्या में शामिल हुए। वहां प्रशिक्षार्थियों ने विद्यालयों के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ मिलकर योग और प्राणायाम किया तथा इसके लाभ के प्रति सभी को जागरूक किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजीत कुमार सिंह ने कहा कि, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' समग्र कल्याण और पर्यावरण संरक्षण की भावना को प्रोत्साहित करती है। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा को संतुलित कर आंतरिक शांति का मार्ग प्रशस्त करता है। उपप्राचार्य बिनोद कुमार सुमन ने कहा कि, योग स्वस्थ जीवन जीने की एक कला और विज्ञान है। यह मन और शरीर के बीच सामंजस्य स्थापित कर समग्र दृष्टिकोण से व्यक्ति को सशक्त बनाता है। वहीं, डॉ. सुरेश यादव ने योग को प्राचीन भारतीय विरासत बताते हुए कहा कि, योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि आत्मिक अनुशासन है, जो ध्यान, प्राणायाम और शारीरिक क्रियाओं के माध्यम से मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है। कार्यक्रम में डॉ. शंकर सिंह, प्रो. मदन कुमार, प्रो. नीलेश लकड़ा, प्रो. नूतन शर्मा, रागिनी, बिक्रम, जयप्रकाश, सुभाष, रेश्मा समेत अनेक शिक्षकों एवं प्रशिक्षार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम का समापन सामूहिक प्रार्थना एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

## कोर्रा थाना प्रभारी किये गये लाइन हाजिर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिले के कोर्रा और चरही थाना प्रभारियों को प्रशासनिक कारणों से लाइन हाजिर कर दिया गया है। इस कार्रवाई में कोर्रा थाना प्रभारी शमशेर बहादुर और चरही थाना प्रभारी गौतम कुमार शामिल हैं। पुलिस प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से विभाग में हड़कंप मच गया है। सूत्रों के अनुसार, दोनों थाना प्रभारियों की कार्यप्रणाली को लेकर मिली शिकायतों, जनता के प्रति व्यवहार और प्रभावी पुलिसिंग में ढिलाई जैसे मामलों को संज्ञान में लेते हुए यह निर्णय लिया गया है। हालांकि आधिकारिक बयान में कार्रवाई का स्पष्ट कारण नहीं बताया गया है। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और पुलिस प्रशासन को जवाबदेह एवं पारदर्शी बनाने के लिए यह आवश्यक कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही, अनुशासनहीनता या जनता के विश्वास को ठेस पहुंचाने वाले व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## वाहन की टक्कर से पैंथर जवान की मौत

**हजारीबाग।** शुक्रवार की रात पैंथर पुलिस की टीम रात्रि गश्ती पर थी, तभी एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में पैंथर जवान नंदलाल ठाकुर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि जवान गणेश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद दोनों को आरोग्यं अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने नंदलाल ठाकुर को मृत घोषित कर दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल गणेश सिंह को प्राथमिक इलाज के बाद पल्स हॉस्पिटल, रांची रेफर किया गया है।

## गोली लगने से एसआईएसएफ जवान की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटकमदाग (हजारीबाग)।** शनिवार सुबह बानादाग साइडिंग स्थित यूनिट-7 कैंप में एक दर्दनाक हादसे में एसआईएसएफ (स्पेशल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स) के जवान मिथलेश यादव की गोली लगने से मौत हो गई। जवान की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष थी और वे गढ़वा जिले के निवासी थे।

घटना सुबह लगभग 5 बजे की है, जब मिथलेश यादव ड्यूटी पर तैनात थे। एसआईएसएफ डीएसपी साजिद के अनुसार, मिथलेश का पैर फिसल गया, जिससे वह गिर पड़े और उसी दौरान उनकी सर्विस राइफल से गलती से गोली चल गई, जो सीधे उन्हें लगी। जवान की मौके पर ही मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही कटकमदाग थाना पुलिस और एसआईएसएफ अधिकारी मौके पर पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और घटना की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है। जांच का मुख्य बिंदु यह है कि गोली किस परिस्थिति में चली और क्या सुरक्षा प्रोटोकॉल का पूरी तरह पालन किया गया था।जवान के बड़े भाई अमरेश कुमार यादव, जो स्वयं भी एसआईएसएफ में कार्यरत हैं और वर्तमान में बड़कागांव में पदस्थापित हैं, ने भी इस घटना को दुर्घटनावश हुआ हादसा बताया। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक सूचना के अनुसार बारिश के कारण फिसलने के बाद ही यह दुर्घटना हुई। कैंप कमांडेंट और परिवार की ओर से यह स्पष्ट किया गया है कि यह कोई साजिश या जानबूझकर की गई कार्रवाई नहीं थी, बल्कि एक दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना थी। यह घटना जहां पूरे इलाके में शोक की लहर ले आई है।

# लोक लेखा समिति की बैठक में योजनाओं की हुई समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** झारखंड विधानसभा की लोक लेखा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को हजारीबाग परिसदन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति सभापति सह बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने की। इस दौरान राज्य के विभिन्न विभागों की योजनाओं की गहन समीक्षा की गई।

बैठक में समिति के सदस्य विधायक नमन विक्सल कोंगड़ी, विधायक जगत मांझी, विधायक अमित यादव और विधायक सुखराम उरांव मौजूद रहे। कार्यवाही में सहयोग के लिए झारखंड विधानसभा सचिवालय से अपर सचिव अनूप लाल और प्रशाखा पदाधिकारी नरेश ठाकुर उपस्थित थे। बैठक के दौरान समिति सदस्यों ने विभागवार योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट का विस्तृत मूल्यांकन किया।

सभापति मनोज कुमार यादव ने स्पष्ट रूप से कहा कि वित्तीय मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समिति का उद्देश्य जनता के पैसे का समुचित और पारदर्शी उपयोग सुनिश्चित करना है।




उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाएं निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी की जाएं और उनकी गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। इस बैठक में कोडरमा जिले के वरिष्ठ अधिकारी, जैसे उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, डीएफओ, डीडीसी, सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की प्रगति रिपोर्ट समिति के समक्ष प्रस्तुत की और सदस्यों द्वारा उठाए गए सवालों का उत्तर दिया। बैठक ने विकास कार्यों की निगरानी, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में काम किया।

## फर्जी अकाउंट बनाकर ठगी

**नव बिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** भुक्तभोगी राजेश कुमार ने बताया गया कि उस फर्जी अकाउंट में एक लाख रुपए से अधिक राशि का भुगतान पचंबा के एक व्यक्ति द्वारा कर दिया गया। जिसके बाद बरवाडीह स्थित साइबर थाना में आवेदन दिया गया। आवेदन में भुक्तभोगी पचंबा थाना क्षेत्र के रानीखावा निवासी राजेश कुमार ने बताया कि 19 जून को यह घटना हुई है। जानकारी दी की इसे घर बनाने के लिए छड़ की आवश्यकता थी। ऑनलाइन गूगल में सलूजा गोल्ड नाम से सर्च किया तो फर्जी साइड खुला। इसके बाद मुझे टैक्स इनवॉइस भेजकर पैसा नेफ्ट करने को कहा गया। जब मैंने डिटेल देखा तो सलूजा गोल्ड स्टील लिमिटेड के नाम से पंजाब नेशनल बैंक गिरिडीह शाखा का बैंक डिटेल मिला। इसके बाद भरोसा कर अपनी मां के खाता से एक लाख चार सो रुपए भेज दिया। इसके कुछ देर बाद छड़ की डिलीवरी करने को बोला तो 30 हजार रुपए वेंडर कोड बोलकर के फिर से नेफ्ट करने को कहा गया। इसके बाद इन्हें शक हुआ।तब इन्होंने कंपनी से सीधे संपर्क किया साथ ही इन्होंने साइबर थाना में आवेदन देकर पुलिस से उचित कार्रवाई की गुहार लगाई।

## लोकतंत्र का गला घोंटकर आपातकाल लागू किया गया था : आरती सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग सदर विधायक के, कार्यालय में मॉक पार्लियामेंट कार्यक्रम, हजारीबाग में आयोजन करने हेतु, हजारीबाग महिला मोर्चा के द्वारा एक आवश्यक बैठक जिला अध्यक्ष मनोरमा राणा की अध्यक्षता में की गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में मोर्चा के प्रदेश मंत्री सुचिता सिंह ,व भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, जिला प्रभारी के तौर पर रूबी वर्मा उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन रीमा कुमारी द्वारा की गई। अतिथियों एवं वक्ताओं द्वारा मॉक पार्लियामेंट के बारे में विस्तृत से चर्चा की गई। वक्ताओं द्वारा बताया गया कि मॉक पार्लियामेंट सेशन एक शैक्षिक पहल है। जिसे संसदीय लोकतंत्र के कामकाज का अनुकरण करने के लिए डिजाइन किया गया है ।जो छात्रों को कानून निमार्ता की भूमिका निभाने और शासन की कमियो को समझने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। युवा संसद, युवाओं के लिए एक मंच है ,जहां उन्हें एक नकली संसद की स्थापना और संसद में बहस का अनुभव कराया जाता है, और आमतौर पर वेस्टमिंस्टर संसदीय प्रणाली का अनुकरण करती है। साथ ही इसका उद्देश्य छात्रों को राजनीतिक प्रक्रियाओं, बहस करने के तरीके को लोकतांत्रिक भागीदारी के बारे में विपक्षी नेताओं की प्रतिक्रिया आदि को बताती है। खास तौर से आपातकाल की 50वीं वर्षी के अवसर पर मॉक पार्लियामेंट का आयोजन कर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बारे में जानकारी देना है, की किस तरह से लोकतंत्र की हत्या कर अपने निजी स्वार्थ में संविधान की धज्जियां उड़ा दी थी ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला रेणुका साहू ,जयनारायण प्रसाद, भानुमति पासवान, उमा पाठक, बिजल देवी ,सत्यभामा शर्मा ,प्रियंका कुमारी, श्वेता सिंहा ,रिंकी विश्वकर्मा, गुड़िया के साथ-साथ पूनम चौधरी ,खुशबू कुमारी, इंदु कुमारी ,कंचन शर्मा ,अर्चना कुमारी, सोनी देवी ,कौशल्या देवी, मीरा मेहता ,,रीना राज भट्ट, ईंदू गुप्ता, पूनम कसेरा ,आशा देवी आदि उपस्थित थे। उक्त आशय की जानकारी भाजपा जिला मंत्री जय नारायण प्रसाद द्वारा दी गई।

## अवैध आरा मिल पर छापेमारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** डीएफओ के निर्देश पर शनिवार को वन विभाग की एक विशेष टीम ने बेंगाबाद थाना पुलिस बल के सहयोग से दामोदरडीह में संचालित एक अवैध आरा मील पर छापेमारी की। छापेमारी में बड़ी मात्रा में लकड़ी, आरा मील संयंत्र और लकड़ी लदा एक टाटा मैजिक वाहन जब्त किया वन विभाग की टीम जब्त की गई सामग्री को अपने साथ ले गई है और संबंधित अभियुक्त के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है छापेमारी दल का नेतृत्व प्रभारी वनपाल रोहित कुमार पंडित कर रहे थे। टीम में चंदन दास, बिनोद कुमार, रंजन शर्मा, दाऊद आलम, रामदेव मरंडी, सुमन कुमार और शमशेर अंसारी शामिल रहे।

CMYK

## भूटिया के आरोप बेबुनियाद, एआईएफएफ की छवि खराब कर रहे - कल्याण चौबे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया और ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। भूटिया के लगाए आरोपों के बाद कल्याण चौबे ने उन्हें एआईएफएफ की 2 जुलाई को होने वाली बैठक में आमंत्रित किया है। बाइचुंग भूटिया को 2022 में एआईएफएफ के अध्यक्ष के चुनाव में कल्याण चौबे के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद भूटिया उनके आलोचक रहे हैं। हाल के दिनों भारतीय फुटबॉल टीम का प्रदर्शन खराब रहा है, जिसके बाद वह और ज्यादा आक्रामक हो गए हैं। कल्याण चौबे ने कहा, हम दो नारों में विश्वास करते हैं - पहला फुटबॉल दुनिया को एकजुट करता है और दूसरा भारतीय फुटबॉल, एक साथ आगे बढ़ें। ये नारे हमारे साझा दृष्टिकोण को दर्शाते हैं। मेरा दृढ़ विश्वास है कि एक साथ काम करके हम भारतीय फुटबॉल को और ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम एक लोकतांत्रिक देश में रहते हैं, जहां हर नागरिकों को बोलने की स्वतंत्रता का संवैधानिक अधिकार है। एआईएफएफ कार्यकारी समिति के सदस्य के रूप में बाइचुंग भूटिया के पास अपने विचार व्यक्त करने, चिंताओं को उठाने और विभिन्न एआईएफएफ कार्यकारी समिति की बैठकों में भारतीय फुटबॉल के विकास और प्रदर्शन की दिशा में रचनात्मक योगदान देने के लिए एक उपयुक्त और सशक्त मंच तक पहुंच है। उन्हें 2 जुलाई की बैठक में बुलाया गया है।

## क्लब विश्व कप: बायर्न ने बोका को हराकर नॉकआउट में प्रवेश किया



**मियामी, एजेंसी।** बायर्न म्यूनिख ने शुक्रवार को बोका जूनियर्स पर 2-1 की शानदार जीत के साथ क्लब विश्व कप में अपने यूरोपीय गौरव को फिर से जगाया, एक तनावपूर्ण और कड़े संघर्ष के बाद अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की की। बोका समर्थकों से भरी एक उत्साही भीड़ के सामने - जिन्होंने हार्ड रॉक स्टेडियम को एक मिनी बॉम्बोनेरा में बदल दिया - अर्जेंटीना की टीम ने जी-जान से लड़ाई लड़ी। लेकिन खेल के अंत में बायर्न का दृढ़ संकल्प प्रबल हुआ। हैरी केन ने पहले हाफ की शुरुआत में जर्मन चैंपियन के लिए गोल किया, लेकिन बोका ने मिगुएल मेरेंटिएल के माध्यम से वापसी की। खेल अधर में लटकने के साथ, माइकल ओलिस ने देर से विजयी गोल करके बायर्न को छह अंकों के साथ ग्रुप सी में शीर्ष पर पहुंचा दिया, जो बेनफिका से दो अंक आगे है। बोका, केवल एक अंक के साथ, दौड़ में बना हुआ है और अपने अंतिम ग्रुप मैच में ऑकलैंड सिटी का सामना करेगा, जबकि बायर्न का सामना बेनफिका से होगा। यह जीत यूरोपीय क्लबों के लिए समय पर मिली बढ़त थी, जो हाल ही में टूर्नामेंट में संघर्ष कर रहे थे, जिसमें पोर्टो, पीएसजी और चेल्सी सभी हार का सामना कर रहे थे। मैच में बहुत जोश देखने को मिला, खासकर दूसरे हाफ में, जब बोका ने बहुत दबाव बनाया और बायर्न की लय को शारीरिक, तेज गति वाले फुटबॉल से बाधित किया।

# जिंबाब्वे टेस्ट सीरीज से बावुमा बाहर, महाराज करेंगे कप्तानी



**जोहान्सबर्ग , एजेंसी।** हाल ही में साउथ अफ्रीका को अपनी कप्तानी में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब दिलाने वाले टेंबा बावुमा जिंबाब्वे के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह स्पिन गेंदबाज केशव महाराज कप्तानी करेंगे।

टेंबा बावुमा बाएं टखने में खिंचाव की वजह से जिंबाब्वे के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हुए हैं। यह इंजरी उन्हें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के दौरान ही हुई थी, हालांकि तब उन्होंने इंजरी के साथ बैटिंग की थी और दूसरी पारी में 66 रन बनाकर टीम को चैंपियन बनाने में बड़ी भूमिका निभाई थी। क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के कप्तान टेंबा बावुमा बाएं पैर में हैमस्ट्रिंग खिंचाव के कारण जिम्बाब्वे के खिलाफ आगामी दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। बावुमा को लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के तीसरे दिन दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी के दौरान बल्लेबाजी करते समय चोट लगी थी। चोट की गंभीरता का आंकलन करने के लिए उनका स्कैन किया जाएगा। उनकी अनुपस्थिति में केशव महाराज टीम की कप्तानी करेंगे। यह दो साल से कम समय में बावुमा की तीसरी हैमस्ट्रिंग इंजरी है। इससे पहले 2023 वनडे विश्व कप के दौरान चोट लगी थी। इंजरी के साथ वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल खेले थे। भारत के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट के दौरान भी उन्हें चोट लगी थी। उन्हें बार-बार कोहनी की समस्या भी होती है। वह अक्सर अपनी बाईं कोहनी पर भारी पट्टी बांधकर खेलते हैं। जिंबाब्वे सीरीज से दक्षिण अफ्रीका विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-2027 के चक्र की शुरुआत करेगा। जिंबाब्वे के खिलाफ सीरीज 28 जून से शुरू हो रही है। दक्षिण अफ्रीका ने जिंबाब्वे के खिलाफ टेस्ट सीरीज में अपने कई खिलाड़ियों को आराम दिया है। इसमें एडेन मार्करम और कैगिसो रबाडा शामिल हैं। लुंगी एनगिडी केवल दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध होंगे। पांच नए खिलाड़ियों को मौका दिया गया है।

### जिंबाब्वे सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम इस प्रकार है

डेविड बेडिंघम, मैथ्यू ब्रीट्जके, डेवाल्ड ब्रेविस, कॉर्बिन बॉश, टोनी डी जोरजी, जुबैर हमजा, केशव महाराज (कप्तान), क्वेना मफाका, वियान मुल्डर, लुंगी एंगिडी (सिर्फ दूसरा टेस्ट), लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, लेसेगो सेनोकवाने, प्रेनेलन सुब्रेयन, काइल वेरिन, कोडी यूसुफ।

# नीरज चोपड़ा के 11 सर्वश्रेष्ठ थ्रो

## पेरिस डायमंड लीग जीतने के लिए 88.16 मीटर दूर फेंका भाला




**नई दिल्ली, एजेंसी।** दो बार के ओलंपिक पदक विजेता और भारतीय भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को पेरिस डायमंड लीग का खिताब अपने नाम किया। नीरज ने कड़े मुकाबले में जर्मन प्रतिद्वंद्वी जूलियन वेबर को हराकर दो साल में अपना पहला डायमंड लीग खिताब जीता। 27 वर्षीय नीरज का सर्वश्रेष्ठ थ्रो 88.16 मीटर का रहा। उन्होंने पहले ही राउंड में यह दूरी हासिल की, लेकिन बाद के पांच थ्रो में वह 90 मीटर का आंकड़ा नहीं छू सके। नीरज का दूसरा थ्रो 85.10 मीटर का रहा और फिर उन्होंने अपने छठे और अंतिम प्रयास में 82.89 मीटर दूर भाला फेंका। उनके तीन प्रयास फाउल रहे। वेबर 87.88 मीटर के अपने शुरुआती थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि ब्राजील के लुइस मौरिसियो दा सिल्वा 86.62 मीटर के अपने तीसरे राउंड प्रयास के साथ तीसरे स्थान पर रहे। नीरज ने इसी साल मई में दोहा डायमंड लीग में 90 मीटर का आंकड़ा पहली बार छुआ था। टोक्यो ओलंपिक चैंपियन नीरज 90 मीटर पार करने वाले दुनिया के 25वें और एशिया के तीसरे खिलाड़ी बन गए थे। पेरिस ओलंपिक चैंपियन पाकिस्तान के अरशद नदीम (92.97 मीटर) और चीनी ताइपै के चाओ सुन चेंग (91.36 मीटर) ही एशिया के दो अन्य खिलाड़ी हैं जो 90 मीटर से अधिक का थ्रो फेंक चुके हैं। वहीं, वेबर ने भी दोहा डायमंड लीग टूर्नामेंट में पहली बार 90 मीटर का आंकड़ा पार किया था। हम आपको नीरज के 11 सर्वश्रेष्ठ थ्रो के बारे में बता रहे हैं...

1. **दोहा डायमंड लीग, 2025–** नीरज चोपड़ा ने आखिरकार 90 मीटर की बाधा पार करके 90.23 मीटर का थ्रो फेंका, लेकिन डायमंड लीग के दोहा चरण में जर्मनी के जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे। वेबर ने अपने आखिरी प्रयास में 91.06 मीटर का थ्रो फेंका, जबकि नीरज ने तीसरे प्रयास में ऐसा किया था। यह नीरज का अब तक का सर्वश्रेष्ठ थ्रो है।
2. **स्टॉकहोम डायमंड लीग 2022–** नीरज चोपड़ा ने स्वीडन में डायमंड लीग 2022 में 89.94 मीटर के जेवलिन थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। इस थ्रो के साथ, उन्होंने फिनलैंड में पावो नुरमी गेम्स में सेट किए गए अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.30 मीटर को बेहतर किया।
3. **पेरिस ओलंपिक फाइनल, 2024–** नीरज का पेरिस ओलंपिक के फाइनल में 89.45 मीटर का थ्रो, उनके करियर का दूसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो रहा। हालांकि, इसके बाद वह एक बार भी वैध थ्रो नहीं कर सके।
4. **दोहा डायमंड लीग, 2023–** नीरज के 88.67 के थ्रो ने उन्हें 2023 में दोहा डिमोंड लीग में फिर से स्वर्ण पदक दिलाया। नीरज ने अपने पहले प्रयास में स्वर्ण पदक जीता।
5. **विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 –**88.17 मीटर का थ्रो किया और स्वर्ण पदक जीता। इसी प्रतियोगिता के जरिए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया। इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने।
6. **पेरिस डायमंड लीग, 2025–** नीरज चोपड़ा ने पेरिस डायमंड लीग में अपनी पहली ही कोशिश में शानदार थ्रो करते हुए 88.16 मीटर दूर भाला फेंक कर खिताब अपने नाम किया। यह उनका दूरी के हिसाब से छठा सर्वश्रेष्ठ थ्रो है।
7. **विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप, 2022–** नीरज ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाले एकमात्र भारतीय एथलीट बनकर इतिहास रच दिया। उन्होंने 88.13 मीटर के प्रयास के साथ रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया।
8. **एशियन गेम्स, 2018–** नीरज ने 2018 में एशियाई खेलों में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने 88.06 मीटर का थ्रो कर इतिहास रचा था।
9. **डायमंड लीग फाइनल 2024–** नीरज ने ब्रसेल्स डायमंड लीग फाइनल में 87.86 मीटर का थ्रो किया। वह दूसरे स्थान पर रहे और खिताब से चूक गए।
10. **लुसान डायमंड लीग, 2023–** नीरज ने 87.66 मीटर थ्रो के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। यह उन्होंने पांचवें प्रयास में जाकर थ्रो किया और सीधे स्वर्ण पदक पर निशाना साधा। उनके गोल्डन आर्म का जादू एक बार फिर चला।
11. **टोक्यो ओलंपिक, 2020–** टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतकर नीरज रातोंरात सनसनी बन गए थे। अपने दूसरे थ्रो में उन्होंने 87.58 मीटर की दूरी तय की और भारत को ओलंपिक का पहला ट्रैक एंड फील्ड गोल्ड दिलाया।

# बीच मैदान में गिर गए दोनों बल्लेबाज, फिर भी नहीं हुए रन आउट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट के मैदान पर कभी-कभी कुछ ऐसा देखने को मिल जाता है, जिसका आपको विश्वास ही नहीं होता है. कुछ ऐसा ही देखने को मिला महाराष्ट्र प्रीमियर लीग 2025 के दौरान, जिसको देखकर कुछ देर के लिए लोगों को समझ में नहीं आया कि हुआ क्या था? रन लेने के दौरान बीच मैदान में दोनों बल्लेबाज आपस में टकराकर गिर जाते हैं, इसके बावजूद दोनों रन आउट नहीं हुए. ऐसा बहुत कम ही देखने को मिलता है. इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. जहां फील्डर्स की लापरवाही से दोनों बल्लेबाज अपने क्रीज में सुरक्षित पहुंच जाते हैं. साथ में 5 रन भी बटोर लेते हैं. महाराष्ट्र प्रीमियर लीग का एलिमिनेटर मुकाबला रायगढ़ रॉयल्स और कोल्हापुर टस्कर्स के बीच खेला गया. इस मैच के दौरान मैदान पर एक ऐसा वाकया देखने को मिला, जिसे देखकर सभी लोग दंग रह गए. हुआ ये कि 165 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रायगढ़ रॉयल्स के सलामी बल्लेबाज सिद्धार्थ वीर और विक्की ओस्टवाल पहले ओवर में केवल एक रन ही जुटा पाए थे. इसके बाद दूसरे ओवर में अजीब नजारा देखने को मिला. इसके बाद दूसरा ओवर कोल्हापुर के आत्मन पोरे लेकर आए. इनकी चौथी गेंद पर विक्की ओस्टवाल ने ड्राइव किया. फील्डर से मिस फील्ड होने पर दोनों बल्लेबाजों ने तेजी से एक रन पूरा कर लिया. इसके बाद जब ये दोनों दूसरे रन के लिए दौड़े तो बीच मैदान में आपस में टकराकर गिर गए. इस दौरान फील्डर ने विकेटकीपर की ओर गेंद फेंक दी. विकेटकीपर ने नॉन स्ट्राइक एंड पर गेंद फेंककर एक बल्लेबाज को रन आउट करने की कोशिश की, लेकिन वहां मौजूद फील्डर गेंद पकड़ नहीं पाया और तब तक एक बल्लेबाज क्रीज पर पहुंच गया. इसके बाद कोल्हापुर के कप्तान राहुल त्रिपाठी गेंद लेकर स्ट्राइकर एंड पर रन आउट करने के लिए दौड़ पड़े. उस दौरान दूसरे बल्लेबाज ने भी दौड़ लगा दी. राहुल त्रिपाठी ने विकेट पर थ्रो कर दिया, लेकिन गेंद विकेट को मिस करते हुए बाउंड्री के पार चली गई और दूसरा बल्लेबाज सुरक्षित अपने क्रीज पर पहुंच गया. इस तरह रायगढ़ रॉयल्स को 5 रन मिल गए.

# विश्वास और भरोसा... इन दो शब्दों के साथ जीते हैं यशस्वी जायसवाल, टैटू से हुआ खुलासा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मैच में टीम इंडिया ने शानदार शुरुआत की है. मैच के पहले दिन भारतीय टीम ने तीन विकेट खोकर 359 रन बना लिए हैं. कप्तान शुभमन गिल 127 और उप कप्तान ऋषभ पंत 65 रन बनाकर खेल रहे हैं. इससे पहले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने शतक ठोकर इंग्लिश गेंदबाजों को चौंका दिया. उन्होंने 101 रनों की शानदार पारी खेली. इस दौरान उनको लेकर एक बड़ा खुलासा हुआ है. उनके शरीर पर बने टैटू ने उनके जीवन से जुड़े अहम पलों को दुनिया के सामने लाकर रख दिया है. टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में 159 गेंदों में 16 चौकों और एक छक्का की मदद से 101 रनों की पारी खेली. इंग्लैंड में यशस्वी का ये पहला शतक है. इस दौरान यशस्वी के शरीर पर बने टैटू को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है. उन्होंने अपने दोनों हाथों पर तारीख के साथ कुछ लिखवाए हैं.




इन तारीखों का इस सलामी बल्लेबाज के जीवन से अहम कनेक्शन है. 16 अक्टूबर 2019 को उन्होंने झारखंड के खिलाफ लिस्ट ए टूर्नामेंट में 203 रन की पारी खेली थी. इससे यशस्वी को भरोसा हुआ कि वे दुनिया के बेस्ट बल्लेबाजों के बीच बल्लेबाजी कर सकते हैं. वहीं सात मई 2022 को उन्होंने ढ्ढक्क में राजस्थान रॉयल्स के लिए पंजाब किंग्स के खिलाफ 68 रन की पारी खेली थी और पहला प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड जीता था. इससे उनका अपने ऊपर विश्वास बढ़ा था.

टीम इंडिया के इस बल्लेबाज ने अपने शरीर पर भी टैटू गुदवा रखे हैं. यहां उन्होंने ढ्ढक्क, रणजी ट्रॉफी, विजय हजारे और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी डेब्यू की तारीखों को लिखवा रखा है. एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने बताया था कि मैंने इन्हें अपने हाथ पर स्थायी रूप से लिखवाने का फैसला किया. मेरे लिए खुद पर भरोसा और विश्वास काफी जरूरी है. ये मुझे याद दिलाते हैं कि मैं क्या हूं और क्यों मुझे हमेशा खुद पर ट्रस्ट और विश्वास करना चाहिए.


## तेंदुलकर, गांगुली की नोकझोंक ने प्रशंसकों को हंसाया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर और सौरव गांगुली ने सोशल मीडिया पर हल्की-फुल्की नोकझोंक की, क्योंकि उन्हें 2002 में अपने शानदार बल्लेबाजी प्रदर्शन की याद आ गई, जब भारत ने शुक्रवार को लीड्स में एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पहले टेस्ट के पहले दिन 359/3 का स्कोर बनाया। भारत नए कप्तान के नेतृत्व में खेल रहा है और बल्लेबाजी क्रम में रोहित शर्मा और विराट कोहली की मौजूदगी सुनिश्चित नहीं थी, लेकिन मेहमान टीम ने यशस्वी जायसवाल (101) और शुभमन गिल (नाबाद 127) के शतकों और ऋषभ पंत (नाबाद 65) के शानदार नाबाद अर्धशतक की बदौलत सीरीज में मजबूत शुरुआत की। कुछ प्रशंसकों ने तेंदुलकर और गांगुली को 2002 में हेडिंग्ले में भारत की शानदार बल्लेबाजी की याद दिलाई, जब उन्होंने चौथे विकेट के लिए 249 रनों की साझेदारी की थी। तेंदुलकर ने 303 गेंदों पर 193 रनों की शानदार पारी खेली, जबकि गांगुली ने 128 रन बनाए। राहुल द्रविड़ के 148 रनों की मदद से तीन भारतीय बल्लेबाज तीन अंकों के आंकड़े तक पहुंचे, जबकि सलामी बल्लेबाज संजय बांगर ने 68 रनों का योगदान दिया। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर उनकी शानदार साझेदारी और लीड्स में तीन शतकों के बारे में एक पोस्ट के जवाब में, तेंदुलकर ने फिंगर्स-क्रॉस इमोजी के साथ जवाब दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### 2283 करोड़ रुपये के इन्वेस्टमेंट फ्रॉड का पर्दाफाश, एसटीएफ ने 2 मास्टरमाइंड दिल्ली से दबोचे



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आए दिन देश के किसी ना किसी हिस्से से फर्जीवाड़ा की एक खबर सामने आती है। इस बार पूरे देश के लोगों को चूना लगाने वाले घोटाले से पर्दाफाश हुआ है। मध्य प्रदेश की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने करीब 2,283 करोड़ रुपये के इन्वेस्टमेंट फ्रॉड का पर्दाफाश किया है। अधिकारियों ने इस मामले में दिल्ली से दो मास्टरमाइंड दीपक शर्मा और मदन मोहन कुमार को भी गिरफ्तार किया है। इस धोखाधड़ी में बॉटब्रो जैसे ऑनलाइन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म की आड़ में सात राज्यों के हजारों निवेशकों को ठगा गया। इस ठगी को शेल फर्म यॉर्कर एफएक्स और यॉर्कर कैपिटल के जरिए अंजाम दिया गया। यह मामला तब सामने आया जब इंदौर के रहने वाले ईशान सलूजा ने शिकायत दर्ज कराई। ईशान ने शिकायत में बताया कि उसने 20-18 लाख रुपये का निवेश किया, जिस पर उसे 6-8त्न मासिक रिटर्न का वादा किया गया था।जांच में पता चला कि आरोपी निवेशकों से रैनेट टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड और किंडेंट बिजनेस सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के खातों में पैसे जमा कर रहे थे, बाद में मेटा-5 खातों के माध्यम से विदेशी मुद्रा व्यापार के लिए पैसे को यूएसडी में बदल रहे थे। जांच और आगे बढ़ी तो फर्जीवाड़ा खुलकर सामने आ गया। इसके बाद एसटीएफ ने एक्शन लेते हुए 20 से अधिक संदिग्ध बैंक खातों में लगभग 90 करोड़ रुपये फ्रीज कर दिए।

### क्लासरूम्स घोटाला: सिसोदिया ने अफसरों पर डाली जिम्मेदारी, एसीबी ने पूछे करीब 35 सवाल



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया से एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने शुक्रवार को करीब तीन घंटे 40 मिनट तक पूछताछ की। यह पूछताछ दिल्ली सरकार के स्कूलों में क्लासरूम्स निर्माण में कथित 2000 करोड़ रुपये की वित्तीय अनियमितताओं को लेकर की गई। सिसोदिया सुबह 11 बजे एसीबी दफ्तर पहुंचे थे और दोपहर 2ः40 बजे रवाना हुए। पूछताछ के दौरान एसीबी की टीम ने स्वतंत्र गवाह की मौजूदगी में सिसोदिया से करीब 35 सवाल पूछे। सूत्रों के अनुसार, उन्होंने कई सवालों पर जानकारी नहीं होने की बात कही और जिम्मेदारी संबंधित विभागीय अधिकारियों पर डाली। बैंक खातों और निजी जानकारी से जुड़े सवालों के जवाब उन्होंने दिए, लेकिन सत्येंद्र जैन से जुड़े सवालों पर चुप्पी साध ली। इस मामले में एसीबी ने 30 अप्रैल को सिसोदिया पर केस दर्ज किया था। उन पर आरोप है कि स्कूलों में क्लासरूम्स निर्माण में ठेकेदारों को ऊंची दरों पर ठेके दिए गए। मामला भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(1) और आईपीसी की धारा 409, 120बी के तहत दर्ज है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा कि मनीष सिसोदिया पर लगाया गया क्लासरूम घोटाले का आरोप पूरी तरह से झूठा एवं फर्जी है। आरोप लगाया कि जैसे-जैसे क्लासरूम घोटाले की जांच आगे बढ़ रही है, आम आदमी पार्टी नेताओं की बेचैनी भी बढ़ रही है। उन्होंने दावा किया कि केजरीवाल सरकार के दौरान शौचालयों को क्लासरूम बताकर भुगतान किए गए।

# एमबीए से एमबीबीएस तक; दिल्ली-एनसीआर में फर्जी डिग्री वाला खुलासा

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
क्राइम ब्रांच ने दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय फर्जी डिग्री और अंकपत्र बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। यह गिरोह दो लाख से 20 लाख रुपये तक लेकर बीए, बीएससी, एमबीए, पीएचडी, एलएलबी, बीएएमएस और बीफार्मा सहित एक दर्जन कोर्स की फर्जी डिग्री बनाकर बेचता था। जांच में सामने आया कि आरोपी अब तक पांच हजार से ज्यादा प्रमाण पत्र बेच चुका है। टीम ने विक्की हरजानी, विवेक सिंह, सतवीर सिंह, नारायण और अवनीश कंसल को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 228 अंकपत्र, 27 डिग्री और 18 माइग्रेशन सर्टिफिकेट बरामद किए गए हैं।

स्पेशल सीपी (क्राइम) देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि इंस्पेक्टर मनमीत मलिक और हेड कांस्टेबल नरेंद्र कुमार की टीम को सूचना मिली थी कि नेताजी सुभाष प्लेस स्थित एक संस्थान से फर्जी प्रमाण पत्र बेचे जा रहे हैं। छापेमारी में विक्की हरजानी पकड़ा गया, उसके पास से 75 फर्जी प्रमाण पत्र बरामद हुए। पूछताछ में उसकी निशानदेही पर बाकी आरोपियों को भी



गिरफ्तार किया गया। पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरोह के तार उत्तर भारत के कई विश्वविद्यालयों से जुड़े हुए हैं। विश्वविद्यालयों के कुछ कर्मचारियों ने पैसे लेकर छात्रों के नाम पिछली तारीखों में दस्तावेजों में दर्ज किए, ताकि प्रमाण पत्र असली लगें। इन कर्मचारियों की पहचान कर उन्हें पूछताछ के लिए तलब किया जा रहा है। गिरोह बीती तारीखों में प्रमाण पत्र तैयार करता था और उन्हें संबंधित विश्वविद्यालय के रिकॉर्ड में दर्ज भी करा देता था। इस वजह से जब कोई सत्यापन कराता था, तो प्रमाण पत्र असली प्रतीत होते थे और जालसाज पकड़ में नहीं आते थे।

अब तक की जांच में पता चला है कि गिरोह ने करीब पांच हजार लोगों को फर्जी प्रमाण पत्र जारी किए हैं। हालांकि, इन व्यक्तियों के पते अब तक सामने नहीं आए हैं। पुलिस संबंधित विश्वविद्यालयों से संपर्क कर उनकी पहचान की कोशिश कर रही है।पुलिस के अनुसार, आरोपी डिग्री कोर्स की वैध फीस के नाम पर ही रकम वसूलते थे, ताकि यह वैध लेन-देन लगे। डिग्री के स्तर और कोर्स की प्रतिष्ठा के अनुसार रकम दो लाख से 20 लाख रुपये तक तय की जाती थी। पुलिस अन्य शैक्षणिक संस्थानों और विश्वविद्यालय कर्मियों की भूमिका की भी जांच कर रही है। जल्द ही इस नेटवर्क से जुड़े और लोगों की गिरफ्तारी संभव है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी विभिन्न नामों से शैक्षणिक संस्थान चलाते थे और वहां आने वाले छात्रों को फर्जी डिग्री दिलाने का झांसा देते थे। इसके अलावा सोशल मीडिया मंच, एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम और व्हाट्सऐप के जरिये भी लोगों से संपर्क करते थे। छात्र बहुल इलाकों में पंपलेट भी बांटे जाते थे। गिरोह के तार उत्तर भारत के कई विश्वविद्यालयों से जुड़े हुए हैं।

## यह केवल एक साधना नहीं है..., योग दिवस पर सीएम रेखा गुप्ता ने क्या संदेश दिया?

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
देश-दुनिया में योग दिवस मनाया जा रहा है। पीएम, सीएम लेकर हर कोई योग मना रहा है। इस बीच दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने लोगों को योग दिवस पर खास संदेश दिया। उन्होंने कहा- मैं आप सभी से एक आग्रह करना चाहती हूँ, योग को केवल एक व्यायाम न मानें, इसे जीवन जीने की समग्र पद्धति मानें। योग केवल एक साधना नहीं, समग्र जीवन को स्वस्थ रखने का एक माध्यम है। एक्स अकाउंट पर वीडियो शेयर करते हुए कहा- आज योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ, यह एक बहुत ही प्रासंगिक विषय है। इसके माध्यम से ना केवल व्यक्ति का स्वास्थ्य, बल्कि प्रकृति का स्वास्थ्य भी हम मेंटेन कर सकते हैं। इस संदेश में उन्होंने पीएम मोदी का भी आभार प्रकट करते हुए कहा- मैं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का दिल की गहराई से बहुत धन्यवाद देती हूँ। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि पीएम मोदी ने भारत की इस ऐतिहासिक परंपरा को विश्व पटल पर पहचान दिलाई और 2014 में संयुक्त राष्ट्र



में योग दिवस के रूप में 21 जून सभी विश्व के देशों ने अपनाया। उन्होंने दिल्ली की जनता से आग्रह करते हुए कहा- आज हम सभी मिल कर के दिल्ली को विश्व के मानचित्र पर योग नगरी के रूप में पहचान दिलाएं, और मिल कर इस उत्सव का आनन्द उठाएं। एक अन्य ट्वीट में उन्होंने जानकारी देते हुए बताया- आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर राजधानी के 11 स्थलों पर आयोजित भव्य योग उत्सव में आपकी उत्साहपूर्ण सहभागिता ने यह सिद्ध किया कि जब सरकार और समाज एक साथ चलते हैं, तो संस्कृति जन-जन का संकल्प बन जाती है। नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, सेवाभावी संगठनों और समर्पित योग साधकों को विशेष धन्यवाद, जिनके सहयोग और भागीदारी से यह आयोजन अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक बना।

## ‘दिल्ली जैसे शहर में रहना बहुत महंगा’, हाईकोर्ट ने सड़क हादसे में मरे शख्स के परिवार का मुआवजा बढ़ाया

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली हाईकोर्ट ने राजधानी के महंगे खर्चों का हवाला देते हुए सड़क हादसे में मारे गए एक व्यक्ति के परिवार का मुआवजा बढ़ाने के आदेश दिए हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि दिल्ली बहुत महंगा शहर है। यहां पीड़ित परिवार (जिसमें तीन सदस्य हैं) महज तीन लाख रुपये का मुआवजा देना पर्याप्त नहीं है। इसलिए परिवार को दस लाख रुपये का मुआवजा दिया जाना चाहिए। जस्टिस सचिन दत्ता की बेंच ने सड़क दुर्घटना के शिकार एक सिक्योरिटी गार्ड की पत्नी व दो बेटियों को दिल्ली सरकार द्वारा संचालित दिल्ली पीड़ित मुआवजा योजना के तहत मुअवजा देने के निर्देश दिए हैं। बेंच ने कहा कि दिल्ली सरकार की तरफ से इस परिवार को वर्ष 2021 में परिवार के मुखिया की मौत के एवज में तीन लाख रुपये मुआवजा दिया गया था। बेंच ने कहा कि यह रकम इतनी कम है कि तीन लोगों की जरूरतों की पूर्ति तो दूर इससे उनकी आंशिक मदद भी नहीं हो पाई। मजबूरन इस परिवार को दिल्ली हाईकोर्ट का रुख करना पड़ा। हालांकि बेंच ने इस पर दुख जताया कि मुआवजा बढ़ाने का निर्णय सात साल बाद लिया गया। लेकिन साथ ही बेंच ने यह भी कहा कि परिवार ने देरी से मुआवजा बढ़ाने के लिए दावा डाला। अज्ञात वाहन ने मारी थी टक्कर ः एक निजी कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड का काम करने वाले हरी चंद को वजीराबाद के पास 15 अगस्त 2018 को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। इस हादसे में हरी चंद गंभीर रूप से जख्मी हुआ था। 26 अक्टूबर 2018 को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी।



# दिल्ली में 62 लाख गाड़ियों को एक जुलाई से नहीं मिलेगा डीजल-पेट्रोल, 100 टीमें रखेंगी नजर

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली में एक जुलाई से 62 लाख गाड़ियों को ईंधन नहीं मिलेगा। इनमें 41 लाख दोपहिया वाहन हैं। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि 10 साल पुराने डीजल वाहन और 15 वर्ष पुराने पेट्रोल वाहनों को दिल्ली में ईंधन नहीं मिलेगा। सीएक्यूएम ने कहा है कि परिचालन की तय अवधि पार कर चुके किसी भी वाहन को एक जुलाई से दिल्ली में ईंधन नहीं मिलेगा। सीएक्यूएम ने कहा कि देश के किसी भी राज्य में पंजीकृत 10 साल पुराने डीजल वाहन और 15 वर्ष पुराने पेट्रोल चालित वाहन इस फैसले के दायरे में आएंगे। सीएक्यूएम ने अप्रैल में पेट्रोल पंप को निर्देश जारी करते हुए कहा था कि एक जुलाई से मियाद पूरा कर चुके किसी भी वाहन को ईंधन नहीं दिया जाना चाहिए। दिल्ली के 520 ईंधन आपूर्ति केंद्रों में से 500 ने स्वचालित नंबर प्लेट पहचान (एएनपीआर) कैमरे लगा दिए हैं। बाकी को 30 जून तक लगाना होगा। सीएक्यूएम के मुताबिक, ये कैमरे 10 वर्ष (डीजल) या 15 वर्ष (पेट्रोल) से अधिक पुराने वाहनों का पता लगाएंगे और कमान केंद्र तथा यातायात एवं परिवहन विभाग



के अधिकारियों के प्रवर्तन टीम को अलर्ट भेज दिया जाएगा। ये टीमें वाहनों को जब्त कर लेंगी। यह प्रणाली इस वर्ष एक नवंबर से दिल्ली से सटे पांच उच्च वाहन घनत्व वाले जिलों गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर और सोनीपत में लागू की जाएगी तथा एएनपीआर कैमरे लगाने का कार्य 31 अक्टूबर तक पूरा कर लिया जाएगा। शेष एनसीआर जिलों को कैमरे लगाने के लिए 31 मार्च, 2026 तक का समय दिया गया है। इन जिलों में मियाद पूरी कर चुके वाहनों को ईंधन देने से मनाही एक अप्रैल 2026 से शुरू होगी। सीएक्यूएम के सदस्य (तकनीकी) वीरेंद्र शर्मा ने कहा, ''हमारे निर्देशों में यह नहीं कहा गया है कि केवल दिल्ली में पंजीकृत मियाद पूरी कर चुके वाहनों का ही पता लगाया जाएगा और उन्हें ईंधन देने से मना किया जाएगा। दिल्ली-एनसीआर के बाहर पंजीकृत वाहन भी दिल्ली की सड़कों पर चलते हैं और प्रदूषण में योगदान करते हैं। अगर दिल्ली के लोग अपने वाहनों को बाहर पंजीकृत कराते हैं तो उन्हें भी रोकना होगा।

अधिकारी ने बताया कि इस प्रणाली के माध्यम से भारत में कहीं भी पंजीकृत मियाद पूरी कर चुके बसों का पता लगाया जाएगा। हालांकि, दिल्ली-एनसीआर में उनकी आवाजाही पर अंकुश लगाने के लिए अलग से निर्देश जारी किए जाएंगे। शर्मा ने कहा कि यातायात और परिवहन विभागों के अधिकारियों को शामिल करते हुए 100 प्रवर्तन दल गठित किए गए हैं। सीएक्यूएम के मुताबिक, दिल्ली में 62 लाख वाहन ऐसे हैं जो परिचालन की अपनी मियाद पूरी कर चुके हैं। इनमें से 41 लाख दोपहिया वाहन हैं।

# भारत ने पाकिस्तान का कारोबार कर दिया तबाह

**इस्लामााबद , एजेंसी।**
जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत द्वारा पाकिस्तान से सभी व्यापारिक संबंध तोड़े जाने के फैसले का असर अब साफ दिखने लगा है। इस फैसले के तहत भारत ने ‘हिमालयन पिंक सॉल्ट’ यानी सेंधा नमक की खास किस्म के आयात पर भी रोक लगा दी है। इससे पाकिस्तान के स्थानीय नमक कारोबारियों को बड़ा झटका लगा है, क्योंकि भारत इस नमक का सबसे बड़ा खरीदार रहा है।

22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ व्यापारिक संबंधों को पूरी तरह समाप्त कर दिया। इसका सीधा असर सेंधा नमक के निर्यात पर पड़ा है, जिसकी भारत में जबरदस्त मांग थी। पाकिस्तान, विशेषकर पंजाब प्रांत के खेवड़ा क्षेत्र, दुनिया के सबसे बड़े सेंधा



नमक उत्पादकों में गिना जाता है। यहां 30 प्रोसेसिंग यूनिट्स के साथ पाकिस्तान की सबसे बड़ी नमक खदानें मौजूद हैं। वर्ष 2024 में पाकिस्तान ने करीब 3,50,000 टन सेंधा नमक निर्यात किया था, जिसकी अनुमानित कीमत 12 करोड़ डॉलर आंकी गई थी। गनी इंटरनेशनल के वरिष्ठ निदेशक मंसूर अहमद ने कहा, भारत हमारा सबसे बड़ा बाजार था। वहां सेंधा नमक को प्रोसेस कर महंगे दामों पर दुनिया भर में बेचा जाता था। प्रतिबंध के बाद यह पूरी आपूर्ति बंद हो चुकी है। उन्होंने दावा किया कि भारत, पाकिस्तान और चीन के साथ वैश्विक नमक बाजार में अग्रणी है, लेकिन हिमालयन सेंधा नमक केवल पाकिस्तान में ही प्राकृतिक रूप से पाया जाता है। इत्तेफाक कंपनीज के सीईओ शहजाद जावेद ने बताया कि 2025 की पहली तिमाही में पाकिस्तान से चीन को सेंधा नमक का निर्यात 40त्न तक बढ़ा है। मार्च 2025 तिमाही में पाकिस्तान ने चीन को 18.3 लाख डॉलर मूल्य का 136.4 करोड़ किलोग्राम नमक निर्यात किया।

अब पाकिस्तान के निर्यातक अमेरिका, वियतनाम, मलेशिया, ऑस्ट्रेलिया, तुर्किये, नीदरलैंड, इटली, ब्रिटेन, जर्मनी, ब्राजील, यूएई, जापान, सिंगापुर, चिली, दक्षिण अफ्रीका और रूस जैसे देशों में नए बाजार तलाशने में जुटे हैं।

सेंधा नमक विनिर्माता संघ की प्रमुख साइमा अख्तर ने कहा कि जब नमक भारत में निर्यात किया जाता था, तब इसकी कीमत 45-50 रुपये प्रति किलोग्राम थी।

## बंद होने के कगार पर अमेरिकी न्यूज चैनल वीओआई

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिका की मशहूर और 83 साल पुरानी सरकारी न्यूज एजेंसी वॉयस ऑफ अमेरिका (वीओए) पूरी तरह से बंद होने के कगार पर है। कारण है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रशासन ने वॉयस ऑफ अमेरिका और उसे चलाने वाली यूएस एजेंसी फोर ग्लोबल मीडिया (यूएसएजीएम) के 639 कर्मचारियों को छंटनी का नोटिस दिया गया।

इस साल मार्च से अब तक कुल 1,400 कर्मचारियों की नौकरी जा चुकी है, जो पूरी एजेंसी के 85त्न कर्मचारियों की संख्या है। ट्रंप प्रशासन की सलाहकार और एजेंसी की वरिष्ठ अधिकारी कारी लेक ने इसे बेहद जरूरी सुधार बताया और कहा कि सरकार अब इस फिजूलखर्च और जवाबदेही से दूर एजेंसी पर जनता का पैसा बर्बाद नहीं करेगी।

**द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान हुई थी शुरुआत:** बता दें कि वीओए की शुरुआत द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजी जर्मनी के लोगों को अमेरिकी लोकतंत्र की बातें बताने से हुई थी। समय के साथ यह नेटवर्क दर्जनों भाषाओं में उन देशों में समाचार पहुंचाता रहा, जहां स्वतंत्र प्रेस की परंपरा नहीं थी। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि दुनिया भर में वीओए के प्रसारण की जगह कौन लेगा। कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार, ट्रंप समर्थक नेटवर्क वन अमेरिका न्यूज (ओएएन) ने अपना सिग्नल देने की पेशकश की है।

## फ्लोरिडा में फाइबर ऑप्टिक लाइन कटने से कुछ समय के लिए रडार बंद, टला बड़ा हादसा

**फ्लोरिडा, एजेंसी।** फ्लोरिडा में फाइबर ऑप्टिक लाइन कटने से कुछ समय के लिए रडार बंद हो गया। इससे एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स को थोड़ी देर के लिए रडार की जानकारी मिलनी बंद हो गई। हालांकि, इस आउटेज की वजह से कोई खास दिक्कत नहीं हुई। यह घटना उस तरह की गंभीर नहीं थी, जैसी इस साल वसंत में न्यू जर्सी के नेवार्क एयरपोर्ट पर हुई थी। उस समय वहां का सिस्टम बंद हो गया था और कई उड़ानों में बड़ी देरी हुई थी। नियंत्रक दक्षिण-पूर्व में पांच राज्यों में विमानों को निर्देशित करना जारी रखने में सक्षम थे, क्योंकि एक बैकअप सिस्टम डिजाइन के अनुसार चालू हो गया था। इससे एक बड़ा हादसा टलने से बच गया। संघीय उड्डन प्रशासन ने बताया कि फ्लोरिडा में जो रडार केंद्र जैक्सनविले में है, वह चालू रहा। हालांकि, वहां अलर्ट की स्थिति रही क्योंकि उसकी मुख्य संचार लाइन कट गई थी। एक ठेकेदार शुक्रवार दोपहर उस फाइबर लाइन की मरम्मत कर रहा था। अधिकारियों ने यह नहीं बताया गया कि फाइबर लाइन कैसे और कहां कटी। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) ने यह भी नहीं बताया कि रडार कितनी देर तक बंद रहा। हालांकि, पहले जब फिलाडेल्फिया में इसी तरह का रडार बंद हुआ था, तब उसे दोबारा चालू होने में 90 सेकंड लगे थे। लेकिन उस समय न्यू जर्सी के नेवार्क एयरपोर्ट पर काफी परेशानी हुई थी। नेवार्क में सैकड़ों उड़ानें रद्द करनी पड़ी थीं।

# विश्व भर में गूंजा ‘एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य’ का नारा

**न्यूयार्क/लंदन , एजेंसी।**
अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की 11वीं वर्षगांठ के अवसर पर पूरी दुनिया ने भारत की इस प्राचीन परंपरा का उत्सव मनाया। इस वर्ष की थीम रही योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ जिसका उद्देश्य न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य, बल्कि वैश्विक समरसता और मानसिक शांति को भी बढ़ावा देना रहा। भारत की पहल पर 2014 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा 21 जून को योग दिवस घोषित किया गया था और तब से यह आयोजन एक वैश्विक आंदोलन बन चुका है।

बीजिंग में भारतीय राजदूत प्रदीप कुमार रावत की मौजूदगी में पुराने भारतीय दूतावास परिसर में आयोजित योग सत्र में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। इस दौरान योग प्रतियोगिता, सामूहिक अभ्यास और राजनयिकों की भागीदारी ने आयोजन को खास बना दिया। शंघाई में



संयुक्त राष्ट्र के रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर सिद्धार्थ चटर्जी ने योग के वैश्विक प्रभाव की सराहना की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की। लंदन के स्ट्रैंड क्षेत्र में सैकड़ों लोगों ने एक साथ योगाभ्यास किया। भारत के उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी ने कार्यक्रम की शुरुआत की और किंग चार्ल्स तृतीय का विशेष संदेश पढ़ा जिसमें उन्होंने योग को विश्व शांति और स्वास्थ्य का मार्ग बताया। किंग्स कॉलेज लंदन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने इसे भारत-ब्रिटेन के रिश्तों को और प्रगाढ़ करने वाला क्षण बताया।

न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र



मुख्यालय में रंग-बिरंगी चटाइयों पर 1,200 से अधिक लोगों ने योगाभ्यास किया। प्रख्यात स्वास्थ्य गुरु दीपक चोपड़ा ने विशेष ध्यान सत्र का नेतृत्व किया। भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पी. हरीश ने कहाः तनाव और मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों के दौर में योग जीवन को अधिक शांतिपूर्ण बनाने का मार्ग है। हरारे के बाहरी शहर चिटुंगविजा में एक योग प्रशिक्षक एक्शन्स विन्या ने स्थानीय मधुशाला में योग कक्षाएं शुरू की हैं। अब ये कक्षाएं मानसिक और सामाजिक तनाव से जूझ रहे लोगों के लिए राहत और आत्मबल का स्रोत बन रही हैं।

# बोकारो टाउन हॉल में हुआ भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम






**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील सिटी के कैंप 02 स्थित टाउन हॉल में शनिवार को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन जिला आयुष समिति, जिला गंगा समिति एवं खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त अजय नाथ झा, पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह, डीपीएलआर मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, नेहरू युवा केंद्र, नमामि गंगे समिति, सिविल डिफेंस, खेल संघ, विद्यालयों के छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने हिस्सा लिया।

**योग हमारी प्राचीन विरासत, सभी योग करें, स्वस्थ रहे - खुश रहे : उपायुक्त**

उपायुक्त अजय नाथ झा ने अपने संबोधन में कहा कि योग हमारी प्राचीन जीवन पद्धति है,जो शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक विकास में सहायक है। वर्तमान समय में योग का महत्व और बढ़ गया है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाएं ताकि स्वस्थ, सक्रिय और सकारात्मक समाज का निर्माण हो सके। सभी योग करें, स्वस्थ रहे - सब खुश रहे। उन्होंने कहा कि बोकारो में योग का प्रभाव - विस्तार हो, इसके लिए अधिक से अधिक योग प्रशिक्षण केंद्र खोले जाएंगे ताकि अधिक से अधिक लोग इससे लाभान्वित हो सकें।

स्वस्थ जीवन - शांति के लिए योग जरूरीः पुलिस अधीक्षक

पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने कहा कि योग न केवल शरीर को तंदुरुस्त रखता है, बल्कि मानसिक शांति भी प्रदान करता है। उन्होंने आम नागरिकों से योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का अपील किया।

**योग प्रशिक्षकों द्वारा कराया गया विविध आसनों का अभ्यास**

प्रशिक्षक स्वपन कुमार एवं मुन्नी शर्मा द्वारा उपस्थित लोगों को क्रमवार पद्मासन, वज्रासन, सिद्धासन, मत्स्यासन, वक्रासन, अर्धमत्स्येन्द्रासन, गोमुखासन, पश्चिमोत्तानासन, हलासन, ताड़ासन, वृक्षासन, सूर्य नमस्कार सहित दर्जनों योगासन सिखाए गए।कार्यक्रम सुबह 6.:30 बजे से 7:45 बजे तक चला। अभ्यास शिविर में सिविल सर्जन डॉ. ए.बी. प्रसाद, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, डीसीएलआर चास प्रभाष दत्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालखो, सिटी डीएसपी आलोक रंजन, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. मनोज मणि, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल कुमार चौबे, जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बुन, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, नमामि गंगे नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार, मनरेगा नोडल पदाधिकारी पंकज दुबे, डीपीएम दीपक कुमार,

## उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक सहित जिलेवासियों ने किया योगाभ्यास

यूआइडी डीपीओ शैलेन्द्र मिश्र, सहित अन्य पदाधिकारी व कर्मी शामिल हुए।

**प्रखंडों, पंचायतों और गांवों में भी हुआ योगाभ्यास**

11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिले के सभी प्रखंडों, पंचायतों, स्वास्थ्य केंद्रों, अस्पतालों, थानों, आयुष ग्राम, अमृत सरोवर स्थलों पर भी योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों की अगुवाई में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

**योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ थीम का प्रभावी संदेश**

इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का थीम योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ (एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य) रहा। जो कि वैश्विक अवधारणा को बढ़ावा देती है। पूरे जिले में इस संदेश का प्रभावी प्रचार-प्रसार किया गया।

**पदाधिकारियों ने दी योग दिवस की शुभकामनाएं**

अंत में उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक एवं सभी वरीय पदाधिकारियों ने जिलेवासियों को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दीं और स्वस्थ जीवन जीने हेतु योग को अपनाने का आग्रह किया।

## बीएसएल ने मनाया अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर "एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग" थीम पर आज दिनाँक 21 जून को बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर 04 स्थित स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स परिसर में बीएसएल द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में बीएसएल के निदेशक प्रभारी श्री बीरेंद्र कुमार तिवारी, अधिशासी निदेशक (संकार्य) श्री चित्त रंजन मोहापात्रा, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) श्री सुरेश रँगानी, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधान) सुश्री राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) श्री सी आर मिश्रा, बोकारो जनरल हॉस्पिटल के प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बी बी करुणामय तथा बोकारो इस्पात संयंत्र के वरीय अधिशासी, कर्मचारी गण सहित उनके परिवार जनों के साथ स्कूल के छात्र एवं छात्राएं उपस्थित थे. योग गुरू के तौर पर कार्यक्रम में योग केन्द्र, सेक्टर-4 बोकारो के श्री कृष्ण बंधु मिश्रा जी उपस्थित रहे. प्रारम्भ में निदेशक प्रभारी श्री तिवारी, अधिशासी निदेशकों तथा उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों व योग गुरु द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गई. बीएसएल के निदेशक प्रभारी श्री बीरेंद्र कुमार तिवारी ने योग दिवस के कार्यक्रम में अपने सम्बोधन में कहा कि योग एक संपूर्ण विज्ञान और कला से संबंधित अनुशासन है, जो न केवल शारीरिक व्यायाम तक सीमित है, बल्कि आध्यात्मिक और मानसिक पहलुओं पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है. उन्होंने कहा कि नियमित योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने, तनाव कम करने और जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद करता है. कार्यक्रम में योग गुरू श्री मिश्रा ने प्रतिभागियों को योग के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी और विभिन्न प्रकार के प्रयोगात्मक आसन तथा प्राणायाम का प्रदर्शन किया. उपस्थित समूह ने योग गुरू के मार्गदर्शन में विभिन्न आसनों का अभ्यास किया और इस आयोजन में उत्साहपूर्वक भाग लिया.

## सरस्वती विद्या मंदिर में बच्चों ने किया योग



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वसुधैव कुटुंबकम मंत्र के साथ सरस्वती विद्या मंदिर 3 सी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। विद्या भारती द्वारा निर्धारित योग व्यायाम में विद्यालय की भैया बहन ,अभिभावक ,समिति सदस्य तथा आचार्यों के द्वारा योग दिवस में उत्साह पूर्वक भाग लिया गया। योग दिवस पर विद्यालय के भैया बहन एवं अभिभावक मिलाकर कुल 350 की संख्या में योग अभ्यास किया गया। विद्यालय के कक्षा अरुण से द्वादश तक पढ़ने वाले सभी भैया बहनों ने योग में भाग लिया । विद्यालय प्रधान संजीव कुमार ने भैया बहनों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की महत्ता पर अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा है कि 21जून 2015 से पूरे विश्व में योग दिवस मनाने की परंपरा आरंभ हुई जिसे 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में मंजूरी प्राप्त हुई थी । इसे वर्तमान में देश की नेतृत्व की सबसे बड़ी उपलब्धि मानी जा सकती है। विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य विनय पांडे ने योग संदेश देते हुए कहा वर्तमान में विश्व स्तर पर जिस प्रकार की बीमारियां हमारे जीवन पर प्रहार कर रही हैं ऐसे में स्वस्थ रहने के लिए नित्य प्रतिदिन योग व्यायाम को जीवन में आत्मसात करना होगा। विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य मनोज पाठक ने योग संकल्प द्वारा सभी भैया बहनों को नियम से योग करने की प्रेरणा दी। संपूर्ण योगाभ्यास में विद्यालय के आचार्य ,दीदी ,बंधु भगिनी कर्मचारी उपस्थित रहे।।

## यूनियन कार्यालय में योगाभ्यास

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध बोकारो स्टील राष्ट्रीय मजदूर संघ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सेक्टर तीन स्थित यूनियन कार्यालय परिसर में बिशेश्वर महतो की अध्यक्षता में योगाभ्यास किया गया। इस योगाभ्यास कार्यक्रम में अनेकों कार्यकताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर महामंत्री विनोद कुमार ने कहा, योग भारतीय संस्कृति का विरासत है। जो तन मन और आत्मा का समन्वय कर जीवन को संतुलित बनाता है। यह एक सांसारिक व्याम नहीं बल्कि सम्पूर्ण जीवन शैली है जो शरीर , मन और आत्मा को एक सूत्र में पिरोती हैं' जिसे आज पूरा विश्व अपनाए हुए है। ,योग से अपने आप को स्वस्थ एवं निरोग रखा जा सकता है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र दास मोदी जी ने 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव रखा था इस प्रस्ताव को 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा पारित किया गया पहला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2015 को मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से यूनियन के मंत्री शशि भूषण सिंह, आशीष कुमार,अरविंद कुमार सिंह, निमाई चंद्र दास, कृष्णा कुमार, आदि उपस्थित रहे।

## कबड्डी खिलाड़ियों ने मनाया योग दिवस

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शनिवार को ओसियन एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट संस्था सह भारतीय गैर सरकारी शिक्षक संघ सह समाजसेवी संस्था इप्टा की ओर से बच्चों के साथ कबड्डी मैदान सेक्टर 9, में योग दिवस मनाया गया। मनुष्य को स्वस्थ रहने का संदेश देते हुए संस्था की ओर से योग दिवस मनाया गया। योग दिवस के अवसर पर कबड्डी खिलाड़ियों को योग प्रशिक्षक ने योगाभ्यास कराया गया। प्राणायाम के साथ सूर्य नमस्कार, अनुलोम विलोम, ताड़ासन का योगाभ्यास कराया गया।

## राष्ट्र भक्त समाज ने किया योग

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राष्ट्र भक्त समाज बोकारो के केन्द्रीय अध्यक्ष धर्मवीर सिंह के नेतृत्व में सेक्टर 5 मैदान में योग दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। योग प्राणायाम किया गया। योगाभ्यास में अमिताभ गुप्ता, महेश सिंह, संजय कुमार वर्मा, पंकज कुमार, बिनोद कुमार,राजेन्द्र प्रसाद, प्रवीण सिंह, राजेन्द्र प्रसाद राय, अमित कुमार, शिवेंदु सिंह, उमेश कुमार, सुनील कुमार ने हिस्सा लिया ।

## एसएनए एलडीवाई केन्द्र, चंदनकियारी में विश्व योग दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एसएनए एलडीवाई केन्द्र, चंदनकियारी, बोकारो द्वारा शनिवार को विश्व योग दिवस व विश्व संगीत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। केंद्रीय गाइडलाइन के अनुरूप चार चरणों में योग संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रथम चरण में एलडीवाई नृत्य के कलाकारों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गयी। रोजाना करो योग रहो निरोग के नारा से पूरा चंदनकियारी गूंज उठा। प्रभातफेरी के बाद योगासन कार्यक्रम हुआ और उसके बाद सभी ने स्वस्थ भारत-समृद्ध भारत के प्रति संकल्प को दोहराते हुए इसकी शपथ ली। अंत में योगः कर्मसु कौशलम थीम पर आधारित बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स (चित्रकला) की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रसिद्ध कलाकार सुनील मोदी के निर्देशन में बच्चों ने योग पर केंद्रित पेंटिंग्स बनाई। संगीत नाटक अकादमी द्वारा संचालित छऊ केन्द्र, चंदनकियारी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के इस कार्यक्रम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष झारखंड विधानसभा अमर कुमार बाउरी सहित योग गुरु गणेश पाल, सांसद प्रतिनिधि विनोद गोराई, एस. एन. ए. छऊ केंद्र के दिलीप कुमार जेना, बिजॉय कुमार, आशुतोष कुमार आदि उपस्थित थे। संपूर्ण कार्यक्रम डॉ संजय कुमार चौधरी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।




## भाजपा जारीडीह द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हुआ योगाभ्यास



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जरीडीह प्रखंड भारतीय जनता पार्टी के द्वारा योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जैनामोड स्थित पावर ग्रिड के नजदीक स्थित मैदान में सभी ने योग किया। योग के महत्व के संबंध में जानकारी ली। योग से नवचेतना, स्वास्थ्य और संस्कार की दिशा में अग्रसर राष्ट्र" सामूहिक योगाभ्यास कर विभिन्न आसनों, प्राणायाम, ध्यान एवं सूर्य नमस्कार जैसी क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह, प्रखंड प्रभारी देवी दास ने योग के बारे में जानकारी दी एवं योगाभ्यास कराया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जरीडीह मंडल महामंत्री सुनील मंडल, विक्रम गोस्वामी, हीरालाल महतो, रंजीत महतो, कमल किशोर सिंह, टिक प्रसाद, संजय सिंह, राजेश शर्मा, राजेश सिंह, जय नारायण मरांडी, फूलचंद किस्कू, उपेंद्र हेंब्रम, डॉक्टर पहलाद सिंह, मुन्ना प्रसाद ,सुरेश प्रसाद, धर्मदास बरनवाल, कृष्णकांत सिंह,लखेंद्र बरनवाल ,दीपक सिंह, रमेश बेसरा, मनोज सिंह, शिवनाथ रजवार, हराधन दत्ता, विजय मंडल, विजय बरनवाल शामिल हुए।

## अधिवक्ता के निधन पर शोक सभा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिला अधिवक्ता संघ के सक्रिय सदस्य निरूपम कुमार राय (एन. के. राय) का निधन शुक्रवार को बोकारो जेनरल अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया। आज उनके सम्मान में इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स ने शोक सभा का आयोजन किया। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने बताया कि स्व. निरुपम कुमार राय मूलतः इनकम टैक्स से संबंधित वादों को देखते थे। वे बोकारो कोर्ट में 1990 से विधि व्यवसाय कर रहे थे। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए है। आज उनके सम्मान में कोई भी अधिवक्ता न्यायलय में न्यायिक कार्य नहीं किया। शोक सभा में अधिवक्ता रंजन कुमार मिश्रा, फटीक चंद्र सिंह, संजय कुमार प्रसाद, निखिल कुमार डे, सुनील चंडक, संजीत कुमार सिंह, हसनैन आलम, वंशिका सहाय, रीना कुमारी, दीप्ति सिंह, रामावती कुमारी, प्रीति श्रीवास्तव, कौशल किशोर, राणा प्रताप शर्मा, विजय कुमार, ओम प्रकाश लाल, दीपिका सिंह इत्यादि शामिल थे।

## वाहन जांच अभियान चलाकर डीटीओ ने वसूला 02 लाख रुपए का जुर्माना

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय राजमार्ग 23 पर चास थाना क्षेत्र अंतर्गत आईटीआई मोड़ पर परिवहन विभाग द्वारा शनिवार को चलाएं गए सघन वाहन जांच अभियान के दौरान कुल 06 वाहनों से 02 लाख रुपए का जूमार्ना वसूल किया गया। उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर द्वारा जांच अभियान चलाकर मोटरवाहन अधिनियम के विभिन्न नियमों के उल्लंघन में कुल 06 वाहन से 02 लाख रुपए जुमार्ना वसूला गया। डीटीओ के नेतृत्व में अभियान के तहत कुल 25 वाहनों की जांच की गई, जिसमें रिफ्लेक्टिव टेप, ओवर लोडिंग एवं टैक्स फेल होने को लेकर 06 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए जुमार्ना वसूला गया।

## नगर निगम द्वारा सड़क एवं नालियों की कराई जा रही है सफाई




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** डीसी अजय नाथ झा के निदेर्शानुसार नगर निगम चास द्वारा शनिवार को चीरा चास पांडेय पुल स्थित गरगा पुल किनारे एवं आसपास के क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस सफाई अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक स्थलों को साफ-सुथरा रखना एवं नागरिकों को स्वच्छ वातावरण प्रदान करना रहा। नगर निगम चास के स्वच्छता दल द्वारा गरगा पुल किनारे जमा कूड़े-कचरे को साफ किया गया। साथ ही, वहां की नालियों में जमे कचरे एवं गाद की सफाई भी की गई, ताकि बरसात के मौसम में जल जमाव जैसी समस्याएं उत्पन्न नहीं हों। डीसी ने कहा कि साफ-सफाई हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है और बोकारो जिले को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए प्रशासन लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि नगर निगम चास द्वारा शहरी क्षेत्र में नियमित सफाई अभियान चलाए जा रहे हैं और आगे भी यह प्रक्रिया जारी रहेगी। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील किया है कि वे अपने आस-पास स्वच्छता बनाए रखें, कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें एवं सफाई कर्मचारियों के कार्य में सहयोग करें, ताकि बोकारो शहर को स्वच्छ एवं स्वस्थ रखा जा सके।

**बीएसएल टाउनशिप में भी चला अभियान**

उपायुक्त के निर्देश पर बीएसएल नगर सेवा प्रशासन द्वारा भी टाउनशिप क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। विभिन्न सेक्टरों के नालियों की सफाई, कूड़ा-कचड़ा का उठाव एवं सड़क किनारे झाड़ियों की साफ-सफाई की गई है। आगे भी यह प्रक्रिया जारी रहेगी।

## धनबाद जिला आयुष समिति ने किया योग कार्यक्रम का आयोजन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला आयुष समिति ने कोयला नगर स्थित नेहरू कॉम्प्लेक्स में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान वहाँ मौजूद सभी लोगों ने अर्ध चन्द्रासन, भुजंग आसन,पद्मासन, वज्रासन, सिद्धासन, मत्स्यासन, वक्रासन, गोमुखासन, पश्चिमोत्तनासन, ब्राह्म मुद्रा, उष्ट्रासन, सहित कई अन्य आसान किए। इस अवसर पर सांसद धनबाद ढुलू महतो ने कहा कि योग एक प्राचीन भारतीय पद्धति है। जिसमें शरीर, मन और आत्मा को एक साथ लाया जाता है। योग के माध्यम से शरीर, मन और मस्तिष्क को पूर्ण रूप से स्वस्थ किया जा सकता है। वहीं विधायक धनबाद राज सिन्हा ने कहा कि योग के द्वारा सिर्फ बीमारियों का उपचार नहीं किया जाता है, परंतु इसे अपनाकर कई शारीरिक और मानसिक कमियों को भी दूर किया जा सकता है। योग हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाकर जीवन में नई-ऊर्जा का संचार करता है। कार्यक्रम से पूर्व सभी ने प्रधानमंत्री का लाइव संबोधन देखा। वहीं कार्यक्रम के समापन के बाद "एक पेड़ मां के नाम" के तहत माननीय सांसद, माननीय विधायक सहित अन्य गणमान्य लोगों ने नेहरु कॉम्प्लेक्स में पौधा रोपण किया। मौके पर सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव,



ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, सिविल सर्जन डॉ चंद्र भानु प्रतापन, डीएसपी नौशाद आलम, सुमित कुमार, अरविन्द कुमार सिंह, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक समीरन दत्ता, निदेशक तकनिकी (संचालन) संजय कुमार सिंह, निदेशक (एचओडी) एम.के. रमैया, जिला आयुष पदाधिकारी डॉ कुमकुम, आयुर्वेदिक चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अमरेंद्र पाठक सहित बड़ी संख्या में लोगों ने योगा के विभिन्न आसन किए।वहीं भुली अंतराष्ट्रीय योग दिवस के 11वीं वर्षगाँठ के उपलक्ष्य पर आज भुली योग केंद्र बुधनी हटिया धनबाद में सभी योगी भाई-बहनों द्वारा योग करके एक दूसरों को स्वास्थ लाभ की बधाई दी गई। मुख्य अतिथि के रूप में तकनीकी सहायक केंद्रीय संचार ब्यूरो सूचना एवम प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार धनबाद के राज किशोर पासवान को अंगवस्त्र देकर स्वागत उपरांत योग शिक्षक विजय कुमार रजक और रामेश्वर कुमार द्वारा योगाभ्यास भारत सरकार के प्रोटोकॉल के अनुरूप करवाया गया । इस पावन स्वस्थ योग दिवस पर समाजसेवी सह राजनीति के युवासथियों में लालन मिश्रा , इन्द्रकांत झा ,सतेंद्र ओझा, महेश सिंह, ओम प्रकाश झा, हीरालाल प्रधान, बबलू सिंह, सोमेश उर्फ गामा भईया, दीपक महतो आदि को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। विशेष रूप से योग केंद्र में बेहतर सेवा प्रदान के लिए आदरणीय विजय श्रीवास्तव को पतांजलि योग समिति, डॉ बालेश्वर प्रसाद कुशवाहा को मानवाधिकार आयोग सहयोग समिति के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर और रंजीत कुमार बिल्लू को प्रदेश प्रभारी सोशल मीडिया प्रभारी युवा भारत का बनाये जाने पर उपहार स्वरूप अंगवस्त्र देकर उनका उत्साह बढ़ाया गया । मौके पर बिंदिया देवी ,गुरुचरण सिंह ,दीपक महतो राकेश बर्मा, हेमलता सिंह, वंदना गुप्ता, ज्ञानती कुशवाहा, क्रांति देवी, प्राची विश्वकर्मा, सरोज गुप्ता, सीमा देवी, ललिता देवी, भगवान दास गुप्ता, दिनेश पासवान, शैलेश सिंह, आर.एन सर, डोमेन नोनियाँ, पंकज सिंह (अध्यक्ष नव संकल्प मंच) और राजन कुमार श्रीवास्तव ने स्वस्थ लाभ प्राप्त किया ।

**स्वस्थ और खुशहाल बनने के लिए योग काफी असरदार : न्यायाधीश**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लोगों को योग के प्रति जागरूक बनाने के लिए धनबाद के तमाम न्यायिक पदाधिकारी, कोर्ट कर्मचारी, अधिवक्ताओं ने योग किया । सिविल कोर्ट में योग प्राणायाम का कार्यक्रम सुबह 7:00 बजे से शुरू हुआ जो 8:00 बजे तक चला इस दौरान योग शिक्षक ने योग के विभिन्न मुद्राओं को लोगों को बताया। स्वस्थ और खुशहाल बनने के लिए योग काफी असरदार योग भारतीय संस्कृति का अहम हिस्सा है जिसे सदियों से कई बीमारियों का उपचार करने के लिए किया जा रहा है। भारत के साथ ही आज पूरी दुनिया योग की ताकत को समझ गई है। योग हमारी संस्कृति और जड़ों से जुड़ा हुआ है. इसलिए स्वस्थ और खुशहाल बनने के लिए योग काफी असरदार होता है । उपरोक्त बातें शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी ने कही। मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय वीरेंद्र कुमार तिवारी, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला ,अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पी एस घोष, अवर न्यायाधीश राजीव कुमार सिंह, शमा रोशनी कुलू, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अभिजीत पाण्डेय, समेत सभी न्यायिक पदाधिकारीयों ने योगासन किया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK